पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद, गुरुवार, 18 जनवरी 2024

वर्ष 4, अंक 299, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई 16

इंशाअल्लाह में शाहरुख खान की एंट्री 15

## हवा में उड़ रहे जहाज के शौचालय में फंसा यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ टिकट के पैसे वापस करेगी स्पाइस जेट एयरलाइंस

स्पाइसजेट का एक यात्री दरवाजे का लॉक खराब होने के कारण विमान के शौचालय में करीब एक घंटे तक फंसा रहा। घटना के समय विमान हवा में था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रही उड़ान में हुई और एयरलाइन यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच कर रहा है।

एयरलाइन ने यात्री को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। विमान के बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और तब जाकर यात्री बाहर आ पाया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, '16 जनवरी को मुंबई से बेंगलुरु जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में दरवाजे के लॉक में खराबी के कारण एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा। यात्री को टिकट का पूरा पैसा वापस किया जा रहा है।'

### भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामसेवकपुरम से जन्मभूमि में लाया गया विग्रह

## मंदिर पहुंचे रामलला, आज सिंहासन पर होंगे विराजमान

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचारः** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार रात रामलला का नूतन विग्रह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंच गया, जिसे गुरुवार को गर्भगृह में सिंहासन पर स्थापित कराया जाएगा। रामसेवकपुरम से बंद डीसीएम में विग्रह को रखकर राम जन्मभूमि परिसर के गेट नंबर दो से प्रवेश कराया गया। मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गई 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है। दो टन वजन वाली प्रतिमा फिलहाल अभी ढकी हुई है।

रामसेवकपुरम से पहले विवेक सृष्टि से प्रतिमा लेकर बुधवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच निकला डीसीएम धर्म पथ, रामपथ और भक्ति पथ से होता हुआ हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचा। इसके बाद दशरथ महल के रास्ते रंगमहल से होते हुए जन्मभूमि परिसर के गेट पर पहुंचा। जगह-जगह पर श्रद्धालु स्वागत में जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सहित वैदिक आचार्य की टीम शामिल रही। इस दौरान सुरक्षा के लिए एटीएस, पीएससी, सिविल पुलिस के साथ बख्तर बंद वाहन भी शामिल रहे। विग्रह के परिसर में पहुंचने से पहले ड्रोन से निगरानी कराई गई और जिन-जिन मार्गों से होकर विग्रह गुजरा, उनको पूरी तरह खाली करा दिया गया।

**हवन मंडप में स्थापित होगा जल :** यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि दूसरे दिन की पूजा संपन्न हुई। मां सरयू की पूजा-अर्चना की गई। कलश की पूजा अर्चना हुई है। अनुष्ठान संपन्न करा रहे काशी के विद्वान जय कृष्ण दीक्षित ने बताया कि अनुष्ठान में कलश यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन सुरक्षा कारणों और राम भक्तों की सुविधा को देखते हुए यह आयोजन भव्य रूप से न होकर सूक्ष्म किया गया। कलश पूजन और मां सरयू के पूजन के साथ यह जल ले जाकर हवन मंडप में स्थापित किया जाएगा। 18 जनवरी से आगे के सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

### रजत प्रतिमा को कराया भ्रमण, सिंहासन पूजा भी हुई

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रीराम की रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कराया। काशी से आई विद्वत मंडली के सदस्य वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए साथ चलते रहे। इस दौरान रजत प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई। पूरे परिसर में जगह-जगह पर सुंदर सजावट भी की गई थी। गर्भगृह में सिंहासन पूजन भी किया गया।



### कलश लेकर पहुंचे मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा

महोत्सव के अंतर्गत चल रहे अनुष्ठान में दूसरे दिन बुधवार को सबसे पहले ट्रस्ट के सदस्य और मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने अपनी पत्नी के साथ सरयू तट के किनारे मां सरयू का पूजन-अर्चन किया। उसके बाद कलश लेकर अनिल मिश्रा सभी वैदिक विद्वानों के साथ राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे।

### एक नजर

#### ईडी अधिकारियों पर हमलों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 5 जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर के सामने ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। ईडी अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर उस समय हमला किया गया, जब वे पश्चिम बंगाल में राशन घोटाले मामले में छापा मारने गए थे। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने एसआईटी द्वारा जांच करने का आदेश दिया, जिसमें सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस शामिल है।

#### सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का लाइसेंस निरस्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है। इससे पहले एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिनों के लिए निलंबित किया गया था। फिर निलंबन को और 180 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया।

#### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बुधवार को ईडी ने धनशोधन मामले में पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत हुड्डा का बयान दर्ज किया। वह छह घंटे से अधिक समय तक मध्य दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में रहे। यह पूछताछ गुरुग्राम में एक कथित भूमि घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच से संबंधित थी, जिसमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) शामिल था। इससे पहले ईडी ने 2004-07 के दौरान गुरुग्राम के मानेसर में भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के अन्य मामले में और फिर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रवर्तित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ एक मामले में उनसे पूछताछ की थी।

## सच यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं: योगी

### मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर विपक्षी दलों के आरोपों को किया सिरे से खारिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का श्रेय लेने के प्रयास के विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह संन्यासी हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा। इस प्रतिक्रिया के साथ योगी ने तर्क भी दिया कि अगर वह मुख्यमंत्री नहीं होते तो भी राम मंदिर आंदोलन में जुड़े होते और सबसे पीछे की कुर्सी पर बैठकर भी गौरवान्वित होते। यह समय श्रेय लेने का नहीं है, राम तो हमारे परम पिता परमेश्वर हैं।

राजधानी के एक होटल में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, सपा समेत सभी दलों को मिला है। उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वे राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है। राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। सच तो यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनके गुरुदेव राम मंदिर के आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में से एक थे। उस कालखंड में भी उनके मन में इस आंदोलन का नेतृत्व था और गोरखपीठ उनके साथ थी।



### गुरु, आरएसएस और विहिप के नेतृत्व में आंदोलन आगे बढ़ा

योगी के मुताबिक, उनके गुरु, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ये आंदोलन आगे बढ़ा था। अब रामलला प्रकट हो रहे हैं, इससे ज्यादा उत्साह की बात और क्या हो सकती है। योगी ने कहा, हम लोग रामभक्त और राम के सेवक के रूप में मंदिर में मौजूद रहेंगे। हमें सौभाग्य मिला है कि हम रामकाज में सहभागी बन गए हैं। जिस काम को दर्जनों पीढ़ियां नहीं देख पाईं, वो समय 500 साल बाद आया है।

▸▸ योगी बोले- मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा

### मोदी सरकार के बिना असंभव था राम मंदिर का निर्माण

राम मंदिर के लिए तीन लाख से ज्यादा लोग शहीद हुए और 76 से ज्यादा बार संघर्ष हुआ। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग गोरखपीठ आते रहते थे। मेरे गुरु और दादा गुरु इस आंदोलन में शामिल रहे। अब मैं इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनूंगा, ये मेरा सौभाग्य है। अगर केंद्र में मोदी सरकार नहीं होती तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य असंभव था। हम सब उस अभियान के हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य पार्टियों के चरित्र को जनता जानती है।

### खुलासा — एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान

## डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवक्ता एक, संस्थान दो, जुगाड़ के बल पर दोनों जगहों से वेतनमान लेते रहे। सरकारी सिस्टम का यह गजब खेल उस समय सामने आया, जब आरटीआई से मिले एक जवाब में शिक्षकों ने एक ही समयांतराल के दौरान उच्च और बेसिक शिक्षा दोनों विभागों में ही नौकरी कर डाली। बाकायदा लाखों रुपये वेतन दोनों जगहों से लिया। हड़कंप तब मचा, जब एक शिकायतकर्ता आरटीआई सहित अन्य साक्ष्यों से जुड़े दस्तावेज लेकर खुद संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंच गया।

सपा सरकार में हुए इस मामले को देखते हुए सभापति ने उच्च शिक्षा निदेशक को जांच के आदेश दिए। इस मामले में निदेशक द्वारा टीम गठित की गई। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर दोनों जिलों मैनपुरी और कानपुर के बीएसए से आख्या मांगी गई है।

मामला वर्ष 2006-2014 के बीच नौ बीएड कॉलेजों (स्ववित्त पोषित) से जुड़ा हुआ है। तत्कालीन सपा सरकार द्वारा शिक्षक हित का हवाला देते हुए बीएड पाठ्यक्रम में कार्यरत अर्ह प्रवक्ताओं को वेतन संदाय खाते से भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ हमीरपुर के बीएड प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी ने आरटीआई डाली। जब उत्तर मिला तो घालमेल साफ नजर आया। शासकीय नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो पदों पर कार्य करते हुए दोनों विभागों से वेतन नहीं प्राप्त कर सकता है, लेकिन 14 प्रवक्ताओं पर उंगली उठी। इसी को लेकर बीते दिन प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी व उनके साथी संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा से मिले। आरटीआई व अन्य माध्यमों का हवाला दिया। तूल पकड़ते प्रकरण में उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मदेव ने जांच कमेटी गठित की।

### इस तरह हुआ सरकारी खजाने का दुरुपयोग

शिकायत के बाद सपा कार्यकाल की नियुक्ति और उससे जुड़ा मैनपुरी जनपद फिलहाल चर्चा में है। आरोप है कि डॉ. विकास मिश्रा की बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति वर्ष 2003 में मैनपुरी जनपद में हुई थी। शिकायतकर्ता द्वारा प्राप्त की गई आरटीआई और ई सर्विस बुक (मानव संपदा) के रिकार्डों और आरोपों को मानें तो 1 मई वर्ष 2014 से 31 अगस्त 2014 तक डॉ. विकास द्वारा वेतन एरियर के रूप में प्राप्त किया गया। वहीं इन्हीं के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग मैनपुरी से 1 मई 2014 से 31 अगस्त 2014 का भी वेतन लिया गया। ऐसे में सरकारी खजाने से उच्च शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के कोष से अकेले लगभग 10 लाख की धनराशि का आहरण हुआ। कुछ इसी तरह के आरोप डॉ. अभिनव सिंह पर लगे हैं। इनकी नियुक्ति कानपुर नगर के एक प्राइमरी विद्यालय में हुई थी। इसी अवधि में दो विभागों के कोषों से धन आहरण होने का दावा किया गया है।



सलिल तिवारी
शिकायतकर्ता

▸▸ संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंचा मामला

## आईएसआईएस आतंकी फैजान को एटीएस ने अलीगढ़ से दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25 हजार का था इनाम, अलीगढ़ मुस्लिम विवि से कर रहा था एमएसडब्ल्यू

**अमृत विचारः** आईएसआईएस के फरार आतंकी फैजान बख्तेयार को यूपी एटीएस ने बुधवार को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एटीएस उसे रिमांड पर लेकर उसके बारे में व पूर्व में गिरफ्तार साथियों के अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी हासिल करेगी। अब्दुल्ला अर्सलान, माज बिन तारिक और वजीहुद्दीन समेत अब तक कुल आठ को एटीएस गिरफ्तार कर चुकी है। 25 हजार का इनामी अब्दुल समद मलिक ने बीते दिनों अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।



प्रयागराज के मूल निवासी फैजान बख्तेयार अलीगढ़ के वीएम (वकार उल मुल्क) हॉल, रूम नंबर एम 9 में रहता था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू (मास्टर इन सोशल वर्क) कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, फैजान ने पूछताछ में बताया कि उसने प्रयागराज के रहने वाले रिजवान अशरफ से आईएसआईएस की शपथ ली थी। पूर्व में गिरफ्तार अपने साथियों के साथ मिलकर वह अलीगढ़ में आईएसआईएस का मॉड्यूल तैयार कर अन्य लोगों को भी इसमें जोड़ रहा था। एटीएस के अनुसार अलीगढ़ आईएसआईएस मॉड्यूल का नेटवर्क कई जनपदों में फैला हुआ था। ये सभी कोई बड़ी आतंकी घटना करने की फिराक में थे। आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल के ध्वस्त होने के बाद से फैजान छिपकर रह रहा था।

## आयुष्मान भारत योजना में बीमा कवर होगा दोगुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार अपनी महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा कवर को दोगुना कर 10 लाख रुपये करने के प्रस्ताव पर काम कर रही है। इससे कैंसर और अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे इलाज में मरीजों की अधिक मदद की जा सकेगी।

सूत्रों ने बताया कि इसकी घोषणा 1 फरवरी को अंतरिम बजट भाषण में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वालों, निर्माण कामगारों और आशा कार्यकर्ताओं को अगले तीन साल में जोड़कर लाभार्थियों की संख्या 100 करोड़ करने की योजना बना रहा है।

## सेंसेक्स में 18 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई, एजेंसी

### शेयर बाजार धराशायी

▸▸ 1,628 अंक लुढ़का, निफ्टी भी 21,600 से नीचे आया



लगातार रिकॉर्ड छलांग लगा रहा शेयर बाजार बुधवार को बड़ा गोता लगाकर धराशायी हो गया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी दो-दो प्रतिशत से ज्यादा फिसले। भारी बिकवाली के बीच सेंसेक्स 1,628.01 अंकों यानी 2.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,500.76 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 473.35 अंकों यानी 2.15 प्रतिशत प्रतिशत फिसलकर 21,558.95 के लेवल पर बंद हुआ। इस दौरान बाजार में बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी।

प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में यह प्रतिशत के संदर्भ में 13 जून, 2022 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। हाल में शेयर बाजार में तेजी के बाद यह भारी गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को अब तक के उच्चतम स्तर 73,427.59 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 22,124.15 अंक तक चला गया था।

सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक आठ प्रतिशत से अधिक नीचे आ गया। तिमाही परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया है। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से अधिक नीचे आ गया। एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को वित्तीय परिणाम जारी किया। इसके अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2.65 प्रतिशत बढ़कर 17,258 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछली सितंबर तिमाही में उसे 16,811 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था।

### निवेशकों को एक दिन में 4.59 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच बुधवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों को 4.59 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,59,327.64 करोड़ रुपये घटकर 3,70,35,933.18 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में दो दिनों की गिरावट में निवेशकों की संपत्ति 5,73,576.83 करोड़ रुपये घट गई है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक कमांडो शहीद

इंफाल, एजेंसी

▸▸ उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलीकॉप्टर मांगे

मणिपुर के तेंगनोउपल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के एक वाहन पर बुधवार को हमला कर दिया, जिसमें राज्य पुलिस का एक कमांडो शहीद हो गया। पुलिस ने बताया कि शहीद की पहचान मोरेह में राज्य पुलिस कमांडो के रूप में तैनात भारतीय रिजर्व बटालियन के जवान वांगखेम सोमोरजीत के रूप में की गई है। सोमोरजीत इंफाल वेस्ट जिले के मालोम के रहने वाले थे।

इस बीच मणिपुर सरकार ने मोरेह में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर आपातकालीन जरूरतों को देखते हुए गृह मंत्रालय से हेलीकॉप्टर की मांग की है। मणिपुर सरकार ने गृह मंत्रालय से कम से कम सात दिनों के लिए हेलीकॉप्टर मांगे हैं। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों की बुधवार सुबह मोरेह शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। उसने बताया कि उग्रवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षा बलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## महुआ को सरकारी बंगला तत्काल खाली करने का आदेश

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने का आदेश दिया गया है। निष्कासन के बाद संपत्ति निदेशालय की ओर से उन्हें तीसरी बार सरकारी घर छोड़ने को कहा गया है। मोइत्रा को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है।

एक सूत्र ने कहा, 'चूंकि मोइत्रा को मंगलवार को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया तो अब सपंत्ति निदेशालय के अधिकारियों की एक टीम यह सुनिश्चित करने के लिए भेजी जाएगी कि सरकारी बंगला जल्द से जल्द खाली हो जाए।' महुआ को पिछले साल 8 दिसंबर को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

### गौरव के क्षण — उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने खंडहर बन चुकी अयोध्या का पांच कोस में किया था पुनरुद्धार, बनवाए थे 360 मंदिर

## विक्रमादित्य से 17 गुना अधिक क्षेत्र में सज रही नव्य अयोध्या

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** महाराज विक्रमादित्य के शासनकाल (57 ईसापूर्व-19ई) के बाद से अब सत्रह गुना अधिक क्षेत्र में सज रही मूल अयोध्या, नव्य अयोध्या और 84 कोसी आध्यात्मिक क्षेत्र के रामायणकालीन सवा तीन सौ स्थलों और ऋषि-मुनियों के आश्रम पूरे विश्व को आधुनिक भारत की सांस्कृतिक राजधानी का संदेश दे रहे हैं। ऐसे अवसर पर अयोध्यावासी त्रेतायुग के बाद फिर असीम काल तक होने वाले गौरव की अनुभूति से आह्लादित और भविष्य की जिम्मेदारी भी समझ रहे हैं।



एक समय था, जब खंडहर बन चुकी त्रेतायुग की अयोध्या को उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सहित पांच कोस में 360 मंदिरों का पुनरुद्धार करके जीवंत किया। पांच सौ साल के संघर्ष व प्रतीक्षा के बाद आज से ठीक पांचवें दिन श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य मंदिर में रामलला विराजेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साधना से अयोध्या में चल रहे विकास के महायज्ञ को देख पूरा विश्व चौंधियाया हुआ है। अब मूल अयोध्या की पौराणिकता सजाने के लिए रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि से दो किलोमीटर की परिधि में पौने दो सौ जर्जर होकर ढह रहे पौराणिक स्थलों के पुनरुद्धार का जिम्मा केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय समेत प्रदेश के संबंधित विभाग के पास है।

ठुमुक-ठुमुक प्रभु चलई पराई.. की मनोहारी अनुभूति कराने वाले दशरथ महल को करीब तीन करोड़ रुपये खर्च करके सजाया जा रहा है। 40 हजार करोड़ की योजनाओं में पौराणिक नामों से फोर लेन पथ, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, नगर व उपनगर सज रहे हैं।

### श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद में आएगा 138 गुना क्षेत्र

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। इसके गठन से विकास की असीम संभावनाओं के केंद्र में अयोध्या विकास प्राधिकरण की 6325.24 हेक्टेयर में बसी कुल 3 लाख 31 हजार 162 की आबादी को बढ़ाकर अब 87 हजार 261 हेक्टेयर में बसी 8 लाख 73 हजार 373 आबादी को जोड़ा जा रहा है। यह प्रस्ताव पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण के विस्तार का था, लेकिन तीन जिले की कई कानूनी अड़चनों से अब तीर्थ विकास परिषद के जरिए समन्वित कार्य होगा। इससे सरयू के दोनों तट का सीमाई विस्तार होगा।

### अयोध्या से जुड़ेगी स्वामीनारायण की जन्मस्थली

गुजरात में सर्वाधिक पूजनीय भगवान स्वामीनारायण की जन्मस्थली अयोध्या से करीब 40 किमी दूर गोंडा जिले के छपिया में है। अयोध्या उनकी रमण भूमि रही है। गुजरात के श्रद्धालु पहले अयोध्या आकर सरयू स्नान और दर्शन-पूजन करते हैं। फिर स्वामीनारायण का दर्शन पूर्ण माना जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए गोंडा के नवाबगंज नगरपालिका समेत 62 गांवों को तीर्थ विकास परिषद में शामिल करके छपिया से अयोध्या तक कारीडोर बनाने के साथ भक्तों की सुख सुविधाएं और रिहायशी कालोनियां विकसित करने की योजना है। यहां उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी निवेश की इच्छा जता चुके हैं।

### एक नजर

## छात्रों ने जयंती पर बनाई गुरु गोविंद सिंह की पेंटिंग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चित्रगुप्त इंटर कालेज में कक्षा 10 के छात्र सिद्धार्थ कुमार और 12वीं के छात्र मनजीत सिंह ने शिक्षक नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में गुरु गोविंद सिंह महाराज की जीवंत पेंटिंग बनाई। उन्होंने गुलाबबाड़ी स्थित गुरुद्वारा निर्मल आश्रम में चल रहे गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व में पहुंचकर पेंटिंग गुरुद्वारे को भेंट की। महंत गुरविंदर सिंह ने छात्रों को शॉल पहनाकर एवं सरोपा भेंट कर प्रोत्साहित किया।

## राहगीरों को बांटी चाय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों एवं राहगीरों को चाय पिलाकर ठंड से राहत दिलाई। फोरम के सदस्य अभियान चलाकर जेल, अस्पताल, रोडवेज, कचहरी परिसर में लोगों को चाय का वितरण कर रहा है। बुधवार को भी रेलवे स्टेशन पर चाय का वितरण किया गया। इसमें डा. अलाउद्दीन, अयाज असलम, जवेद अनवर, नौशाद, जावेद अशरफ, शमीम उद्दीन का सहयोग रहा।

# डीआरएम ने विकास कार्यों यात्री सुविधाओं की जांच की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» नगीना, धामपुर एवं हरिद्वार रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने नगीना, धामपुर एवं हरिद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों की मदद से स्टेशनों के विकास कार्य, यात्री सुविधा और विभाग की आय के संसाधनों की छानबीन कराई।

डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगीना एवं धामपुर स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगीना रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1, 2 एवं 3 पर पुनर्निर्माण की भौतिक स्थिति की जानकारी ली। धामपुर रेलवे स्टेशन बिल्डिंग का पुनर्निर्माण कार्य देखा। नगीना एवं धामपुर रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों से दो टूक कहा कि निर्माण और सेवा विस्तार में गुणवत्ता को लेकर विभाग कोई समझौता नहीं करेगा। विभाग के अधिकारी और निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार इस बात को ठीक से समझ लें। रेल प्रबंधक ने उच्च गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उधर, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) ने हरिद्वार स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। यहां द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, डोरमेट्री, रिटायरिंग रूम, सर्कुलेटिंग एरिया, एसी लाउंज, वाशिंग लाइन, प्लेटफार्म, एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल तथा खान-पान स्टालों का निरीक्षण किया। संरक्षा अभियान के तहत पार्सल कार्यालय का निरीक्षण हुआ। निरीक्षण में एडीआरएम (परिचालन) राकेश सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) सुधीर सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) ऋचा शर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) सचिन कुमार, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अमित शर्मा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### अमृतसर से आए रागी जत्थों ने किया शबद-कीर्तन, गुरुद्वारा में आयोजित लंगर में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

# महानगर में गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर रहा उल्लास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» सिख समाज के लोगों ने सुबह गुरुद्वारे में जाकर अरदास लगाई

» जत्थे ने कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा सिख संगत चंद्र नगर में बुधवार को गुरु गोविंद सिंह जयंती के मौके पर उल्लास रहा। इस मौके पर सिख समाज के लोगों ने सुबह गुरुद्वारे में जाकर अरदास लगाई। पूरे दिन गुरुद्वारे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। अमृतसर से आए जत्थे ने शबद-कीर्तन करके संगत को निहाल किया तो दोपहर में लोगों ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुद्वारे में सुबह से ही रौनक रही। सभी ने जयंती पर गुरु गोविंद सिंह को याद किया। दरबार साहब अमृतसर और खन्ना पंजाब से आए जत्थे ने कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। आकर्षक ढंग से गुरुद्वारे को सजाया गया है।



ताड़ीखाना स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुवाणी गाते रागी जत्थे के सदस्य। ● अमृत विचार

वहीं अमृतसर से आए जत्थे ने माहौल में भक्तिमय कर दिया। दोपहर को लंगर शुरू हो गया। लंगर में प्रसाद बांटने के लिए बच्चे, महिलाएं व पुरुषों में सेवाभाव की होड़ लगी रही।

बताया कि सिखों के लिए पांच चीजें बाल, कड़ा, कच्छा, कृपाण और कंघा धारण करने का आदेश गुरु गोविंद सिंह जी ने ही दिया। इन चीजों को 'पांच ककार' कहा जाता है, जिन्हें धारण करना सभी सिखों के लिए अनिवार्य होता है। बताया कि गुरु गोविंद सिंह एक महान योद्धा होने के साथ कई भाषाओं के जानकार और विद्वान महापुरुष थे। इन्हें पंजाबी, फारसी, अरबी, संस्कृत और उर्दू समेत कई भाषाओं की अच्छी जानकारी थी।

सिख धर्म में कुल 10 गुरु हुए। गुरु गोबिंद सिंह जी सिखों के दसवें और आखिरी गुरु थे। इनके बाद ही गुरु ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च गुरु का दर्जा दिया गया था। इस मौके पर यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त करने में सिख समाज के लोग जुटे रहे। लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए लोगों ने व्यवस्था बनाई। वहीं पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा के लिए तैनात रहा। इस मौके पर हरभजन सिंह, गुरमीत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्लब के सदस्यों ने बताईं मेकअप की बारीकियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ब्यूटीफुल लेडिज क्लब की सदस्यों ने कांठ रोड स्थित होटल में त्वचा संबंधी विषय पर अपनी बातें रखी। क्लब की अध्यक्ष डॉ.निधि ठाकुर ने संगठन की सदस्यों को हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने व उसके फायदे की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन क्लब की सचिव डा.स्मिता अग्रवाल ने किया। शुरुआत डॉ.गरिमा, डॉ.सुरभि ने मेधा तंबोला से की। क्लब की संस्थापक अध्यक्ष डा.बबिता गुप्ता ने सभी का अभिवादन किया। डा.रिचा गर्ग ने बालों के झड़ने का प्रभावशाली इलाज बताया। डा.विमिता अग्रवाल ने फेशियल को कारगर बताया। डा.शिल्पा अग्रवाल ने चेहरे के दाग, मुंहासे हटाने, त्वचा को स्वस्थ दिखाने के टिप्स दिए। डा.सुदीप कौर ने अपनी बात रखी। मेकओवर का प्रदर्शन क्लब की सदस्य डा.स्वाति सैमी ने करके दिखाया। मेकअप की बारीकियां, त्वचा सुरक्षा व सही उत्पाद के चयन के बारे में सदस्यों को सुझाव दिए। नेहा ने लुक्स की तकनीक के साथ साझा किया। इस अवसर पर डा.अनिता रस्तोगी, डा.मधुलिका डा.प्रीति,भारती, अंजू, रश्मि, रीतू, डा.श्रुति, शिवानी, सीता, विदुषी प्रमुख रूप से मौजूद रही।

# बर्फीली तेज हवा से बढ़ी गलन, ठिठुरे लोग

### सुबह से शाम तक रहा कोहरा, रेंगते रहे वाहन, पूरे दिन नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» शीतलहर से बचने को चौक-चौराहों और सड़कों के किनारे अलाव जलाकर तापते रहे लोग

» मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं, कुछ दिन और छाया रहेगा कोहरा

**अमृत विचार:** कोहरे के बीच बढ़ी गलन ने लोगों के हाड़ कांप दिए हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ठंड ने इस बार पिछले कई साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बुधवार को अधिकतम तापमान गिरकर 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं पूरे दिन कोहरा छाया रहा। जिसके चलते सूर्यदेव के भी दर्शन नहीं हुए। शाम होते ही कोहरे व गलन से ठिठुरन बढ़ गई। लोग अलाव सेंकते नजर आए।

साल के पहले महीने की शुरुआत कड़ाके की ठंड से हुई है। लगातार कई दिन से कोहरे व सर्द हवाओं के चलते गलन बढ़ी है। जिसके चलते लोग ठिठुर गए हैं। वहीं दिन का तापमान भी लगातार गिर रहा है। बुधवार को सुबह से ही शीतलहर ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। शाम तक शहरवासी हाड़ कंपा देने वाली सर्दी की मार झेलते रहे। लोगों को दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। वहीं जैसे-जैसे दिन ढलता रहा हाईवे पर कोहरे की चादर भी बिछ गई।




दोपहर में ठंड से बचते हुए कुछ इस तरह से जाते दोपहिया वाहन चालक। ● अमृत विचार

हालांकि शहर में वाहनों के आवागमन से कोहरे का असर हल्का दिखाई दिया। लेकिन इसके साथ ही गलन में भी बढ़ोतरी हो गई। ऐसे मौसम में सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। उन्हें दिन में भी वाहनों की लाइट जलाकर रेंगते हुए चलाना पड़ रहा है। वहीं सर्दी के चलते लोग घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में रौनक कम रही। जरूरतमंद लोग ही बाहर निकले। वहीं सर्दी का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। यहां भी किसानों ने पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए पुआल व अलाव का प्रबंध किया। बुधवार को अधिकतम तापमान 14 और न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता 90 फीसदी और हवा की गति 3 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच रही। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक डॉ. आर के सिंह का कहना है कि अभी ठंड से राहत नहीं मिलेगी। कहीं घना कोहरा तो कहीं मध्यम कोहरा छाया रहेगा। पश्चिम विक्षोभ के चलते तापमान में उतार चढ़ाव बना रहेगा। शीतलहर और गलन बढ़ेगी।

# भीषण कोहरे की वजह से डेढ़ घंटा देरी से पहुंची सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण ठंड और कोहरे में सुपरफास्ट, विशेष, साप्ताहिक और क्लोन ट्रेनों का विलंब से चलने का क्रम बदस्तूर जारी है। जम्मू से चलने वाली कानपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस सुबह 10 बजे तक 13 घंटे 49 मिनट के देर से चल रही थी। आश्चर्य तो यह कि आनंद विहार से चलने वाली सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1:30 घंटा देरी से पहुंची। यह ट्रेन मुरादाबाद के बाद सीधे लखनऊ रुकती है।

मुरादाबाद से सहारनपुर जाने वाली मेमू सुबह 1 घंटे 50 मिनट विलंब से रवाना हो पाई। गरीब नवाज के यात्रियों को दोपहर तक 2 घंटे 40 मिनट तक ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। कोलकाता को जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस 2 घंटे 19 मिनट विलंब से पहुंची। डाउन दिशा की लिंक एक्सप्रेस 5 घंटे 54 मिनट की देरी से रवाना की जा सकी। भागलपुर से आने वाली अमरनाथ एक्सप्रेस 4 घंटे 15 मिनट देरी से पहुंची। अवध-असम 3 घंटे 22 मिनट, गरीब रथ 2 घंटे 20 मिनट और न्यू जलपाईगुड़ी क्लोन एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट विलंबित रही। जम्मू से वाराणसी के बीच चलने वाली बेगमपुरा सुपरफास्ट 3:47 घंटा देरी से पहुंची। वीआईपी हमसफर एक्सप्रेस के यात्रियों को 1:13 घंटा प्रतीक्षा करनी पड़ी। जलियावाला बाग से चलकर टाटानगर जाने वाली जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 4:02 घंटे देर से चल रही है। देहरादून से हावड़ा को जाने वाली दून एक्सप्रेस के 3:40 मिनट देर से चलने की सूचना है। उधर, दोपहर बाद और शाम तक डाउन दिशा की ओर जाने वाली कई ट्रेनें समय से पहुंचीं। काठगोदाम जनशताब्दी, इंटरसिटी के समय से चलने से यात्रियों को इंतजार नहीं करना पड़ा।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

» लिंक 5 घंटे 54 मिनट और अमरनाथ एक्सप्रेस 4 घंटे 15 मिनट देरी से पहुंची

» जनशताब्दी और इंटरसिटी के यात्रियों को नहीं करना पड़ा ट्रेन का इंतजार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अयोध्या के रामन्दिर परिसर में कांग्रेस के झंडे व ध्वजवाहक के साथ भाजपा नेताओं द्वारा की गई अभद्रता का विरोध कांग्रेस द्वारा गांधीगिरी से किया गया। कांग्रेसियों ने विरोध में कंपनीबाग स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष रामधुन गाकर उपवास रखा।

पार्टी के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को जिला व महानगर कांग्रेस के पदाधिकारी कम्पनी बाग पहुंचे। यहां पर उपवास रखकर रामधुन रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीता-राम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान... गाते हुए गांधी प्रतिमा के समक्ष विरोध जताया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि भाजपा व संघ को कांग्रेस की राम के प्रति श्रद्धा रास नहीं आ रही। राम पर अपना एकाधिकार दिखाने की कुचेष्टा में वे हिंसा पर उतारू हैं। 15 जनवरी को राम मंदिर परिसर अयोध्या में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गए थे। असद मौलाई ने भाजपा की हिंसा का जवाब कांग्रेस द्वारा अहिंसा से दिए जाने की बात कही। इस दौरान पीसीसी सदस्य अनूप दुबे, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अफजल साबरी,असद मौलाई, आनंद मोहन गुप्ता, अनुभव मेहरोत्रा, अमीरुल हसन जाफरी, मो. असलम, श्यामसरण, विवेक गुप्ता, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, श्यामसरण, श्याम बाबू वाल्मीकि, तारिक रियाज, मोहतशीम, दानिश कुरैशी, मोहसिन रईस खां, अनुराग शर्मा, मंगलसेन, कामिल, शिवराज गुर्जर, सतीश दिवाकर मौजूद रहे।



कंपनी बाग में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे रामधुन गाकर विरोध जताते कांग्रेसी।

## 20 से आरटीई के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों के मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू होगी। चार चरणों में यह प्रक्रिया सात जुलाई तक चलेगी। इसमें हर ब्लाक में नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

शासन ने निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया जाए। एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक ऐसे अभिभावकों की मदद करेंगे जो ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि नोडल अधिकारी आवेदन से लेकर निजी स्कूलों में प्रवेश कराने तक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# स्टेशन पर जीआरपी ने जांची सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अयोध्या में 22 जनवरी के आयोजन और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा जांची गयी। रेलवे पुलिस ने सिविल पुलिस के साथ स्टेशन क्षेत्र में गश्त की। रेलवे पुलिस ने स्वान दल घुमाकर ट्रेन, प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म आदि की सतर्कता के साथ पड़ताल की।

पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ल की उपस्थिति में डॉग स्क्वायड और थाना पुलिस ने शताब्दी, सुपरफास्ट सप्तक्रांति और इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच में संदिग्ध यात्रियों की जांच की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह रूटीन जांच है। संवदेनशील स्थितियों के मद्देनजर यात्री, सामान, ट्रेन और स्टेशन परिसर की जांच कराई गयी। सिविल पुलिस के साथ समन्वय बनाकर 22 जनवरी के आयोजनों पर सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी रेलवे पुलिस व क्षेत्राधिकारी कोतवाली, चौकी प्रभारी बुध बाजार, रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को सतर्क किया गया है। देर शाम तक आरपीएफ व डाग स्क्वाड के साथ सुरक्षा बलों के जवानों ने प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग हाल का निरीक्षण किया।



स्टेशन पर चेकिंग करते एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ल। ● अमृत विचार

## मछली के भाव को लेकर ग्राहक पर दरांती से हमला

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** बाजार में मछली का मोलभाव करने को लेकर ग्राहक एवं दुकानदार में कहासुनी के बाद गाली-गलौज हो गई। इसी बीच दुकानदार ने ग्राहक के हाथ में दरांती मार दी। दुकानदार के हमले में ग्राहक लहूलुहान हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

नगर के बुध बाजार में मछली का बाजार भी लगता है। दोपहर में पाठ वाली मिलक निवासी शिवम मछली लेने पहुंचा। यहां दुकानदार ने मछली का भाव 600 रुपये किलो बताया। शिवम ने बताया कि मैंने 400 रुपये किलो का भाव लगाया। जिस पर दुकानदार गाली गलौज करने लगा। इसी बीच दुकानदार ने मछली काटने की दंराती से उस पर हमला कर दिया। दरांती के हमले में शिवम का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। पीड़ित ने दुकानदार कालू को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है।

## महानगर में कैंसर के इलाज की ओपीडी शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर में कैंसर मरीजों के लिए ओपीडी सेवा शुरू हो गई है। अब महीने के तीसरे बुधवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

दिल्ली से आईं कैंसर रोग विशेषज्ञ डा.मीनू वालिया ने परिचर्चा में इस रोग को लेकर विस्तार से बात की। जानकारी दी कि सर्वाइकल कैंसर से आठ से दस मिनट के भीतर एक महिला की मौत हो रही है। अब अगर यह रोग शुरू में ही पता चल जाए तो इसका इलाज संभव है। सिविल लाइंस स्थित अस्पताल में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ हैं। ओपीडी सेवा शुरू होने से यहां के मरीजों को प्राथमिक परामर्श व फॉलोअप के लिए दूसरे शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा।

### अनदेखी | डिप्टी गंज, टाउनहॉल, गुरहट्टी सहित अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण से चलना मुश्किल

# बुध बाजार छोड़ अन्य स्थलों के अतिक्रमण से किनारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुध बाजार को छोड़कर महानगर के अन्य बाजारों व सड़कों से अतिक्रमण न हटने से सुचारु यातायात प्रबंधन में अड़चन है। महानगर के डिप्टीगंज, टाउनहॉल, गुरहट्टी सहित अन्य जगहों पर अतिक्रमण से चलना मुश्किल है। दुकानों के आगे सामान रखकर फुटपाथ पर कब्जा करने से अक्सर जाम लगता है। लेकिन, निगम प्रशासन यहां उदासीन बना है।

मुरादाबाद स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों के चलते कई जगह सड़कों की खोदाई से आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं महानगर के पुराने बाजारों डिप्टी गंज, टाउनहॉल, गुरहट्टी पर अतिक्रमण नासूर बना है। दुकानों के आगे सामान रखकर फुटपाथ घेर लिया जाता है। वहीं इन क्षेत्रों में पार्किंग न होने से बाजार में आने वाले लोग अपने चार पहिया, दोपहिया वाहन सड़क के बीचोबीच या दुकानों के आसपास खड़ा करते हैं। जिससे थोड़ी ही देर में बाजार में लंबा जाम लग जाता है। टाउनहॉल में खुद नगर निगम का कार्यालय है फिर यहां सड़क की पटरियों पर सज रही दुकानों से मुख्य सड़क का आधा हिस्सा घिर जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। स्थायी दुकानों के बाहर सजे फुटपाथ पर सामान लगाकर बेचे जा रहे हैं। इससे महानगर में यातायात प्रबंधन को चुनौती मिलती है। पुलिस व यातायात कर्मी भी लंबा जाम लगने पर यह सोच नहीं पाते कि अब वाहनों को निकलने का रास्ता किस प्रकार बनाएं। हालांकि कई जगहों पर पुलिस पिकेट भी है फिर भी अतिक्रमण पर डंडा नहीं चलता। निगम प्रशासन व पुलिस की उदासीनता से जाम में फंसना लोगों की नियति बन गई है। इन बाजारों में ई रिक्शा की भरमार भी रहती है। इनकी आवाजाही नियंत्रित न होने से यातायात प्रबंधन को ठेंगा दिखाया जाता है। निगम प्रशासन का इन दिनों पूरा ध्यान केवल बुध बाजार क्षेत्र से ही अतिक्रमण हटाने पर है। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह का कहना है कि महानगर में जहां भी अतिक्रमण होगा उसे हटाया जाएगा।



टाउनहॉल पर सड़क पर दुकानें लगाकर बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार

## डबल्स में अवनीश रस्तोगी विजय की जोड़ी चैम्पियन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मध्य प्रदेश में आयोजित एमटी 200 टेनिस टूर्नामेंट में महानगर के अवनीश रस्तोगी व विजय की जोड़ी डबल्स वर्ग में चैम्पियन बनी। इससे महानगर के खिलाड़ियों में उत्साह है।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ की ओर से एमटी 200 टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसका आयोजन 12 से 17 जनवरी तक हुआ। इसमें अवनीश रस्तोगी ने प्ले टू क्लब छिंदवाड़ा में सिंगल्स में अमरावती के पुष्कर को पराजित करके क्वार्टर फाइनल में व राहुल चंद्र पुणे के खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं अवनीश ने डबल्स में बालाघाट की पिछले वर्ष की विजयी टीम कमलजीत और अमर निरवाने को पार्टनर विजय के साथ 6–1, 6–4 के स्कोर से पराजित कर डबल्स टाइटल अपने नाम किया।

# जिज्ञासा एकेडमी ने 22 यार्ड एकेडमी को 6 विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

» टीम के लिए देव आर्या ने 3 और अश्वनी ने 2 विकेट झटके, आर्या चुने गए मैन आफ द मैच

» देव आर्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**अमृत विचार:** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी लखनऊ ने 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी को एकतरफा मैच में 6 विकेट से मात दी। टीम के लिए देव आर्या ने 6 ओवर में कुल 20 रन देकर 3 विकेट झटके।

22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। लेकिन, उनका यह फैसला गलत साबित हुआ और टीम 20.1 ओवर में 82 रनों पर ढेर हो गई। टीम के लिए समर्थ ने सर्वाधिक 20 और फैज ने 19 रनों का योगदान दिया। वहीं जिज्ञासा टीम के लिए देव आर्या ने 3 और अश्वनी ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिज्ञासा टीम ने 9.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए विकास ने सर्वाधिक 29 और अयान ने 20 रन बनाए। वहीं 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी के लिए गेंदबाजी में तरुण ने 3 और कार्तिक ने एक विकेट लिया। देव आर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मिर्जा दानिश आलम, नवाज हाशमी, शरीफ, प्रतिक्षा, नासिर, यश शुक्ला मौजूद रहे।

## शहर में आज

- पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को अधिवक्ता प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दोपहर 1:00 बजे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को देखने के लिए भाजपाई गुलाबबाड़ी पुरानी चुंगी पर जुटेंगे दोपहर 12:00 बजे।
- कालीमाता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6:00 बजे।

## एक नजर

### तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा बृजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त राहुल पुत्र धर्मचंद्र को दबोचा है। यह मुहल्ला सिंहमन हजारी का रहने वाला है।

### मारपीट में पिता व तीन बेटों को दो वर्ष का कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में बुधवार को न्यायालय ने चार अभियुक्तों को दो-दो वर्ष का कारावास और प्रत्येक पर 1400 रुपये का अर्थदंड लगाया है। इन दोषसिद्ध अभियुक्तों में परम सिंह पुत्र तोताराम और इनके तीन बेटे मोहन सिंह, ननुवा, लेखराज हैं। ये लोग नवादा शाहपुर थाना बिलारी के रहने वाले हैं। इन लोगों को न्यायालय ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर पीड़ितों को घायल करने का दोषी पाया है। इस मामले में गांव के ही अशोक कुमार ने 6 जुलाई 2010 को बिलारी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले की विवेचना तत्कालीन दरोगा धर्मवीर सिंह ने की थी।

### दो सट्टेबाजों को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने मंगलवार रात में गश्त के दौरान दो सट्टेबाजों को दबोचा है। इनमें अब्दुल कदीर पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी रहमतनगर गली नंबर-एक निकट हाजी मुमत्याज की बिल्डिंग के पास और दूसरा इसी मुहल्ले में गली नंबर-आठ का इरशाद पुत्र जाकिर हुसैन है। थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्त अब्दुल कदीर के पास से उन्होंने सट्टा डायरी गत्ता, कार्बन, पैन व 1220 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# स्मार्ट सिटी की करोड़ों की परियोजनाएं पूर्ण होने की राह पर, चमकेगा महानगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी मिशन की 69 .68 करोड़ रुपये की पुराने बाजारों के सौंदर्यीकरण कार्य के कार्य में तेजी है। इसमें बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहे तक अतिक्रमण हटवा कर स्मार्ट सिटी मिशन की टीम बाजार में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य की बाधाएं दूर करने में लगी है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी मिशन की टीम के द्वारा बड़े व नामी होटल, बैंक्वेट हाल, शिक्षण संस्थानों के गेट भी अभियान में जमींदोज कर कार्य को गति दी जा रही है। इस महीने के आखिर तक कार्य पूरा कराने में परियोजना की कार्यदायी संस्थाएं और स्मार्ट सिटी मिशन के अधिकारी जुटे हैं। इसके अलावा यहां 127 करोड़ रुपये की स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम भी चल रहा है। जिसके अन्तर्गत बिजली विभाग की ओर से स्कॉडा परियोजना के अन्तर्गत बिजली के खंभों को हटाकर बिजली के तारों को भूमिगत करने का कार्य आखिरी चरण में है। इम्पीरियल तिराहे के अलावा जीएमडी रोड आदि पर भी स्मार्ट रोड नेटवर्क के कार्य को जल्द पूरा कराने का प्रयास अधिकारी कर रहे हैं। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह का कहना है कि बुध बाजार में स्मार्ट सिटी मिशन की रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया के तहत सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसमें बाधक बने अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जा रहा है। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ संजय चौहान का कहना है कि मिशन की परियोजनाओं का कार्य पूरा होने पर महानगर चमक उठेगा। लोगों को स्मार्ट सिटी में स्मार्ट सुविधाएं भी जल्द मिलने लगेंगी।



बुध बाजार में चल रहा सड़क निर्माण का कार्य। ● अमृत विचार



बुध बाजार में सौंदर्यीकरण कार्य में जुटे मजदूर । ● अमृत विचार

# खंभे हटा रहे चार मजदूरों को लगा करंट, एक गंभीर

## मुख्य अभियंता ने लापरवाही बरतने वाले दौलत बाग विद्युत केंद्र के अवर अभियंता को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस क्षेत्र में कैंप चौकी और पुलिस लाइन तिराहे पर स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत बिजली विभाग के सड़क पर लगे पोल हटा रहे मजदूरों को करंट लग गया। जिसमें चार मजदूर करंट लगने से पोल से नीचे आ गिरे। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के अधिकारियों ने चारों मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। अमरोहा जिले के हसनपुर निवासी सोनू उर्फ ललित की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग मुख्य अभियंता ने बताया शटडाउन वापस नहीं किया गया। बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई है। मामले की जांच कराई जाएगी। घटना की जानकारी होने पर एडीएम सिटी, एसीएम टू और एसपी सिटी भी जिला अस्पताल पहुंचे और गुस्साए परिजनों को शांत कराया।

बुधवार को बिजली विभाग की स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत रिलायंस इलेक्ट्रिक वर्क्स कंपनी के मजदूर सोनू उर्फ ललित पुत्र अशोक निवासी नगलीय मुंशी, दीपक पुत्र राजेन्द्र निवासी हसनपुर, अपने अन्य साथियों के साथ सिविल लाइंस तिराहे पर दोपहर से सड़क किनारे लगे बिजली के पोल हटा रहे थे। शाम 6:30 बजे बिजली सप्लाई चालू होने से पोल पर चढ़े दोनों लोगों को करंट लगा। करंट से सोनू नीचे आ गिरा और दीपक पोल पर ही लटका रह गया। नीचे काम कर रहे साथियों ने सोनू को उठाया और बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। साथ ही बिजली आपूर्ति बंद कराई। जिसके बाद दीपक को पोल से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विद्युत अधिकारियों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अभी यहां दोनों को उपचार दिया जा रहा था। तभी डा. खरे के चौराहे पर कैंप पुलिस चौकी के पीछे स्मार्ट सिटी परियोजना में काम कर रहे मजदूर जगराम पुत्र परमा निवासी गांव डींगरा मंडी धनौरा और सोनू पुत्र दिनेश नागलीय मुंशी हसनपुर जिला अमरोहा जिस पोल पर काम करे रहे थे उस पर भी अचानक बिजली का करंट दौड़ पडा। करंट लगने से ये दोनों भी नीचे आ गिरे। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र पांडे को फोन कर घटना की जानकारी दी। साथियों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने चारों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जिसमें सोनू की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचे घायलों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद एडीएम सिटी व एसपी सिटी ने परिजनों को चारों के सही होने की दिलासा देकर हिम्मत बंधाई। जिला अस्पताल पहुंचे मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया की शटडाउन वापस नहीं हुआ है। सप्लाई भी चालू नहीं की गई थी। उन्होंने बताया शटडाउन और सप्लाई देने के लिए विभाग के जेई की लापरवाही सामने आई है। अवर अभियंता गजपाल को मौके पर सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा मामले की जानकारी की जा रही है।



जिला अस्पताल से मजदूर को हायर सेंटर ले जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार



ठेकेदार से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

> कार्यदायी संस्था द्वारा दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक तीन घंटे का शटडाउन लिया था। हालांकि बीच में कुछ समय कार्य रोका गया था। इसलिए कार्य शटडाउन के समय में कार्य पूरा नहीं हो सका। लाइन में करंट आने के मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घायल मजदूरों का इलाज कराया जा रहा है। जो भी उपचार पर खर्च आएगा उसे नियमानुसार दिया जाएगा। घटना विद्युत वितरण खंड द्वितीय के क्षेत्र में हुई है।
>
> **-आरके बंसल,** मुख्य अभियंता

# 10 घंटे से अधिक 20 हजार लोगों की बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**मजदूरों को करंट लगने की घटना के चलते बाधित रही आपूर्ति**

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी के कार्य के लिए कार्यदायी संस्था ने बुधवार दोपहर एक बजे शटडाउन लिया। जिससे दौलत बाग विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दौलत बाग, बंगला गांव, दसवां घाट, नागफनी दीवान का बाजार, तहसील स्कूल मोहल्ला के रहने वाले 20 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति तीन घंटे के लिए रोकी जानी थी। लेकिन सिविल लाइन क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में बिजली के पोल हटा रहे चार मजदूरों को करंट लग गया। जिससे बिजली आपूर्ति रात 10 बजे तक बाधित रही। लोग फोन कर बिजली कर्मचारियों से बिजली बंद होने का कारण पूछते रहे। हादसा होने के चलते बिजली अधिकारियों के फोन भी व्यस्त मिले। देर रात अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने भूमिगत केबल से हटाकर ओवर हेड लाइन से बिजली आपूर्ति सुचारु कराई।



पुलिस लाइन मार्ग पर सड़क पर लगे पोल को हटाती क्रेन। ● अमृत विचार

# ब्लैकमेल कर युवती ने मांगे 50 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूर्तिकार और उसके परिवार को पिछले दो साल से ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। अब युवती ने मूर्तिकार से 50 लाख रुपये मांगे हैं। न देने पर विभिन्न आरोपों में एफआइआर दर्ज कराने की धमकी दी है।

यह मामला मुगलपुरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पीड़ित कृष्ण अवतार रस्तोगी की पत्नी राज कुमारी की तरफ से पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें युवती व उसके माता-पिता, भाई नामजद हुए हैं। पीड़ित ने बताया कि वह मूर्तिकार है। पीतल की मूर्तियां बनाकर बेचता है। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, वर्ष 2022 में यह युवती उनकी दुकान पर मूर्ति लेने आई थी उस दौरान बेटा कसिस दुकान पर था। युवती ने बेटे का मोबाइल नंबर ले लिया था। इसी के बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगी थी। फिर रुपये की मांग पूरी नहीं हुई तो इसने 2022 में बेटे के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पीड़ित पक्ष के कृष्ण अवतार रस्तोगी दिलवाली गली मंडी चौक के रहने वाले हैं। इनकी पत्नी राज कुमारी रस्तोगी ने मुगलपुरा थाने में डिम्पी राघव और इसके पिता अजय सिंह ठाकुर व मां कुसुम ठाकुर, भाई दासु ठाकुर व बहन आस्था ठाकुर के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। ये सभी आरोपी कोतवाली क्षेत्र में न्यू खुशहाल नगर के रहने वाले हैं। इन आरोपियों में डिम्पी यादव मुख्य आरोपी है। राज कुमारी रस्तोगी ने मुगलपुरा थाना पुलिस को बताया है कि आरोपी डिम्पी यादव व उसके परिवार वाले उनके पति, बेटे को बार-बार धमकी देकर जबरन रुपये वसूलने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि 13 नवंबर 2023 को पैसे मांगने के लिए डिम्पी यादव उनके घर आई थी। पुलिस आने के बाद वह वापस लौटी थी। अब वह फिर से फर्जी से रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहकर 50 लाख रुपये मांग रही है।

> **थानाध्यक्ष बोले- घटना सही, युवती करती है ब्लैकमेल**
>
> मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घटना सही है। युवती दो साल से कृष्ण कुमार रस्तोगी के बेटे और उसके परिवार को परेशान कर रही है। पिछले साल इस युवती ने उनके बेटे के विरुद्ध दुष्कर्म व छेड़छाड़ के आरोप में दो बार मुकदमा भी लिखा चुकी है। दोनों मामले झूठे पाए गए थे। एक प्रकरण में तो यह युवती हाईकोर्ट में बयान के दौरान पलट गई थी। न्यायालय में स्वीकार किया था कि उसने किसी के दबाव में आकर झूठे आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी, तब वह मुकदमा समाप्त हुआ था। युवती ने एक महीने पहले भी कृष्ण अवतार रस्तोगी के घर पहुंचकर काफी बवाल किया था। आत्महत्या कर लेने की धमकी दी तो पुलिस उसे थाने ले आई। काफी समझाने के बाद उससे दोबारा इस तरह की हरकत न करने को लिखा भी लिया था। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि यह युवती कृष्ण अवतार रस्तोगी पर विभिन्न तरह से दबाव बनाकर रुपये वसूलती है। अब पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी सिटी ने बताई आरोपियों की योजना

**मुरादाबाद अमृत विचार :** एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने पूछताछ में पुलिस को जानकारी दी है कि 14 जनवरी को उन्होंने डॉ. अतिकुर्रहमान को उसकी जान बख्शने के बदले में 25 लाख रुपये मांगे थे। रुपये न देने पर उनको और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी।

अभियुक्त जीशान ने पुलिस को बताया है कि जुनैद उर्फ शानू उसका बड़ा भाई है। उसके बड़े भाई का मित्र शाहरुख है। शाहरुख ने उसके बड़े भाई जुनैद और उसे बताया था कि पाकबड़ा में कैलसा रोड पर अलशिफा अस्पताल है। इसका मालिक डॉ. अतिकुर्रहमान है। इस पर जुनैद और उसका भाई जीशान रंगदारी वसूलने की योजना में राजी हो गए। इस योजना में एक अन्य व्यक्ति अमरोहा जिले के थाना डिडौली क्षेत्र के चौधरियान जोया का रहने वाला मोहम्मद जैद पुत्र फुर्सत अली भी धमकी देने में शामिल रहा है।

# रंगदारी मांगने वाले तीन गिरफ्तार, चौथा फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डॉ. अतिकुर्रहमान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले चार आरोपियों में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चौथा अभियुक्त जोया निवासी मोहम्मद जैद अभी फरार है। इनमें मुख्य अभियुक्त संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के रतुपुरा गांव निवासी शाहरुख, अन्य साथी जुनैद और इसके भाई जीशान को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुनैद व जीशान पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मालीपुर के रहने वाले हैं। ये दोनों भाई सेनेटरी के कारोबारी भी हैं। इन तीनों को पुलिस ने जेल भेजा है।

डॉ. अतिकुर्रहमान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की योजना मुख्य अभियुक्त शाहरुख ने काफी समय पहले बना ली थी। डॉक्टर के यहां शाहरुख ने अपने पिता अनवर अली का इलाज कराया था। इस दौरान उसने डॉक्टर से रुपये वसूलने की योजना बना ली थी। उसने अपने मित्र जुनैद और इसके भाई जीशान से मिलकर योजना को अंजाम देने का प्रयास किया। मंगलवार को अभियुक्तों ने डॉ. अतिकुर्रहमान को फोन कर धमकाया। मंगलवार को डॉक्टर ने पाकबड़ा थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष राजीव शर्मा से पूरी बात बताई। उधर, थानाध्यक्ष ने भी एफआईआर दर्ज कर उच्च अधिकारियों को खबर दी थी। फिर एसएसपी हेमराज मीना ने एसपी सिटी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकार हाईवे अमरिंदर सिंह के साथ सर्विलांस सेल पुलिस टीम को भी लगाया और आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी।



डॉक्टर से रंगदारी मांगने वालों के संबंध में जानकारी देते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया।

**खुलासा**

**डॉ. अतिकुर्रहमान के क्लीनिक पर अभियुक्त शाहरुख ने पिता का कराया था इलाज, तभी बना थी फिरौती मांगने की योजना**

### आरोपियों से फोन व तमंचा भी बरामद

पाकबड़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के पास से उन्होंने दो तमंचा-कारतूस व घटना में प्रयोग हुए फोन को भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में दरोगा कुलदीप सिंह तोमर, सोनू कुमार व आशीष कुमार और सर्विलांस टीम के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार एवं पाकबड़ा थाने के कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, विक्रांत और कपिल कुमार शामिल रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चौथे आरापी मोहम्मद जैद की तलाश में पुलिस लगी है।

### डॉक्टर को डरपोक समझ रहे थे अभियुक्त

एसपी सिटी के मुताबिक, अभियुक्तों ने पुलिस को बताया है कि योजना यह थी कि डॉक्टर को ही डरा धमका कर रुपयों की उगाही कर ली जाए। क्योंकि उन्होंने सुना था कि डॉक्टर डरपोक इंसान है। इसके लिए जीशान के नाम से सिम खरीदा था। फिर डॉक्टर से 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।

**बोर्ड परीक्षा** | **पिछले पांच साल के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने की दे रहे सलाह, परीक्षा कक्ष में न लें तनाव**

# पढ़ाई के दौरान हर घंटे लें 10-15 मिनट का ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में अब कुछ दिन ही बाकी रह गए हैं। विद्यार्थी इस समय परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। कोई विशेषज्ञों के टिप्स पर ध्यान देने में लगा है, तो कोई खुद के बनाए नोट्स से अपनी तैयारी कर रहा है। विशेषज्ञों की माने तो छात्र-छात्राओं को परीक्षा का तनाव नहीं लेना चाहिए। पढ़ाई करते समय हर एक घंटे में 10 से 15 मिनट का ब्रेक जरूर लें। विषय विशेषज्ञों ने पांच साल के प्रश्नपत्रों को हल करने की सलाह विद्यार्थियों को दी है।

परीक्षा के दौरान बच्चों को तनाव किसी हाल में नहीं लेना है। पढ़ाई का सबसे अच्छा तरीका है कि पहले टाइम टेबल बनाएं और तय कर लें कि आपको कब, क्या और कितना पढ़ना है। हर आधे या एक घंटे में 10 से 15 मिनट का ब्रेक भी लेते रहें। इससे बह अपने आपको तरोताजा महसूस करेंगे। दोबारा जब पढ़ने बैठेंगे तो अच्छे ढंग से पढ़ पाएंगे। इसके अलावा एक ही बार में अधिक से अधिक पढ़ने का प्रयास न करें। सबसे पहले कठिन विषयों का अध्ययन कर लें। राजकीय हाईस्कूल बहोरनपुर कला कि शिक्षिका पूनम प्रतिमा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करें।



पूनम प्रतिमा



राहुल दत्त त्यागी

> **आराम करना भी जरूरी**
>
> किसी भी परीक्षा के लिए पढ़ाई के साथ-साथ ब्रेक भी उतना ही जरूरी है। सबसे पहले छात्र एक रूटीन बनाएं और रूटीन के अनुसार पढ़ाई करें। पढ़ाई के दौरान हर घंटे ब्रेक लें ताकि आप बोर न हो और साथ ही आपकी तैयारी पर कोई असर न पड़े। आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज के शिक्षक राहुल दत्त त्यागी ने बताया कि किताबों के बाद जरूरत एक बेहतर टाइम टेबल की होती है। छात्र टाइम टेबल बनाएं और सभी विषयों के लिए टाइम अलॉट करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप सभी विषयों को बराबर टाइम दे पाएंगे। बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे पहले ये जरूरी है कि अपनी किताबों को अपने पास रख लें। अक्सर छात्र एक ही विषय के लिए कई सारी किताबों को खरीद लेते हैं और नतीजा ये निकलता है कि छात्र कंफ्यूज हो जाते हैं। इसीलिए ध्यान दें कि किताबें तो खरीदें लेकिन, केवल जरूरी किताबों से ही परीक्षा के दौरान पढ़ाई करें।

> **क्या करें और क्या न करें**
>
> - पढ़ते समय हेडफोन का इस्तेमाल न करें और न ही गाने सुनें, क्योंकि इससे ध्यान भटकेगा।
> - टाइम टेबल बनाएं और उसे पढ़ने वाले स्थान पर चिपकाएं। इससे पढ़ाई का शेड्यूल का पता रहेगा।
> - फोन, गेम, सोशल मीडिया जैसे सभी ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें ताकि पढ़ाई पर लगातार ध्यान केंद्रित रख सकें।

## सुरेश के चारों हत्यारों को आजीवन कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हत्या के मामले में बुधवार को न्यायालय एडीजे-सात ने अभियुक्त चार अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास और प्रत्येक को 25000-25000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सजा पाने वाले दोषसिद्ध अभियुक्तों में घनश्याम पुत्र बनवारी बंजारा, सौरभ पुत्र कृपाल सिंह, सतपाल पुत्र मुन्नू सिंह व ऋषिपाल पुत्र मगन सिंह हैं। ये सभी ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव दारापुर के रहने वाले हैं। इन लोगों ने सुरेश चौहान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। दोषियों ने चाकू से मृतक के पेट में वार किया था। इससे उसकी मौत हो गई थी। यह घटना 22 अप्रैल 2009 की है। इस मामले में मानावाला गांव के चौधरी रामप्रसाद पुत्र रेवती सिंह ने ठाकुरद्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियुक्तों ने सुरेश चौहान की मानावाला गांव में ही हत्या कर दी थी।

# 23वीं वाहिनी पीएसी के 62वें स्थापना दिवस पर शस्त्र पूजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 23वीं वाहिनी पीएसी ने बुधवार को 62वां स्थापना दिवस मनाया। पीएसी के अधिकारियों ने जवानों के साथ शस्त्र पूजन किया।

सहायक सेनानायक मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि 23वीं वाहिनी पीएसी की स्थापना 17 जनवरी 1963 में हुई थी। इसके बाद से ही पीएसी अधिकारी और जवान हर मोर्चे पर डटे हैं। लोगों की सुरक्षा की बात हो या दंगा व बवाल नियंत्रण करने की। हर जहां जवानों ने बहादुरी का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 23वीं पीएसी का मुख्यालय बिलारी के सहसपुर में बनाया गया था लेकिन, एक साल बाद ही इसे मुरादाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया था। बुधवार को सेनानायक ने जवानों के साथ शस्त्र पूजन किया। इसके बाद वॉलीबॉल मैच भी खेला गया। बुधवार रात बड़ा खाना का भी आयोजन हुआ। इसमें पीएसी कर्मी, उनके परिवार के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इन लोगों ने स्थापना दिवस की एक-दूसरे को बधाई दी।



23वीं वाहिनी पीएसी के स्थापना दिवस पर शस्त्र पूजन करते पीएसी कर्मी।

## एक नजर

### भाजपाइयों ने श्रीशनि देव मंदिर की साफ-सफाई की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मठ मंदिर स्वच्छता अभियान प्रभावी हुआ। बुधवार को भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लाजपतनगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड के नजदीक श्रीशनि देव मंदिर में सफाई की। समूह में झाड़ू लगाई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ .शेफाली सिंह, भाजपा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कटघर मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, श्याम शर्मा, चेतन चौहान, गुड्डू राजपूत, निमित जायसवाल आदि रहे।

### श्री महाकालेश्वर धाम में रामायण पाठ का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उल्लास में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के विभिन्न मंदिरों में पंद्रह जनवरी से चल रहा कार्यक्रम बुधवार को भी जारी रहा। नया मुरादाबाद स्थित श्री महाकालेश्वर धाम के श्री तिरुपति बालाजी वेंकटेश्वर हाल में रामायण का पाठ जारी रहा। सायं आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इसमें महेश चंद्र अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### श्रीराम मंदिर के प्रिंट वाली साड़ियों की मांग बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगवान राम हमारी आस्था और संस्कृति के प्रतीक हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते पूरे देश के साथ ही मुरादाबाद राममय हो चुका है। भव्य आयोजनों की तैयारी चल रही है। बाजार भी लोगों के उत्साह और उल्लास को कैश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बाजार में रामनाम के वस्त्रों की भरमार है। श्रीराम लिखे कुर्ते, गमछे से लेकर राम मंदिर प्रिंट वाली साड़ियों की जमकर बिक्री हो रही है। लोग 22 जनवरी को होने वाले आयोजनों में पहनने के लिए इन रामनामी वस्त्रों की खरीदारी कर रहे हैं।

### रेलवे कालोनी से पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चोरी में नामजद छजलैट थाना क्षेत्र के खजूर की सराय निवासी श्याम सुंदर को रेलवे पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। श्याम सुंदर के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 के तहत पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया था। थाना प्रभारी राजन शर्मा, उपनिरीक्षक दीपचंद और सुमित कुमार की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

### कुम्हार बोले, यह मोदी- योगी द्वारा कुम्हारों के घर भेजी गयी खुशी है, गर्भ गृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान से चमके भाग्य

# उत्साहः प्रभु श्रीराम की कृपा से पूस की सर्द रात में भी दमक रहे दीये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** महानगर का ताड़ीखाना (कचहरी रोड) क्षेत्र हो या रामगंगा विहार की 24 फीट रोड। कटघर मुहल्ले की सड़क की पटरियां भी इन दिनों गुलजार हैं। मिट्टी के घड़े, कलश और दीयों के रंग चटख दिख रहे हैं। मेरे राम आयंगे... राम आयेंगे तो अंगना... जैसे भजनों के बोल फूट रहे हैं। बैठे- बैठे गुरहट्टी की शकुंतला यह भजन गुनगुनाने लगती हैं। लक्ष्मी देवी तपाक से पुश्तैनी काम की चर्चा शुरू कर देती हैं। उदल सिंह सजाए गए बर्तनों के पीछे छिपी चाय की दुकान से बोल पड़ते हैं। भई, यह ईश्वर की कृपा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने हमारे घरों में रौनक भेजी है।

सचमुच, सड़क की पटरी वाली इन दुकानों के संचालक कुम्हारों की दुकानदारी में रौनक आ गई है। बातचीत से तस्वीर उभर रही है कि 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के गर्भ गृह में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान से कुम्हार परिवारों के भाग्य चमके हैं। लक्ष्मी देवी का कहना है कि अब घर पर मिट्टी का कार्य नहीं होता। हम सभी मिट्टी खरीदकर दीये, बर्तन और मूर्तियां त्योहारों में बेचने के लिए लाते हैं। उसमें अपनी मेहनत मजदूरी जोड़कर खरीदार की सेवा करते हैं। इधर,10 दिनों से दुकानों में रौनक बढ़ी है। लोग दीये खरीद रहे हैं। लक्ष्मी दीयों की आकृति, गुणवत्ता और रंग से कीमत की जानकारी ग्राहकों को दे रही हैं।

शकुंतला का कहना है कि उनका यह खानदानी कार्य है। पहले मेरी सास ओमवती देवी दुकान पर बैठती थीं। हमारा यह 12 महीने का रोजगार है। लेकिन, गर्मी में भी बाजार हल्का ही रहता है। घड़ा और सुराही खरीदने वाले कम होते जा रहे हैं। दिवाली में दीयों की मांग रहती है। पूजा अनुष्ठान में कुछ बिक्री होती है। इन दिनों रौनक फिर लौटी है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिष्ठा के दिन घरों की दिवाली के लिए लोग दीये खरीद रहे हैं। उदल सिंह कहते हैं कि पूस के महीने में तो कोई पूजा पाठ भी नहीं होता। पूरा महीना ग्राहकों की राह देखते ही बीतता है। अब लोग 11, 21, 31,51 और 101 दीये खरीद रहे हैं। सुबह सात बजे दुकान खुल जाती है। उधर, फुटपाथ पर कुछ दुकानदार पाकबड़ा के समाथल गांव से दीये लाकर बेंच रहे हैं। महानगर में दीयों की बिक्री का बाजार रोशन दिख रहा है। कुछ खरीदार दीये के आर्डर भी बुक करा रहे हैं।



ताड़ीखाना के पास सजी मिट्टी के दीयों की दुकान। ● अमृत विचार

### प्राचीन दसवां घाट पर होगा महोत्सव का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट की ओर से अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा, श्रीराम जी की आरती कर 1100 दीपक जला कर आतिशबाजी के साथ महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने बताया हर घर से एक दीपक मंगाया गया है। सभी से अनुरोध किया है रामलीला मंचन स्थल पर पहुंचें और हर घर पर दीपोत्सव मनाएं। डीजे की धुन पर माहौल को राममय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। अध्यक्ष यथार्थ किशोर, महामंत्री आदित्यवीर शास्त्री, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा, नरेंद्र सुमन, राजेश वाल्मीकि, अमित गुप्ता तैयारी में जुटे हैं।

### 21 जनवरी से शुरु होगा अखंड रामायण पाठ

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** शिव धाम मंदिर समिति की ओर से बुधवार को मंदिर परिसर में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सभा हुई।

सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के समय सारे देश के साथ संस्थाएं भी इस आयोजन में भागीदारी करें। इसमें 21 जनवरी से सुबह 10 बजे से मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह 22 जनवरी दोपहर 12 बजे तक चलेगा। वक्ताओं ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 साल के बाद उनका घर मिल रहा है। हम सभी भाग्यशाली हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उनके जीवन काल में हो रही है। दौरान संस्थापक व संरक्षक विद्या सागर पाण्डेय, वीएम शर्मा, बीएस त्यागी, संजय गुप्ता, अशोक कुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अध्यक्ष गीता शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या जा रहे जत्थे का पुष्पवर्षा से स्वागत

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को श्रीमहंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में पवित्र गंगा जल लेकर जा रहा है जत्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व मां मनसा देवी ट्रस्ट के सचिव श्रीमहंत रवींद्रपुरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हरिद्वार से कलश में पवित्र गंगा जल लेकर जा रहे है। बुधवार को उनके जत्था के महानगर में पहुंचने पर भक्तों व प्रशासिनक अधिकारियों ने स्वागत किया। नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वगत किया।

कांठ रोड पर श्रीमहंत रवींद्रपुरी व अन्य साधु संतों का लोगों ने अभिनंदन किया। श्रीमहंत ने कहा कि यह सुखद व सौभाग्य की घड़ी वर्षों के इंतजार के बाद आई है इसे भव्य उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। रामलला की मूर्तियों के स्नान के लिए साधु-संतों का एक जत्था जल लेकर हरिद्वार से अयोध्या जा रहा है। इसका नेतृत्व महंत रवि पुरी कर रहे हैं। मंगलवार रात्रि विश्राम के बाद सुबह साधु-संतों का दल अयोध्या के लिए निकला। इस दौरान डीजे की धुन पर महानगर में रैली निकाली गई। महानगर में जत्थे का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। नगर विधायक रितेश गुप्ता समेत अन्य आला अधिकारियों ने रैली में जमकर पुष्पवर्षा की। इस दौरान डीजे की धुन पर रामगीत से माहौल भगवामय हो गया। इस अवसर पर पुलिस सुरक्षा के लिए तैनात रही।



पीलीकोठी पर श्रीमहंत रवींद्र पुरी का स्वागत करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व अन्य।

### श्रीराम नव विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखंड के गंगोत्री, यमुनोत्री, हर की पैड़ी से संत श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के लिए पवित्र गंगाजल के साथ हरिद्वार से अयोध्या धाम जा रही पवित्र कलश यात्रा बुधवार को मुरादाबाद पहुंची। स्थानीय भाजपाइयों ने यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ . शेफाली सिंह, भाजपा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कटघर मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडल महामंत्री दिनेश शुक्ला, राजेंद्र अग्रवाल, गुड्डू सिंह राजपूत, हरीश प्रजापति, अरविंद सिंह, निमित जायसवाल, चेतन चौहान, महेंद्र कश्यप, रिंकू ठाकुर, अमन शर्मा, दलजीत सिंह, प्रेम शंकर गुप्ता, संजीव कश्यप, मोनू गुप्ता आदि शामिल रहे।

### मंदिरों में गूंजे राम भजन प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के क्रम में महानगर स्थित मंदिरों में पूजन अर्चन किया जा रहा है। हर ओर राम भजन, हनुमान चालीसा व सुंदर कांड पाठ किया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र के श्री हनुमान मंदिर, श्री नट बाबा मंदिर, वाल्मीकि मंदिर और राम दरबार मंदिर में बुधवार को भजन कीर्तन, राम कथा, सुंदर कांड, रामचरित मानस का पाठ किया गया। लोग प्रभु श्रीराम, हनुमान की भक्ति में डूबे रहे। प्रशासनिक अधिकारी भी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ की टीम के सहयोग से मंदिरों में आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि 22 जनवरी के रामोत्सव के क्रम में महानगर व जिले के सभी मंदिरों में पूजा पाठ किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से इसमें सहयोग किया जा रहा है। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों को सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है।

# रामोत्सव पर मनेगी दिवाली महानगर के लोग उत्साहित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर अयोध्या आमंत्रण का प्रतीक अक्षत बाट रहे हैं। लोग फिर एक बार दिवाली मनाने को तैयार हैं। महानगर में एक बार फिर से दीयों की मांग बढ़ गई है। मिट्टी वाले दीयों के साथ ही डिजाइनर दीयों की खूब खरीदारी हो रही है। इससे कुम्हारों में खुशी देखने मिल रही है।

आरएसएस व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर 22 जनवरी को दिवाली मनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। लोग भी इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। महानगर में दीयों की दुकानें फिर सज गई हैं और लोग खरीदारी में जुटे हैं। रामगंगा विहार में दीयों के कारोबारी अर्जुन के अनुसार 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए लोगों ने दीयों की खरीदारी शुरू कर दी है। मिट्टी वाले दीये 50 रुपये प्रति सैंकड़ा के हिसाब से उपलब्ध हैं। जबकि, डिजाइनर दीयों की कीमत अलग है। यह 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक बिक रहे हैं। खरीदारी करने आई शीला देवी ने बताया कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाला यह दिन हम सबके लिए विशेष है।

### महानगर के मंदिरों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 22 जनवरी को यादगार बनाने के लिए कॉलोनियों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। बाजारों में जमकर खरीदारी हो रही है। उधर, मंदिरों में भी इस दिन विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। रामोत्सव के लिए महानगर के लोग उत्साहित हैं। बर्तन बाजार में रामलला का मंदिर, राम दरबार और सुंदर-सुंदर मूर्तियों की भारी मांग है। इस दिन को खास बनाने के लिए मंदिरों में तैयारी जोरों पर है। साफ-सफाई से लेकर मंदिरों को सजाने के काम में तेजी देखने को मिल रही है। श्री शिव मंदिर हरथला के पुजारी मनोज पाठक ने बताया कि 22 जनवरी की सुबह विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि महानगर के सभी मंदिरों में सुबह को पूजा होगी। अधिकांश मंदिरों के बाहर भंडारा होगा। शाम को महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

# 165 पुलिसकर्मी अयोध्या रवाना हुए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** जिले से बुधवार को कुल 165 पुलिसकर्मी अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ड्यूटी के लिए रवाना हो गए हैं।

पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार भी पुलिस ड्यूटी में अयोध्या गए हैं। उन्होंने बताया कि ड्यूटी गए कुल पुलिसकर्मियों में से 58 पुलिसकर्मी यातायात के हैं। इसमें आठ दरोगा, 24 हेड कांस्टेबल और 26 कांस्टेबल हैं। इनके अतिरिक्त 107 अन्य पुलिसकर्मी अयोध्या गए हैं। इनमें पांच निरीक्षक, 26 दरोगा और 76 हेड कांस्टेबल एवं कांस्टेबल हैं। इनके अलावा चार क्षेत्राधिकारी भी अयोध्या ड्यूटी के लिए रवाना हो रहे हैं।

इनमें सीओ कांठ अंकित तिवारी, सीओ बिलारी राजेश कुमार पंचम और सीओ कार्यालय डॉ. गणेश कुमार गुप्ता एवं बरेली से स्थानांतरित होकर आए सीओ आशीष कुमार हैं। पुलिस अधीक्षक यातायात ने बताया कि निरीक्षक, दरोगा व हेड कांस्टेबल एवं कांस्टेबल को दो बसों से बुधवार दोपहर रोडवेज बस अड्डा से रवाना किया है। इन लोगों ने अयोध्या ड्यूटी के संदर्भ में तमाम बारीकियों के बारे में भी जानकारी दी गई है।



रोडवेज बस अड्डे पर अयोध्या ड्यूटी के लिए रवाना होने से पहले पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार। ● अमृत विचार

- एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार भी पुलिस ड्यूटी में अयोध्या गए
- पांच निरीक्षक, 26 दरोगा और 76 हेड कांस्टेबल भी अयोध्या धाम गए

### जमीन हड़पने को बहनों से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बहनों ने विरासत में मिली जमीन हड़पने के लिए बड़े भाई और भाभी पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही छोटे भाइयों की जान को भी खतरा बताया है।

कोतवाली के ग्राम गंझेड़ा आलम निवासी किसान मोहम्मद यामीन की मौत हो चुकी है। उसकी चार बेटियां मेहशर जहां, कमर जहां, नसीम जहां और नुसरत जहां ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि उनका बड़ा भाई नौमान और भाभी गुलिस्तान पिता से विरासत में मिली चौदह बीघा खेती की जमीन को हड़पना चाहते हैं। इसके लिए दो छोटे भाइयों आसिफ और तहसीन को मारने की फिराक हैं। 10 जनवरी को नौमान और गुलिस्ता ने घर में घुसकर मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर नौमान और गुलिस्ता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# लालच में फंसकर प्रापर्टी डीलर ने गंवाई जान

संवाददाता, हरिद्वार/पाकबड़ा

**अमृत विचारः** लालच के भंवर में फंसकर पाकबड़ा के प्रॉपर्टी डीलर को जान गंवानी पड़ी। वहीं, उसके साथ आया व्यक्ति पल भर में सचेत होने पर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर 50 हजार रुपये बरामद किए हैं। प्रॉपर्टी डीलर के शव की नहर में तलाश की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कलियर रविन्द्र शाह के अनुसार, पाकबड़ा (मुरादाबाद) निवासी शादाब पुत्र अल्ताफ ने 14 जनवरी को तहरीर दी थी कि उसके पिता अल्ताफ और एक अन्य व्यक्ति हसनैन को आरोपी जीशान ने नहर में धक्का देकर डुबा दिया है, जिसमें हसनैन बच गया। पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करते हुए नामजद आरोपी जीशान पुत्र बन्ने निवासी मुबारिकपुर बन्दा थाना असमोली जनपद संभल को गिरफ्तार कर लिया।

प्रापर्टी डीलर दोस्तों के साथ उत्तराखंड के कलियर शरीफ घूमने गया था। दूसरे दिन टीम ने स्टीमर से नहर में उसकी तलाश की थी। लेकिन, कोई सुराग न मिलने पर परिवार में कोहराम मचा था। प्रॉपर्टी डीलर पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरस्वती शिशु मंदिर के पास निवासी अल्ताफ (60) है। प्रॉपर्टी डीलर अल्ताफ के बेटे रब्बानी ने बताया था कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे के दौरान उसके पिता गांव उमरी सब्जीपुर निवासी दोस्त हसनैन और असमोली जिले के गांव मुबारिकपुर निवासी दो दोस्तों के साथ कलियर शरीफ जाने की बात कहकर घर से निकले थे। रात में पिता ने कॉल करके कहा था कि वे लोग यहां से निकल रहे हैं। जब देर रात तक प्रॉपर्टी डीलर घर नहीं पहुंचा तो बेटे ने दोबारा कॉल किया। कई बार कॉल करने पर भी फोन बंद आ रहा था। जिसके बाद परेशान परिजन कलियर पहुंचे और वहां पुलिस को सूचना दी।

### इबादत का ढोंग, दे दिया नहर में धक्का

योजना के अनुसार, बीती 13 जनवरी को जीशान, अल्ताफ और हसनैन फिर कलियर पहुंचे। जीशान इल्मी पढ़ाई के लिए दोनों को लेकर नहर किनारे बैठ गया और पढ़ाई का ढोंग करने लगा। उसने दोनों को आंखें बंद करने को कहा और फिर मौका देख अल्ताफ को नहर में धकेल दिया। फिर हसनैन को भी धकेला लेकिन, वो संभल गया और जीशान मौके से बैग लेकर भाग निकला था।

### यह बोला अभियुक्त

पूछताछ में अभियुक्त जीशान ने बताया कि अल्ताफ प्रॉपर्टी डीलर था और मुझे पैसों की जरूरत थी। मैंने अल्ताफ को झांसा दिया था कि मैं 41 दिन की एक ऐसी इबादत कर रहा हूं जिसमें एक बैग (थैले) के अन्दर कुछ रुपये रखने के बाद नदी किनारे जाकर उसे कुछ पढ़ाई करनी पड़ेगी, जिससे उसके हाथ पर एक नंबर प्रदर्शित होगा जिसे लिखकर बैग के अंदर रखने से बैग रुपयों से भर जाएगा और उन रुपये को केवल 22 दिन तक ही खर्च कर सकते हैं।

### एक बार बची जान दूसरी बार फंसी

जीशान पर भरोसा कर करीब डेढ़ माह पूर्व अल्ताफ 4 .50 लाख रुपये लेकर जीशान और एक जानकार हसनैन के साथ कलियर आए थे। इस दौरान जीशान इल्मी पढ़ाई करने का ढोंग करने लगा और अल्ताफ को बताया कि अभी कुछ पढ़ाई की कमी की वजह से काम पूरा नहीं हो सका, घर जाकर किया जाएगा, फिर तीनों घर आ गए थे। इसके बाद जीशान ने 4 .50 लाख रुपये अपनी बहन की सगाई में खर्च कर दिए थे। इधर, अल्ताफ ने जीशान पर रुपये वापस देने का दबाव बनाया तो जीशान ने अल्ताफ से 50 हजार रुपये का और इंतजाम कहने की बात कर खतरनाक योजना बना डाली।

# नामजद आठ अभियुक्तों में से दो भाइयों का शांतिभंग में चालान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** देवापुर में 13 जनवरी को भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हुए बवाल में पुलिस बहुत गंभीर नहीं दिख रही है। पुलिस का कहना है कि एक पक्ष की ओर से जानलेवा हमले के आरोप में दर्ज एफआईआर के तहत विवेचना हो रही है लेकिन, जानलेवा हमले होने जैसे कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। लिहाजा, कटघर थाना पुलिस ने नामजद कुल आठ अभियुक्तों में से दो यासीन व इसके बड़े भाई असलीम का बुधवार को शांति भंग में चालान किया है। असलीम कुर्बान अली के पिता हैं।

फिलहाल, इस बवाल में एक बार फिर हिस्ट्रीशीटर जिला बदर कुर्बान अली का नाम उछला है। वार्ड-30 के जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश सैनी उर्फ जगत सिंह का दावा है कि जिला बदर कुर्बान कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद था और वायरल वीडियो में उसका नाम एक व्यक्ति लेते सुनाई दे रहा है लेकिन, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया का कहना है कि वायरल वीडियो उन्होंने देखे हैं उसमें कुर्बान अली नहीं दिख रहा है। वायरल वीडियो में लोगों के उसका नाम लेने से क्या होता है। कुर्बान अली यदि जिला बदर होने के बाद भी गांव में घूम रहा है तो उसे पुलिस पकड़ क्यों नहीं रही है, इस सवाल पर उन्होंने उत्तर ही नहीं दिया। उधर, इस मामले में सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह का कहना है कि जानलेवा हमला हुआ है, इस तरह के आरोप (आइपीसी की धारा-307) पुष्ट करने में कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

# सचिव पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जांच की मांग**

- ओडीएफ प्लस की कार्ययोजना से निकाले 1.17 लाख रुपये
- सीडीओ को शिकायती पत्र देकर प्रधानों ने की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचारः** बिलारी ब्लॉक क्षेत्र में तैनात सचिव की मनमर्जी से गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों से तंग आकर कुछ ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव से शिकायत की है। उन्होंने शिकायती पत्र में सचिव पर फर्जीवाड़ा कर विकास कार्य की निधि का पैसा निकालने का आरोप लगाया है। साथ ही मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

मंगलवार को गांव खाता हमजापुर के प्रधान प्रेम सिंह, विजय पाल सिंह प्रधान अमरपुर काशी, परवती देवी प्रधान देवरी दिनौरा, कुसुम देवी ग्राम प्रधान हाजीपुर, भूरा प्रधान खानपुर और ब्रजबाला प्रधान विजयपुर ने गांव में तैनात सचिव सुरेंद्र सिंह पर विकास कार्य में धांधली करने का आरोप लगाया है। प्रधानों ने सचिव पर मनमर्जी कराने और पंचायत निधि से कराए कार्य के बिल में फर्जीवाड़ा कर विकास कार्य की धनराशि हड़पने का आरोप लगाया है। जिसमें गांव हाजीपुर की प्रधान कुसुम ने सचिव पर ओडीएफ प्लस के अंतर्गत कराए गए कार्य में 1 लाख 17 हजार रुपये के अतिरिक्त बिल लगाकर धनराशि हड़पने की सीडीओ से शिकायत की है। शिकायती पत्र में खाता हमजापुर के प्रधान प्रेम सिंह ने विकास कार्य के भुगतान करने के लिए सचिव को अपना डोंगल देना बंद करने की बात कही है। उनके मुताबिक गांव में कराए जाने वाले विकास कार्य प्रधानों को बिना बताए और बिना सहमति से कराने की शिकायत की। अमरपुर काशी गांव के प्रधान विजय सिंह ने बताया कि सचिव उनके बिना जानकारी के कराए गए कार्य के भुगतान के लिए डोंगल मांग रहे हैं। सचिव द्वारा कार्य की जानकारी न देने पर उनके द्वारा डोंगल देने से मना किया गया। जिस पर सचिव ने प्रधान पर कार्रवाई कराने की धमकी दी है। प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर ग्राम सचिव सुनील कुमार ने कहा कि मैंने किसी कार्य को मना नहीं किया। सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में पहले कायाकल्प के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रधानों द्वारा गांव की नाली, खड़ंजा, हैंडपंप का कार्य करने पर जोर दिया जा रहा है। अब कुछ प्रधानों ने किए कार्य के भुगतान करने के डोंगल देने से मना कर दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
मो0 :- 7417134445, 7895804216

## एक नजर

### ड्राइवर के विरुद्ध रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** हाईवे पर सड़क हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पत्नी ने थाने में हादसे के आरोपी ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रीना पत्नी स्व. राजकुमार निवासी राजा का सहसपुर, बिलारी द्वारा बताया गया है कि उसके पति राजकुमार बीते दिनों रात्रि में हाईवे किनारे खड़े होकर मुरादाबाद जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक फंदे से झूला, मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फंदे से लटकर जान दे दी। परिजनों ने बिना कार्रवाई के युवक को गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया। चर्चा है कि 18 वर्षीय युवक का गांव की ही युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसका पता दोनों ही परिवारों को था। युवक व युवती शादी करना चाहते थे। मगर परिवार वाले आड़े आ रहे थे। बताया गया है कि मंगलवार को युवक ने गले में फंदा डालकर छत से लटककर जान दे दी। परिजनों ने बिना कार्रवाई के युवक को दफना दिया।

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया

## गुरुद्वारे में शबद कीर्तन और गुरुवाणी से संगत हुई निहाल, लंगर में प्रसाद ग्रहण किया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व गुरुद्वारे में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब के तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन किया गया। सिख ज्ञानियों द्वारा किए गए शबद कीर्तन और गुरुवाणी से संगत निहाल हो गई।

बुधवार को नगर स्थित गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम निशान साहिब को चोला पहनाया गया। सिख संगत ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और अरदास आदि के पश्चात ज्ञानियों द्वारा शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। सिख ज्ञानियों ने श्री गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान संगत से किया। अंत में संगत को लंगर छकाते हुए प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह ने संगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संरक्षक सरदार कृपाल सिंह गांधी, सेठ रविंद्र सिंह गांधी, भूपेंद्र सिंह उर्फ रम्मी गांधी, जसप्रीत सिंह, सरदार सरबजीत सिंह, नवलजीत सिंह, सरदार मंजीत सिंह, ताजेंद्र सिंह उर्फ सनी गांधी, हनी गांधी, हरप्रीत सिंह, ताजिन्दर सिंह, अमरजीत सिंह, तरविंदर कौर, रविंदर कौर, वंश गांधी आदि के साथ पाइंदापुर, रामसराय, मिलक, सलेमपुर, सदरपुर, फूलपुर आदि ग्रामीण क्षेत्र की संगत ने भाग लिया।


गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▶▶ **सिख संगत ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और अरदास की**


गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रधानाचार्य व उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## गुरु गोविंद सिंह को किया नमन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कालेज पसियापुरा में गुरु गोविंद सिंह की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने गुरु गोविन्द सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। सहायक अध्यापक जयपाल सिंह, रघुवीर सिंह, अनिल कुमार, पंकज कुमार, ज्योति कुमारी एवं पुष्पा कुमारी ने गुरु गोविन्द सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान धर्मवीर सिंह, प्रमोद, हसीन खान आदि मौजूद रहे।

# 20 को होगी किसान यूनियन चढ़ूनी की महापंचायत, तय होगी रणनीति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नेपा पेपर मिल जमीन अधिग्रहण प्रकरण में किसानों के साथ भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी भी शामिल हो गई है। यूनियन ने 20 जनवरी को पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने के लिए अदालत से लेकर सड़क तक संघर्ष करने का ऐलान किया है।

जनपद की सदर और ठाकुरद्वारा तहसील के गांव बथुआखेडा, मानपुर दत्तराम, गझैडा सैद और बुढानपुर अलीगंज के कई सौ किसानों की 804 एकड़ भूमि तत्कालीन केंद्र सरकार ने सन् 1989 में अधिग्रहण की थी। भूमि लेते समय किसानों से वादा किया था कि चार साल के भीतर भूमि पर पेपर प्लांट लगाया जाएगा और प्रत्येक किसान परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिलेगी। 1996 तक इस भूमि पर कोई भी प्लांट नहीं लगाया गया। सरकार ने किसानों को मुआवजे के नाम पर सिर्फ 2.75 करोड़ रुपये दिए, जबकि सरकार ने किसानों की अधिग्रहण की गई भूमि को सन् 1996 में सेंचुरी टेक्सटाइल्स कंपनी को 23 करोड़ रुपये में अधिकृत शर्तों के साथ बेच दिया। सेंचुरी टेक्सटाइल्स कंपनी ने भी किसानों को धोखा दिया। 5000 किसान 1989 से न्यायालय के चक्कर काट रहे हैं और सेंचुरी टेक्सटाइल्स कंपनी किसानों के साथ धोखा कर रही हैं। आज भी वाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

किसानों की 804 एकड़ भूमि आज तक खाली पड़ी है। काफी लंबे समय से किसान अपने हकों की लड़ाई के लिए आंदोलनरत हैं। 1 महीने से लगातार किसान मांगों को लेकर संघर्षशील है। क्षेत्र के किसान अपनी मागों को लेकर नेपा फैक्ट्री में धरने पर बैठे हैं। धरने में आशुतोष शर्मा, सतपाल सिह, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, भूपाल सिंह, जुम्मा, नफीस अहमद, राशिद चौधरी, आसिफ चौधरी, नाजिम सैफी, रिजवान चौधरी, जाकिर अली आदि मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा के नेपा पेपर मिल क्षेत्र में मांगों को लेकर धरना देते किसान। ● अमृत विचार

**भूमि अधिग्रहण प्रकरण**

▶▶ **नेपा पेपर मिल पर किसानों का धरना पांचवे दिन भी धरना जारी**

▶▶ **महापंचायत में आरपार की लड़ाई का होगा निर्णय**

## माता-पिता और राष्ट्र की सेवा सबसे बड़ा धर्म : स्वामी राजेंद्रानंद

**कांठ, अमृत विचारः** माता-पिता एवं राष्ट्र सेवा मानव का सबसे बड़ा धर्म है। माता-पिता और देश का अनादर करने वाले व्यक्ति की पूजा पाठ, व्रत, उपवास, दान करना सब व्यर्थ है।

उक्त विचार ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में चल रही श्री जांभाणी हरि कथा के तीसरे दिन भीमगोड़ा हरिद्वार के विख्यात संत स्वामी राजेंद्रानंद ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि माता-पिता अनेक दुखों को सहते हुए अपनी संतान का पालन पोषण करते हैं और अच्छे संस्कार देकर उसे योग्य बनाने का प्रयास करते हैं, परंतु बच्चे कुत्संग में पढ़ने के कारण अपने मार्ग से भटक जाते हैं और उनका अनादर करने लगते हैं। उन्होंने बताया कि माता-पिता की सेवा के साथ-साथ राष्ट्र की सेवा करना भी परम धर्म है।

इस मौके पर संत गोविंद शरण, स्वामी मुक्तानंद, स्वामी नरेशानंद, राजूराम, धर्मानंद आदि समस्त संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान मा. धर्मपाल सिंह, श्रीओम सिंह, रामकुमार सिंह, कपिल कुमार, चंद्रपाल पधान, मुनिराज सिंह आदि का सहयोग रहा।


गांव मुंशीगंज स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से जानकारी लेते महाप्रबंधक।

## क्रय केंद्र का महाप्रबंधक ने औचक निरीक्षण किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल के महाप्रबंधक टीएस यादव ने मुंशीगंज गन्ना केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर नियुक्त तौल इंचार्ज को किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरतने की हिदायत दी। साथ ही किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

केंद्र पर मौजूद किसानों से महाप्रबंधक ने कहा कि गन्ना केंद्र किसानों की सहूलियत के लिए स्थापित किए गए हैं ताकि छोटे किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी किसान चीनी मिल को साफ-सुथरा और ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। बताया कि को. 0238 किस्म के गन्ने को छोड़कर कोई अन्य उन्नतिशील अर्ली वैरायटी की बसंत कालीन बुवाई अधिक क्षेत्रफल में करें।

किसान नेता प्रीतम सिंह ने समय से गन्ना भुगतान करने के लिए चीनी मिल प्रबंधन की सराहना की और किसानों की तरफ से मांग की कि किसानों को नई प्रजातियों 0118, 98014,15023 एवं 14201 आदि किस्म के गन्ने का बीज चीनी मिल रेट पर उपलब्ध कराए। इस दौरान केंद्र पर चंद्रभान सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, राजकुमार व शिवदासपुर जोनल प्रभारी राजविंदर सिंह संधू, अहसान आदि मौजूद रहे।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को धर पकड़ा। जिसकी तलाशी पर पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की। पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे कारागार भेज दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार पुलिस टीम के साथ मथाना की पुलिया पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर ऊमरी की ओर से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक वापस भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर युवक को मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। युवक ने अपना नाम देवदास (22) पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा, चकराजमल, धामपुर जिला बिजनौर बताया। उसने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम तेलीपुरा के रास्ते पर बंद पड़ी गत्ता फैक्ट्री में चोरी की गई तीन मोटरसाइकिल बरामद की।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## दहेज हत्या में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना डिलारी पुलिस ने दहेज हत्या में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव जोगीपुरा निवासी नीतीश की शादी चार वर्ष पहले गांव मनकरा निवासी युवती निरीक्षा (24) से हुई थी। ससुरालवालों ने मारपीट के बाद विवाहिता के बेहोश होने पर उसके गले में दुपट्टा डालकर लटका दिया जिससे उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार की तैयारी के दौरान मायके वालों ने हंगामा किया व डिलारी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता बाबूराम ने थाना डिलारी को नीतीश, सत्यपाल, सरोज, विनीत, तेजपाल के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# सरकार गरीबों के कल्याण को संकल्पित

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचारः** बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने ग्रामवासियों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

क्षेत्र के ग्राम नानपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में बिना जाति धर्म का भेदभाव किए योजनाओं को चलाया जा रहा है। जिसमें सभी समाज के लोगों को लाभ मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री भाजपा कमल कुमार प्रजापति ने कहा कि जिन ग्रामीणों को अभी तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। वह भी संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिल कर अपनी समस्या रखे। कार्यक्रम में ब्रजेश लोधी मंडल अध्यक्ष, पप्पू राजपूत, राजू पाल, दयाराम लोधी, बंटी राजपूत, बब्लू जाटव, राजीव कुमार, एडीओ प्रदीप यादव, पूर्ति निरीक्षक विशाखा मलिक, अंकित चीमा, संजू, आदि उपस्थित रहे।


लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल।

**सुरक्षा व्यवस्था** | कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक, गांवों में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना देने की अपील

# 22 जनवरी को लेकर बनाई रूपरेखा, सतर्कता के निर्देश

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें ग्राम प्रधान के अलावा गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस बीच सभी से सर्दी से बचने की अपील भी दी गई। साथ ही 22 जनवरी को प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भी अलर्ट रहने के लिए कहा गया।

बुधवार को कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सर्दी में रात में घर से निकलते वक्त कंबल और लकड़ियां साथ में लेकर जाएं। खुले में न बैठे। वहीं कोहरे में हादसे से बचने के लिए वाहनों में रिफलेक्टर का प्रयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को लेकर पूरे देश में आयोजन किए जाएंगे। कहा कि गांव में किसी प्रकार का आयोजन किया जाता है तो पुलिस को इसकी पहले से जानकारी दे। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने में मदद की अपील की।


बैठक में उपस्थित कोतवाली प्रभारी व गणमान्य व्यक्ति। ● अमृत विचार

### आपसी सौहार्द से मनाए कार्यक्रम

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक ने 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों के बारे में लोगों से जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अगर किसी तरह की कोई समस्या है तो उसके बारे में पहले ही बता दें। इसके साथ ही इस बात का पूरा ध्यान रखें कि मंदिरों में लगातार भजन कीर्तन अनुष्ठान चल रहे हैं और लगातार करते रहें। साथ ही उन्होंने सभी आह्वान किया कि आपसी प्रेमभाव सद्भाव के साथ कार्यक्रम करें। किसी तरह की नई परंपरा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है। इस समय कोहरा भी पड़ रहा है। इसलिए अपने वाहनों पर रिफलेक्टर भी लगवाएं और हेलमेट अवश्य लगा कर चलें। इस अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, मुकेश माहेश्वरी, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ. अशोक चौहान, खलील सिद्दीकी, राजेंद्र सैनी, विश्व बंधु विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि किसी को भी शांति व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी देवदत्त दिवाकर, अवनीश चौधरी, चौधरी भयराज सिंह,हाजी राजू रफीक, ग्राम प्रधान इकरार हुसैन, पूर्व ग्राम प्रधान कल्याण सिंह, कासिम अंसारी आदि के अलावा सभासद व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गोशाला की बाउंड्री कराने की मांग की

**कांठ, अमृत विचारः** बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गो सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने ( बृहद गो संरक्षण केंद्र) सादकपुर खिचड़ी की गोशाला में जाकर गो सेवा की।

उन्होंने बताया कि इस गोशाला में वर्तमान में 385 निराश्रित गोवंश सुरक्षित एवं संरक्षित हैं। गोशाला में खाने-पीने व साफ सफाई की व्यवस्था ठीक है परंतु बाउंड्री चारों तरफ से टूटी है। गोशाला के आसपास काफी संख्या में आवारा कुत्तों के झुंड हैं। जो बीमार गोवंशों को हमला कर आए दिन घायल कर देते हैं। आज चार पशु बीमार थे जिनका उपचार कराया गया। उन्होंने बताया कि जल्दी ही समस्याओं के संबंध में मंडलायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर अवगत कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप


मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर स्थित प्राचीन मंदिर पौड़ा खेड़ा पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई की। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने 22 जनवरी से पहले स्वच्छता अभियान चलाने का संदेश दिया है। इसी के अंतर्गत नगर के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चल रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्राचीन मंदिर पौड़ा खेड़ा में सफाई की। इस दौरान पूर्व सभासद निशा त्यागी, भाजपा नेता राजीव शर्मा, सभासद प्रवेश कुमार, सभासद देवेश शर्मा, मुकुल पांडे, मानस पांडे, गीता चौधरी, गीता कोहली आदि मौजूद रहे।



पुराना डाकखाना रोड के पास मरम्मत कार्य के दौरान मौजूद ठेकेदार व अन्य।

### पुलिया और गड्ढों की मरम्मत कराई

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रहे गड्ढा मुक्त अभियान में नगर मे गड्ढों को भरा गया। बुधवार को साप्ताहिक बंदी के दौरान नगर पालिका परिषद ने मोहल्ला बाजार में बाजार को जानने वाले रास्ते पर बैरियर लगाकर गड्ढों व पुराना डाकखाना रोड पर टूटी हुई पुलिया की मरम्मत कर कार्य किया। बताते चलें कि मोहल्ला बाजार में पुराना डाकखाने के पास की पुलिया नगर पालिका द्वारा दो बार बनाई जा चुकी है, लेकिन घटिया सामग्री के चलते जल्दी टूट जाती है। एक बार फिर इसकी मरम्मत कराई जा रही है।


ठाकुरद्वारा के होली का मंदिर में सफाई करते भाजपा कार्यकर्ता।

### धार्मिक स्थलों पर चलाया सफाई अभियान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत नगर के दुर्गा मन्दिर में पूर्व सभासद राजेन्द्र पांडेय के गांव बांकावाला में जिला पंचायत सदस्य कुमार प्रजापति के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों पर सफाई की गई। वहीं रमनावाला रोड स्थित होली का मंदिर ठाकुरद्वारा में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख डॉ. वीर सिह सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, युवा मोर्चे के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मुकेश चौधरी, पवन पुष्पद, सचिन शर्मा, पूर्व सभासद संजीव कुमार, नागेंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।


कैलेंडर वितरित करते भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

### भारत विकास परिषद ने नववर्ष कैलेंडर वितरित किए

**कांठ, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने बुधवार को प्रांतीय आह्वान पर नगर में लोगों को नववर्ष का कैलेंडर वितरित किया। परिषद के लोगों ने सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प दोहराया। भारत विकास परिषद शाखा कांठ के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक विश्नोई संरक्षक, मुकेश माहेश्वरी, महेश चंद गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को नगर के लोगों को परिषद का नववर्ष का कैलेंडर भेंट किया गया। इस अवसर पर रोमी माहेश्वरी, मोना माहेश्वरी, संजय जैन, विजेंद्र विश्नोई, मोहित माहेश्वरी, गौरव विश्नोई, प्रमोद कुमार, अनिल, निवेश मित्तल, राजीव कुमार, डॉ. अशोक चौहान, दीपक लोहिया, दीपक मित्तल, संजय जैन, मास्टर विजेंद्र विश्नोई को कैलेंडर दिया गया।


कैलेंडर वितरित करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

### समाजसेवी ने मंदिरों में साफ-सफाई का लिया संकल्प

**कांठ, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूर्व कृषि अधिकारी (समाज सेवी) व उनका संगठन घर-घर दीप पहुंचाने, मंदिरों में साफ सफाई और पूजा अर्चना का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं। कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम कासमपुर निवासी भाजपा नेता एवं पूर्व कृषि अधिकारी प्रमोद चौहान सेवानिवृत्ति के बाद कई संगठनों से जुड़कर समाज की सेवा कर रहे हैं। 22 जनवरी के बाद कार सेवा के रूप में अयोध्या को गांव से कुछ समाजसेवी जाएंगे जिनकी समस्त व्यवस्था प्रमोद चौहान द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि घर-घर श्री राम मंदिर के कैलेंडर वितरण किया कर रहे हैं। इस मौके पर वेद दास, जयपाल सिंह, विनीत चौहान, पृथ्वी सिंह, वीरेंद्र सिंह, पुनीत कुमार चौहान, सत्यवान राजपूत, राकेश, संदीप , राकेश चौहान, दीपक आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर सही कराने को ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में चार दिन से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को सही कराने की मांग को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि चार दिन से आधा गांव अंधेरे में है। तहसील क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में चार दिन से चार ट्रांसफार्मर खराब है, विद्युत विभाग से कई बार शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर सही नहीं किये जा रहे। बुधवार को गांव में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है की विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते चार दिन से आधा गांव अंधेरे में है। कई बार शिकायत दर्ज करने के बाद भी विभाग ट्रांसफार्मर नहीं बदल रहा। अगर विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में दिनेश प्रजापति, हरिओम, अजय, मंगला, रंजीत, कलुआ, वीर सिंह, पुरुषोत्तम, चंद्रपाल, किशन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से आधे गांव में अंधेरा

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत में ट्रांसफार्मर फुंकने से आधा गांव में लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बुरावली बिजली घर पर फुंके ट्रांसफार्मर से संबंधित सूचना दी थी। लेकिन अधिकारियों ने फुंके ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवाया। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। बुरावली में हाजी असलम के घर के निकट रखा ट्रांसफार्मर सोमवार को अचानक फुंक गया था। जिससे आधा गांव अंधेरे में है। ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी में रात अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है और घरों में पानी की किल्लत बनी हुई है। बिजली से चलने वाले सभी उपकरण बेकार हो गए हैं। ग्रामीणों ने फुंके ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदलवाने की मांग की है।

### अयोध्या जाने वाली बस को नहीं मिलीं सवारियां

**अमरोहा, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर परिवहन निगम ने अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज बस की शुरूआत की। लेकिन अभी रोडवेज बस को अयोध्या जाने वाली सवारी नहीं मिल सकी हैं। रोडवेज बस स्टैंड के प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि बुधवार को भी अमरोहा से अयोध्या के लिए सुबह बस को रवाना किया गया, लेकिन अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बस को नहीं मिल सके। बस को अयोध्या जाना था, इसलिए मुरादाबाद की सवारियां लेकर ही बस रवाना कर दी गई। उन्होंने बताया कि अयोध्या के लिए चलाई गई रोडवेज बस लखनऊ व बरेली की सवारियां लेकर मुरादाबाद से आगे के लिए रवाना की गई।

# प्रेमी के घर के बाहर धरने पर बैठी प्रेमिका, शादी की जिद पर अड़ी

## प्रेमी ने नहीं उठाया फोन तो रात में ही घर पहुंची युवती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**मामला**

- प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने पर अपने घर गई युवती
- युवक और परिजन घर में ताला लगाकर गांव से फरार

**अमृत विचार :** कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान रजबपुर की रहने वाली युवती को युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा दिया। लेकिन बाद में प्रेमी मुकर गया। जिससे नाराज प्रेमिका मंगलवार रात प्रेमी के घर पहुंच गई और हंगामा किया। पुलिस ने मामले में प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमिका के हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रेमी पर जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगा रही है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव निवासी युवती जोया स्थित कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इसी कोचिंग सेंटर में डिडौली का रहने वाला युवक अरुण चिकारा भी पढ़ता है। युवती का आरोप है कि अरुण ने नजदीकी बढ़ाते हुए पहले उसके साथ दोस्ती की और फिर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बताया कि वह दोनों एक ही जाति है। शादी करने का वादा भी कर लिया। लगभग एक साल तक युवती के करीब रहने के बाद बीते लगभग एक महीने से अरूण ने उससे बात करना बंद कर दिया है उसे नजर अंदाज कर रहा है।

पिछले एक सप्ताह से अरुण ने उससे बात करनी बंद कर दी है और उसका फोन भी नहीं उठा रहा था। प्रेमिका ने मैसेज भी किए, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। प्रेमी की अनदेखी से नाराज युवती मंगलवार रात उसके घर पहुंच गई। युवती को देख प्रेमी के परिजनों ने अंदर से घर का दरवाजा बंद कर लिया तो युवती ने वहीं बैठकर हंगामा शुरू कर दिया। वह जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ गई। हंगामा होते देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच भीड़ में शामिल किसी शख्स ने मोबाइल से युवती का वीडियो बना लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, युवती को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। बाद में पुलिस ने युवती के परिजनों को भी मौके पर बुला लिया और युवती को समझाकर कोतवाली लेकर पहुंचे। छात्रा ने प्रेमी के परिजनों पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया है।

पुलिस ने उपचार के लिए युवती को जोया सीएचसी भेज दिया। वहीं प्रेमी व उसके परिजन गांव से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया युवती की तहरीर पर डिडौली निवासी अरूण चिकारा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस मामले की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फर्जी रिपोर्ट न लगाने पर महिला लेखपाल से मारपीट, रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** फर्जी प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने से इनकार पर जनसेवा केंद्र संचालक ने घर में घुसकर महिला लेखपाल से मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर तहसील में तैनात महिला लेखपाल रूबी मूलरूप से मोहल्ला वासुदेव स्थित बैंक कॉलोनी की रहने वाली है। विभागीय काम के लिए उनका तहसील के पास मोहल्ला चौक में भी कमरा है। महिला का आरोप है कि गांव धनौरी अहीर निवासी युवक वसीम जनसेवा केंद्र संचालक है। रूबी का आरोप है कि वसीम उन पर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए रिपोर्ट लगाने का दबाव बना रहा था। इनकार करने के बावजूद वह मंगलवार को मोहल्ला चौक स्थित कमरे पर आ गया। वहां अन्य कई लोग और भी मौजूद थे। वसीम ने सबके सामने गाली गलौज शुरू कर दी। मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह रिपोर्ट न लगाने का अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि महिला लेखपाल रूबी की तहरीर पर आरोपी वसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भारतीय किसान संघ ने पंचायत कर गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल की मांग की

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ की मासिक पंचायत में गन्ना मूल्य घोषित न होने पर किसानों ने नाराजगी जताई। पंचायत में किसानों ने 400 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की। पंचायत के बाद किसानों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भारतीय किसान संघ की मासिक पंचायत हुई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान ने कहा की छुट्टा पशु किसानों के साथ जनता के लिए भी परेशानी का कारण बने हैं। कई पशु हिंसक हो गए हैं और लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। वहीं फसल की रखवाली करने के लिए किसानों को रात दिन खेतों पर रहना पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। वहीं विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार को रोकने की मांग की। पंचायत के बाद जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को सौंपा। इस मौके पर चंद्रप्रकाश शर्मा, महिपाल सिंह, उमेश सेन, विजयपाल, धर्मपाल सिंह, ओमवीर सिंह, यशवीर सिंह, दिलीप सिंह, राहुल, धर्मपाल सिंह चौहान शामिल रहे।



हसनपुर में मासिक पंचायत में मौजूद किसानों को संबोधित करते पदाधिकारी।

### अपात्रों के राशन कार्ड बनाने का आरोप

**रहरा, अमृत विचार :** भाकियू शंकर की मासिक पंचायत शिव मंदिर आदमपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता कुंवरपाल सिंह ने की और तथा संचालन शीशपाल ने किया। पंचायत में किसानों ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं ने किसानों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाया जाए। नंदी गोशाला गुरेठा में दूसरे क्षेत्र से पशुओं को लाया जा रहा है, लेकिन गुरेठा क्षेत्र से एक भी पशु नहीं पड़कर लाया गया। उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। क्षेत्र में पात्र लोगों के राशन कार्ड बिना किसी जांच के काटे जा रहे हैं। जबकि अपात्रों के राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 28 जनवरी को पूर्ति निरीक्षक गंगेश्वरी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। मासिक पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह, गंगेश्वरी ब्लॉक उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, कमल ठाकुर, कोषाध्यक्ष नहीम सिंह, चरण सिंह, मोमराज, मुरारी लाल, शिव कुमार, राजवीर सिंह व बालकिशन शामिल रहे।

# प्रेमिका के लिए पत्नी को दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**कार्रवाई**

- पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट
- पांच लाख रुपये और बाइक लाने को भी बनाया था दबाव

**अमृत विचार :** प्रेमिका से शादी करने के लिए युवक ने पत्नी को तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने पति व ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के मोहल्ला बंगला निवासी मोहम्मद हसनैन ने बेटी अर्शी की शादी जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के गांव इकरोटिया निवासी जफर अहसन के बेटे जैगम अब्बास से की थी। अर्शी और जैगम अब्बास के तीन बच्चे हैं । अर्शी का आरोप है कि उसके पति का दूसरी युवती के साथ प्रेम प्रंसग है। जिससे पति उसकी अनदेखी करता है।। विरोध करने पर पति मारपीट कर प्रेमिका से शादी करने की धमकी देता हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग करते थे। मायके से पांच लाख रुपये व बाइक दिलाने का दबाव बनाया जाता था। आठ महीने पहले अर्शी को घर से निकाल दिया। तीनों बच्चों को पति ने अपने पास रोक लिया। पीड़िता तभी से मायके में पिता के साथ रह रही है।

19 दिसंबर को पति व ससुराल वाले मायके पहुंचे और दहेज की मांग दोहरायी। विरोध करने पर मारपीट की और पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। मामले में पीड़िता ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पति जैगम अब्बास, शबाब मेंहदी, शोबी, आशूर, सानिया व जामीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



गांधी प्रतिमा के समक्ष बैठे कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भाजपा को सदबुद्धि दें श्रीराम : ओमकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष राम धुन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गाकर ईश्वर से प्रार्थना की। कांग्रेसियों ने कहा कि भगवान श्रीराम भाजपा और आरएसएस के लोगों को सदबुद्धि दें।

पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि मकर संक्रांति पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी धीरज गुर्जर अयोध्या गए थे, उन्होंने वहां पर सरयू नदी में स्नान किया और भगवान श्रीराम की मंदिर में पूजा अर्चना कर दर्शन किए। अयोध्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता अनोखेलाल तिवारी जो कांग्रेस पार्टी का ध्वज हमेशा लिए रहते हैं। उनके साथ भाजपा और आरएसएस के लोगों ने अभद्रता की और कांग्रेस पार्टी के ध्वज का अपमान किया। इसी के विरोध में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने राम धुन गाकर ईश्वर से प्रार्थना की कि भगवान श्रीराम भाजपा और आरएसएस के लोगों को सदबुद्धि प्रदान करें। कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। भाजपा के लोग राजनीतिक लाभ के लिए भगवान श्रीराम का भी बंटवारा कर रहे हैं। इस मौके पर फैज आलम रायनी, अब्दुल सत्तार सैफी, नरेंद्र चौधरी, सचिन चौहान, नौशाव खां, जयपाल सिंह जाटव, राजकुमार अरुण, सरदार इन्द्र सिंह, अफसर अली खां, मनोज कटारिया, हाजी खुर्शीद अनवर, अकरम अली, शाहिद खेड़ी, शकील चौधरी, नाजिम अली, बासित अंसारी, वाहिद अली सैफी रहे।

# छात्रा के शव का परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, मंडी धनौरा

- छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर की थी आत्महत्या
- कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी

**अमृत विचार :** मंगलवार शाम गांव चुचैला कलां की रहने वाली 10वीं की छात्रा के ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। बुधवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच और कार्रवाई की बात कह रही है।

मामला कस्बे के मोहल्ला बड़ा बाजार का है। यहां रहने वाले राजमिस्त्री की 16 वर्षीय पुत्री गजरौला के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी। सर्दियों के अवकाश के चलते वह घर पर आई हुई थी। बताया जाता है कि मंगलवार शाम करीब सात बजे वह अकेली घर से निकलकर कस्बे में रेलवे हाल्ट पर पहुंच गई और जैसे ही कोटद्वार से दिल्ली जा रही गढ़वाल एक्सप्रेस वहां पहुंची तो उसने इंजन के आगे कूदकर जान दे दी। हादसे की बाबत जानकारी ट्रेन चालक ने धनौरा स्टेशन अधीक्षक को दी। जीआरपी टीम के साथ ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। साथ ही ग्रामीणों की भीड़ भी वहां जुट गई। हादसे की जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन भी वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त अपनी बेटी के रूप में की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। मृत छात्रा की मां ने पड़ोस के ही युवकों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। इसके बाद सीओ श्वेताभ भास्कर पीड़िता के घर पहुंचे और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन परिजनों को दिया। बुधवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं रामपुर तगा पुलिस चौकी इंचार्ज कुमरेश त्यागी ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले में जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं-छात्राओं को जागरूक किया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में बीएड विभाग की ओर से स्वीप योजना कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। 10वें दिन कार्यक्रम का विषय महिलाओं की सुरक्षा रहा। इसके साथ कार्यक्रम में मतदाताओं को भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए एनएसएस अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने महिलाओं और बेटियों को अपनी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन की जानकारी दी और कहा नारी शक्ति है, सम्मान है। नारी गौरव है, अभिमान है।

नारी ने ही यह रचा विधान है। नारी शक्ति को सत् सत् प्रणाम है। कॉलेज के चेयरमैन गोपाल सक्सेना व डॉ. नेहा सक्सेना ने कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रवक्ता अजयपाल सिंह, कुमुद त्यागी व कॉलेज के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

# मजदूर के घर में लगी आग से सामान नष्ट, बच्चों को बचाया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मजदूर के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे घर का सामान जल गया। जानकारी होने पर लेखपाल व कानूनगो ने जांच की।

मोहल्ला गांधी निवासी अमित मजदूरी करता है। मंगलवार शाम सात बजे अमित पत्नी के साथ काम पर गया था। तभी कमरे में आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जिससे देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मोहल्ले के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। इस दौरान कमरे में अमित की पांच वर्ष की लड़की पीहू व दो वर्ष का लड़का वंश भी मौजूद थे। पास में रहने वाले एसडीएम के पेशकार श्याम बाबू ने आग के बीच से दोनों बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। मोहल्ले के लोगों ने हैंडपंप और एक सब मर्सिबल से पानी लेकर आग पर काबू पाया। कमरे में आग लगने से अमित के घर का बेड, गद्दे, वाशिंग मशीन, फ्रिज आदि नष्ट हो गया। गृहस्वामी ने एक लाख से अधिक का नुकसान बताया है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मोहल्लेवासियों ने बताया अमित मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। लेखपाल व कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।




**आयोजन** स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिरों की सफाई कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

# 22 जनवरी को घरों और मंदिरों में दीप जलाकर उत्सव मनाएं

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने बुधवार को शक्तिपीठ मां चामुंडा देवी मंदिर, पाधा जी वाले मंदिर में सफाई कर श्रमदान किया। उन्होंने नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बुधवार को शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी और स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे।

जहां सभी ने सफाई का कार्य करके श्रमदान किया और 22 जनवरी को दीप जलाने का आह्वान किया। इस मौके पर अमित भाटी, भगवत खड़गवंशी, महरबान, राशिद, अमित प्रजापति, फजले अब्बास, मुनीश कश्यप, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मिंटू गुजर व रवि जाटव समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## डॉ. नागर ने श्रीराम मंदिर में सफाई कर जागरूक किया



श्रीराम मंदिर में सफाई करते डॉ. सुरेश चंद नागर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अयोध्या स्थित भगवान राम के भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर देश का माहौल राममय है। भाजपा की ओर से चलाए सफाई अभियान में लगातार कार्यकर्ता जुट रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ. सुरेश चंद नागर ने भी बुधवार को गजरौला के नाईपुरा स्थित श्रीराम मंदिर में साफ सफाई की। उन्होंने श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सप्ताह भर पहले से ही पूरे देश के अलग-अलग कोनों में दिवाली की तरह तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि गजरौला में स्थित भगवान श्रीराम का मंदिर अपनी भव्यता और बनावट को लेकर चर्चा में है। क्योंकि इस मंदिर का नक्शा भी सीबी सोमपुरा ने बनाया था जो अयोध्या के मंदिर के शिल्पकार हैं। इसका स्वरूप इससे मिलता-जुलता है। जिसे लेकर लोगों में खासी आस्था देखी जा रही है।

## एक नजर

### हिरनौटा मार्ग पर कीचड़ से ग्रामीण परेशान

**बुरावली, अमृत विचार :** कस्बे में हिरनौटा वाले मुख्य मार्ग पर पिछले कई महीनों से कीचड़ से लोगों को परेशानी हो रही है। जिससे इस मार्ग पर राहगीरों व ग्रामीणों का निकलना दुभर है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग यहां से गुजरते हैं। सबसे अधिक विद्यार्थियों को परेशानी होती है। ग्रामीण शाहीन अल्वी, समादीन अल्वी, आजम मलिक, नाजिम अली, सलाउद्दीन, सुहेल चौधरी, आदिल अली, श्यामलाल, लाला, कलवा, सचिन, देवराज, हाजी हारून, हाफिज विक्की, जयपाल सिंह समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां पानी भरा होने व रास्ते में गड्ढे हो गए हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने रास्ता सही करवाने व गांव में सफाई कराने की मांग की है।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी...

# तालाब में ट्रक पलटने से चालक की मौत

## चुचैला कलां की घटना, पीछे करते समय तालाब में पलट गया था ट्रक

संवाददाता, मंडी धनौरा

- ससुराल से घर लौट रहा था मोहम्मद अहमद
- अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ दिया दम

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव चुचैला कलां में सड़क किनारे तालाब में ट्रक पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने किसी तरह चालक को तालाब से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

बिजनौर के चांदपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीमपुर निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ पप्पू 55 वर्ष पुत्र वहीद सिद्दीकी ट्रक चलाता था। मोहम्मद अहमद की गांव में मरहूम खुदाबख्श के यहां ससुराल थी। बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे वह ट्रक लेकर ससुराल आया था। कुछ देर रुकने के बाद वापस ट्रक लेकर घर लौट रहा था। तालाब किनारे ट्रक पीछे करते वक्त अचानक ट्रक तालाब में पलट गया। ट्रक पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने उसको ट्रक के नीचे से



तालाब में पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

बाहर निकाला। तब तक चालक के ससुराल पक्ष के लोग भी आ गए। घायलावस्था में उसको रिश्तेदारों ने धनौरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर परिजन भी वहां पहुंच गए। परिजन पुलिस कार्रवाई किए बिना शव को गांव ले गए। ग्रामीणों ने तालाब की चारदीवारी कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब आबादी के बीच में है। इसके चारों तरफ रास्ता है। तालाब की गहराई भी करीब दस फिट है। चारदीवारी न होने से हादसे की आशंका बनी रहती है। पहले में भी कई बार बाइक व ई रिक्शा तालाब में पलट चुकी है।

### रेलिंग से टकराकर कबाड़ से भरा ट्रक पलटा

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर कबाड़ से भरा हुआ ट्रक ओवरटेक करते समय और अनियंत्रित होकर लोहे की रेलिंग से टकराकर पलट गया। बुधवार सुबह कबाड़ से भरा हुआ ट्रक दिल्ली से काशीपुर जा रहा था। नेशनल हाईवे पर निर्मल फैक्ट्री के निकट अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर लोहे की रेलिंग से जाकर टकराकर पलट गया। जिससे गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जिसके बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

## लिफ्ट देकर युवक से एटीएम कार्ड छीना 4500 रुपये निकाले

**गजरौला, अमृत विचार :** बाइक पर लिफ्ट देकर युवक से एटीएम छीन लिया तथा खाते से 4500 रुपये निकाल लिए। आरोप है कि आरोपियों ने युवक को रुमाल में लपेटकर 30 हजार रुपये के नकली नोट भी दिए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

शहर के धुनपुरी मोहल्ला निवासी कमल बुधवार को हसनपुर के मंगरौला गांव जा रहा था। वह चौपला पर खड़ा होकर सवारी का इंतजार कर रहा था। बाइक सवार दो लोग वहां रुके तथा मंगरौला जलने की बात कहते हुए कमल को अपनी बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि हसनपुर मार्ग पर बाइक रोककर दोनों आरोपियों ने कमल के साथ मारपीट की। जेब में रखे सात सौ रुपये व एटीएम छीन लिया। उससे पिन के बारे में जानकारी करके एटीएम से साढ़े चार हजार रुपये निकाल लिए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप



विधायक का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### विधायक ने किया नाला निर्माण कार्य का लोकार्पण

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर विधानसभा के ग्राम खैलिया खालसा में पंचायत घर से गांव के बाहर तक 450 मीटर नाला निर्माण कार्य का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि जितना विकास भाजपा सरकार में हो रहा है, उतना विकास किसी सरकार में नहीं हुआ। इस मौके पर गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खडगवंशी, विशाल देव त्यागी, राहुल त्यागी, ग्राम प्रधान खेलिया खालसा विनोद कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान पूरन सिंह, रघुवीर भगत, राम कंवर प्रधान, चंद्रदेव, रामचंद्र शामिल रहे।



लाभार्थी को प्रमाण देते अतिथि। ● अमृत विचार

### लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लाक के फतेहपुर और कपासी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को ब्लॉक के एडीओ जितेंद्र यादव के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ब्लॉक के गांव फतेहपुर अब्बू और कपासी में हुए। कार्यक्रमों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी 17 योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया एवं योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गरीब बेसहारा लोगों को सरकार द्वारा विकसित करने के लिए योजना चला रखी है। इन योजनाओं का लाभ लेकर सभी गरीब बेसहारा लोग योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आप को विकसित करें और देश को विकसित बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गीता राजपूत, ग्राम पंचायत सदस्य इसरार अहमद और संदीप कुमार शामिल रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

### लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करें और उनका लाभ सभी को दिलवाएं। बुधवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कला स्थित विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर रुखालू मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी शामिल हुए। बैठक की शुरुआत उदयगिरि गोस्वामी व मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह खड़गवंशी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव करीब हैं और प्रत्येक भाजपा का कार्यकर्ता जनता तक जाए और सरकार की जनकल्याणकारी योजना एवं पार्टी की नीतियों का प्रचार करे। बैठक में ईश्वर चंद्र गुर्जर, भीष्म सिंह खड़गवंशी, मोनू अग्रवाल, इंद्रेश कुमार, रूप किशोर प्रजापति, कलुआ खड़गवंशी, हरीराज सिंह, पिंकू त्यागी, पवन, राजपाल सिंह, सरोज, केपी सिंह, अंकित, कपिल, शशि, राजीव त्यागी, हरी सिंह, सुशील भगत शामिल रहे।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

**गजरौला, अमृत विचार :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्पेशल प्रोजेक्ट फार इक्विटी के तहत निपुण भारत मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को अभिभावकों और जन समूह के मध्य समीक्षा सांस्कृतिक मंच शाहजहांपुर के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रस्तुत किया। डीसी कस्तूरबा प्रशांत कुमार ने बताया कि श्रेष्ठ ज्ञान से मनुष्य में सद्गुणों का विकास होता है। मंच के ग्रुप लीडर प्रेम कुमार समेत धर्मेंद्र कुमार, अभिनय, आदित्य, रामबली व सोनू ने नुक्कड़ नाटक नाटकों का मंचन किया। नाटक के माध्यम से जनता को जागरूक किया कि वह अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश कराएं एवं सरकार की योजनाओं का लाभ लें। टीम लीडर ने बताया कि टीम चिन्हित स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन करके समाज में निपुण भारत मिशन के संदर्भ में जन जागरूकता फैलाएगी। यह कार्यक्रम फरवरी तक चलाया जाएगा। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार, बीईओ प्रकाश चंद्र, तिगरी प्राथमिक विद्यालय के प्रधनाचार्य जोगेंद्र सिंह, कंपोजिट विद्यालय बस्ती गजरौला की प्रधनाचार्या रेखा रानी, कमल कुमार शर्मा, जयवीर सिंह व नरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।



प्रभात फेरी में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व पर बुधवार को गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई। नगर के प्रमुख रास्तों से गुजरी प्रभातफेरी पर पुष्पवर्षा की गई।

श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के तत्वावधान में सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में सबसे आगे गुरु महाराज का झंडा लिए हुए बच्चे चल रहे थे। उसके पीछे सिख समाज के लोग व नगरवासी कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई विक्रम महंत के आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सरदार वीरेंद्र सिंह, सुरेश खन्ना, महेंद्र चावला, हरजीत चावला, सरदार चरणजीत सिंह, मनजीत सिंह, हरजीत सिंह, बबलू, डिंपी, सिमरन, कुमकुम, खुशबू, मनजीत कौर, संगीता चावला रहे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्सव मनाएं

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने नगर स्थित मंदिर एवं सड़क की सफाई कर जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बुधवार को विधायक नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर में सफाई की। विधायक ने बताया कि 22 जनवरी का दिन हमारे लिए बहुत ही शुभ दिन है। भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्रधानमंत्री द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल संजय शर्मा, विक्रम महंत, पवन राज, अजय पाल, विशाल त्यागी शामिल रहे।

वहीं, **मंडी धनौरा में** अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता व पालिका सभासद सरस्वती गोयल ने पति मधुसूदन गोयल के संग मोहल्ला गांधीनगर स्थित महर्षि वाल्मीकि



सफाई अभियान में शामिल विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य। ● अमृत विचार

मंदिर परिसर में सफाई की। सभासद सरस्वती गोयल ने कहा कि सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान 22 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए सौभाग्य का दिन है रामलला मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस दिन हर घर-हर मंदिर हर प्रतिष्ठान में दीपक जलाने के साथ-साथ भजन कीर्तन कर दीपोत्सव मनाएं। इस अवसर पर सभासद सरस्वती गोयल, मधुसूदन गोयल, अन्नू रस्तोगी, महेंद्र कुमार व सुनील कुमार शामिल रहे।

**बुरावली में** गांव को स्वच्छ बनाने के लिए गांव मदारीपुर में सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत हर गली व मोहल्ले में साफ सफाई कर युवाओं ने गांव को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया। ग्राम प्रधान जाकिर अली ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई कार्य कराया जा रहा है। लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने घर से लेकर गांव तक साफ सफाई रखनी चाहिए। सफाई से अनेक प्रकार की संक्रमित बीमारियों के फैलने का भी खतरा नहीं रहता। बल्कि हमारा चारों ओर का वातावरण भी प्रदूषण रहित रहता है।

### मंदिरों में चलेगा विशेष सफाई अभियान : शशि

**अमरोहा, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के निर्देश पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के सभी मंदिरों एवं उनके मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने और चूने का छिड़काव करने के आदेश पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने दिए हैं। बुधवार को नगर पालिकाध्यक्ष ने नगर के समस्त मंदिरों का निरीक्षण किया और पालिका के अधिकारियों का कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि प्राण प्रतिष्ठा का अवसर पर समस्त वार्डों व मंदिरों और उनके मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाएं और चूने का छिड़काव कराएं। पालिका अध्यक्ष ने मंदिरों के मार्गों पर एलइडी लाइट लगाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर सजावट की जाए।



# देवर से शादी कराकर मांग रहे दहेज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

शर्मनाक

- आठ साल पहले हो गई थी महिला के पति की मौत
- पंचायत होने के बाद भी नहीं बदला ससुरालियों का व्यवहार

**अमृत विचार :** पति की मौत के बाद महिला की उसके देवर के साथ शादी करा दी गई। जिसके बाद ससुराल के लोग महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी बिजनौर जिले के गांव शादीपुर मिलक निवासी हर्षित ढाका के साथ हुई थी। साल 2016 में हर्षित ढाका की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद अगले साल 2017 में परिजनों ने आपसी सहमति से उसकी शादी देवर निशित ढाका के साथ करा दी।

आरोप है कि इसके बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मायके से कार और पांच लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर पति मारपीट करता था। 25 मई 2022 को विवाहिता के छोटे बेटे की संदिग्धहालत में मौत हो गई। इसके बाद ससुराल वाले और प्रताड़ित करने लगे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत हुई, लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। छह अक्तूबर को ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में पति निशित ढाका, रेखा ढाका, अरविंद ढाका व शिवानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज के लिए विवाहिता को पति व ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया। इतना ही नहीं पति व ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव अपरौला में अली हसन ने अपनी बेटी की शादी चार साल पहले बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव बाबरपुर निवासी कमरुद्दीन से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बाइक दिलाने का दबाव बनाते थे। तीन महीने पहले ससुराल वालों ने उनकी बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में अली हसन ने एसपी कुंवर अनुपम सिंह से शिकायत की। पुलिस ने मामले में पति कमरुद्दीन, सरफराज, मुखिया व चांद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कीर्तन कर गुरु महाराज का किया गुणगान

**अमरोहा, अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह महाराज के 357वें प्रकाश उत्सव पर भव्य नगर कीर्तन निकाला। जिसमें में गुरु महाराज का गुणगान किया। कीर्तन में बच्चों और युवाओं ने अखाड़ा में करतब दिखाए।

बुधवार को नगर के आजाद नगर में स्थित गुरुद्वारा से शुरू हुआ नगर कीर्तन रेलवे स्टेशन मार्ग, टीपी नगर चौराहा, तहसील रोड, चौक बाजार समेत अन्य मार्गों से होते हुए गुरुद्वारे पर आकर समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में सबसे आगे पंच प्यारे चल रहे थे। कीर्तन में सेवक एवं सेविकाएं हाथों में झाड़ू लगाकर मार्ग साफ करते हुए चल रहे थे। अखाड़ा में छोटे बच्चे व युवा ने तलवारबाजी व अन्य करतब दिखाकर अचंभित कर दिया। विभिन्न स्थानों पर संगठनों, व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस मौके पर नगर कीर्तन के संरक्षक ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह, शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, जसप्रीत सिंह, एसपी सिंह, सलूजा सिंह, सतपाल सिंह चावला शामिल रहे।

# चोरी एवं लूट की घटनाओं को खोलने में पुलिस नाकाम

संवाददाता, हसनपुर

- विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पुलिस अधीक्षक से बात की

**अमृत विचार :** पांच दिनों में तीन दुकानों में चोरी एवं लूट की घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं। पुलिस ने पड़ोसी जनपदों में भी दबिश देकर कई संदिग्धों से पूछताछ की है। लेकिन सूत्रों की माने तो कोतवाली पुलिस के हाथ अभी आरोपियों से काफी दूर हैं।

11 जनवरी को भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल की दुकान और उनके ताऊ महेंद्र अग्रवाल की दुकान को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों की चोरी की थी। 15 जनवरी की सुबह पराग अग्रवाल की दुकान में सवा लाख की चोरी को अंजाम देकर चुनौती देने का काम किया है। 16 जनवरी को नगर के बाईपास मार्ग स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी के निकट डी फार्मा के छात्र मोहम्मद कैफ से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दे दिया था। अब कोतवाली पुलिस के लिए तीनों व्यापारियों के यहां हुई चोरी व मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करना चुनौती बन गया है। व्यापारी संगठनों ने चोरी एवं लूट की घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की जा रही है। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भी पुलिस अधीक्षक से फोन से कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए खुलासे की मांग की थी। जबकि कोतवाली पुलिस की कई टीमों के साथ ही जनपद की एसओजी टीम भी कार्य कर रही है। कोतवाली पुलिस ने पड़ोसी जनपदों में भी दबिश देकर कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें कार्य कर रही हैं, कुछ संदिग्धों को कोतवाली लाया गया है। जल्द घटनाओं का अनावरण होगा।

कार्यक्रम

## बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार ने सुनाईं राम भक्ति की धुनें

# शास्त्रीय संगीत हमारी समृद्ध विरासत :डॉ. गिरी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में कल्चरल सोसायटी स्पिक मैके के तत्वावधान में बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार ने बांसुरी वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने राम भक्ति की धुनें बजाकर माहौल को श्रीराममय कर दिया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक सभागार में पंडित रोनू मजूमदार की बांसुरी वादन लाइव कॉन्सर्ट ताल तरंग की शुरूआत मुख्य अतिथि रोनू मजूमदार, समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी स्पिक मैके की वाइस प्रेसीडेन्ट सुमन, प्रोफेसर वीपीएस



मंच पर मौजूद अतिथि व सम्मानित कलाकार। ● अमृत विचार

अरोड़ा, कुलपति प्रोफेसर राकेश यादव, इन्द्रनील मलिक ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद पंडित रोनू मजूमदार ने बांसुरी पर सबसे पहले पायोजी मैंने राम रतन धन पायो की शानदार धुन बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम आयेंगे,आयेंगे, राम आयेंगे मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे व हे राम, हे राम-जग में सांचों तेरो नाम धुन बजाकर सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में यह सांस्कृतिक आयोजन भगवान श्रीराम के प्रति हमारी अगाध आस्था का प्रतीक हैं। 22 जनवरी को संस्थान में दीये जलाकर एवं आतिशबाजी कर दिवाली मनाएंगे। इस मौके पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आरएस शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू मौजूद रहे।

## बिजली बकाएदारों के 20 कनेक्शन काटे

**अमरोहा, अमृत विचार:** नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के बड़े बकायादारों के खिलाफ विभाग ने अभियान चलाकर 20 घरों के कनेक्शन काट दिए।

अधिशासी अभियंता जीडी प्रजापति ने बताया कि बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने अभियान को तेज कर दिया है। इस अभियान के दौरान जिन बिजली उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया, उनके खिलाफ कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली विभाग की टीम ने 20 बड़े बकायादारों के घरों के कनेक्शन काटे और कुछ उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर जल्द बिजली का बिल जमा करने को कहा है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, उनमें अधिकांश उपभोक्ता एक लाख से ऊपर के बकायदार है।

# फसलें उजाड़ रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाएं

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की पंचायत सरीकपुर गांव में नौरंग सिंह के आवास पर हुई। पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने बताया कि छुट्टा गोवंश का आतंक चरम पर है। गेहूं की फसल छुट्टा पशुओं ने उजाड़ दी है।

जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का कार्यक्रम बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक गन्ने का भाव नहीं घोषित किया है और गन्ना का पेमेंट भी चीनी मिल 14 दिन में नहीं कर रही और छुट्टा पशुओं से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया कि सरकार ने किसानों को



गन्ना जलाकर विरोध जताते किसान। ● अमृत विचार

सिंचाई के लिए बिजली फ्री देने का वादा किया था। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है और यूरिया खाद का कट्टा 50 किलो से घटकर 45 किलो कर दिया है। किसानों ने पंचायत के बाद गन्ना जलाया और गन्ना का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष संजीव चौधरी ने गांव में 20 लोगों की कार्यकारिणी बनाई देवेंद्र सिंह को ग्राम अध्यक्ष बनाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राहुल सिद्धू, तहसील अध्यक्ष धनोरा संजीव चौधरी, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, अतुल नागर, अशोका अधाना समेत अन्य किसान शामिल रहे।

## एक नजर

### ठंड के चलते कक्षा 8 तक के स्कूलों में 20 तक अवकाश

**बहजोई( संभल), अमृत विचार** :कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते जनपद संभल में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने स्कूली बच्चों को राहत दी है। 20 जनवरी तक नर्सरी से कक्षा 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जनपद के सभी संचालित राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सीबीएसई,आईसीएसई, मदरसा बोर्ड, कस्तूरबा गांधी बालिका, विद्यालय संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अधीन संचालित माध्यमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त और असहायता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं का 20 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। डीएम ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। शैक्षिक स्टाफ के अवकाश को लेकर प्रबंधकों का निर्देश दिया है तथा बच्चों को ऑनलाइन क्लास लगाने के भी निर्देश जारी किए हैं।

### किसान के घर में बंधी भैंस चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**संभल/ओबरी, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने किसान के घर में बंधी भैंस चोरी कर ली। किसान ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी कल्लू मंगलवार को रात सर्दी के कारण घर के कमरे में सोया था। चोर घर में दाखिल हुए और भैंस ले गए। बुधवार को सुबह कल्लू चारा डालने के लिए उठा तो भैंस नहीं थी। आसपास तलाश किया लेकिन भैंस का पता नहीं चला। कल्लू ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### छात्र छात्राओं को डाउनलोड कराया नमो एप

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : करणी सेना के जिलाध्यक्ष एवं रहटौल मंडल उपाध्यक्ष भाजपा रितिक राजपूत ने डीएसएम इंटर कॉलेज भैंसोड़ा और अमित बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुमसानी में छात्र छात्राओं को नमो एप के बारे में जानकारी दी। छात्र छात्राओं को नमो एप डाउनलोड कराया। उन्होंने कहा कि नमो एप के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, डॉक्टरों और उद्यमियों आदि को इस अभियान से जोड़ते हुए विकसित भारत एंबेसडर बनाना है। इस दौरान चमन प्रताप सिंह, रितिक ठाकुर, अरविंद भटनागर, मनोज कुमार, मुकुल, मयंक श्रीवास्तव, महेश कुमार आदि रहे।

# श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव सौहार्द से मनाएं

## अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखे पुलिस, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार**:22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने जनपद के विभिन्न धर्मों के लोगों व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को सभी लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार की तरह मनाने की बात कही। वहीं पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने व कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले विभिन्न धर्मों के लोगों से सीधा संवाद किया। डीएम ने कहा कि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देश नहीं बल्कि विश्व स्तरीय कार्यक्रम है। यह राष्ट्र की संस्कृति का प्रतीक है। इसलिए इस महत्वपूर्ण उत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शांतिपूर्वक मनाया जाए। कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट रहे। कोई भी असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था में खलल डालने का काम करे तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी श्रीश्चंद, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, एसडीएम चंदौसी संदीप कुमार वर्मा, संभल सुनील कुमार त्रिवेदी, डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा व नीतू कुमारी सहित जनपद के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।



विभिन्न धर्मों के लोगों व अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

▸▸ पुलिस प्रशासनिक अफसरों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

### सोशल मीडिया व जुलूस में गलत टिप्पणी पर होगी कार्रवाई

**बहजोई,अमृत विचार** : एसपी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि वह सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। सोशल मीडिया पर लोग अनावश्यक टिप्पणी न करें इसके लिए धर्मगुरु लोगों को जागरूक करें। क्योंकि उनकी एक गलत टिप्पणी से जनपद की कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि जो भी माहौल खराब करने का काम करे उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर रखी जाए।

### धार्मिक स्थलों पर रहेगा पुलिस बल तैनात

**बहजोई, अमृत विचार** : डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने सभी थाना प्रभारी तथा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि 21 जनवरी से ही पुलिस पूरे जनपद में अलर्ट मोड पर रहे। सभी धार्मिक स्थलों पर स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए। रात्रि में धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया जाए। जिससे कोई भी असामाजिक तत्व धार्मिक स्थलों पर कानून व्यवस्था न बिगाड़ पाए। धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस अधिकारी 21 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक धार्मिक स्थलों पर पेट्रोलिंग करेंगे।



संभल के कैला देवी धाम में बैठक करते संत। ● अमृत विचार

# कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम पर संतों का मंथन

संवाददाता,संभल/सौंधन

**अमृत विचार** :ऐचौड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए कैला देवी धाम पर हुई बैठक में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरी और साधु संतों ने हिस्सा लिया।

बैठक में धाम के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर मंथन किया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद संभल में बनने जा रहे कल्कि धाम मंदिर का 19 फरवरी को शिलान्यास होना है। जिसमें शामिल होने आ रहे साधु सन्यासियों का भी स्वागत किया जाए।

किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। साधु संत जिसे चाहें निमंत्रण दें। कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। महंत ऋषिराज गिरी के साथ ही अन्य साधु संन्यासियों ने भी कल्कि धाम शिलान्यास को भव्य बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

# हर वर्ग के लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जो लोग वंचित हैं, वह पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ उठायें।

नगर पालिका परिषद संभल के मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता राम सिंह सैनी ने फीता काटकर किया।

उन्होंने मौजूद लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि आज हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिससे लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है। भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी जातियों के लोगों को सरकार की ओर से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। लोगों और छात्राओं को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई।

वहीं आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महिलाओं और पुरुषों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, सभासद राजेंद्र कुमार, सभासद गगन वार्ष्णेय, सभासद इब्राहीम, सभासद पति अजीम अब्बासी, भाजपा नेता सैयद शान अली आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ नगर में दो स्थानों पर हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

▸▸ भाजपा नेताओं ने लोगों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

### मुख्य रास्ते में जलभराव को लेकर भड़के ग्रामीण

**संभल/जुनावई, अमृत विचार** : विकास खंड जुनावई की ग्राम पंचायत सिहोरा में मुख्य मार्ग में कीचड़ और जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत सिहोरा में बुधवार को ग्रामीणों ने मुख्य रास्ते में कीचड़ और जलभराव को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी। कहा कि यह गांव का मुख्य रास्ता है। इस रास्ते से गांव बुधैती फाजिलपुर, तोतापुर, अकराबाद, हथियावली आदि के लोग भी गुजरते हैं। स्कूली बच्चों की ड्रेस भी कीचड़ में खराब हो जाती है। कई महिलाएं रास्ते में गिर चुकी हैं। सर्दी के बीच भी ग्रामीण कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरने के लिए मजबूर हैं लेकिन प्रधान और अधिकारी सुधि नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से हालात सुधारने की मांग की। इस दौरान गजेंद्र, जीराज, सतीश, पप्पू, इंद्रपाल, रजनीश, जितेंद्र, रनवीर, महावीर, विजेंद्र, राजू आदि रहे।

## सार-संक्षेप



किसानों को कंबल वितरित करते चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों को वितरित किए कंबल

**संभल, अमृत विचार** : डीएसएम शुगर मिल रजपुरा के अधिकारियों ने किसानों, छात्रों और साधु संतों को सर्दी से बचाने के लिए कंबल वितरित किए। कंबल मिलने पर लोगों ने राहत महसूस की। डीएसएम शुगर मिल रजपुरा के अधिकारियों ने बुधवार को यार्ड में आए किसानों को मिल प्रबंधन की ओर से कंबल वितरित किए। इसके बाद अधिकारियों की टीम श्री हरि बाबा आश्रम पर पहुंची। जहां गुरुकुल के छात्रों और आश्रम में रहने वाले साधु महात्माओं को भी कंबल बांटे। बताया गया कि मिल प्रबंधन की ओर से 800 कंबल वितरित किए गए हैं। इस दौरान यूनिट हेड आशीष शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक केन इकबाल सिंह, महाप्रबंधक अभय शर्मा, महाप्रबंधक प्रशासन राजन कुमार दीक्षित, उप महाप्रबंधक आईटी संजीव कुमार, प्रोडक्शन हेड सुधीर त्यागी, निर्भय सिंह, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते भीम आर्मी के मंडल सह संयोजक सुधीर कुमार सागर।

### ईवीएम हटाओ परिवर्तन यात्रा 26 को निकलेगी

**संभल, अमृत विचार** : भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (आसपा) कांशीराम की ओर से हुई संयुक्त प्रेस वार्ता में मंडल सह संयोजक मुरादाबाद सुधीर कुमार सागर ने कहा कि 26 जनवरी को ईवीएम हटाओ, संविधान बचाओ परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से यात्रा को सफल बनाने की अपील की। मुहल्ला लाडम सराय में स्थित भीम आर्मी जिला कार्यालय पर मंडल सह संयोजक मुरादाबाद सुधीर कुमार सागर आदि ने नवनियुक्त जिला संयोजक राजीव कुमार का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सुधीर कुमार सागर ने वाहन चालकों की हड़ताल का समर्थन किया। कहा कि 26 जनवरी को परिवर्तन यात्रा डॉ .आंबेडकर पार्क सोतीपुरा से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय तक जाएगी। वहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। इस दौरान रंजीत बाबा, किशन भारती भी मौजूद रहे।

### सर्दी में जनजीवन प्रभावित, कोहरे में रेंगे वाहन

**संभल, अमृत विचार** :सर्दी बढ़ने के कारण बुधवार को भी जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह के वक्त घना कोहरा छाये रहने के चलते वाहन हेड लाइट जलाकर रेंगे तो दिनभर कड़ाके की सर्दी में लोग ठिठुरते रहे। शाम को जरूरी काम निपटाकर लोग घरों में कैद हो गए। बुधवार को भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा तो मुख्य मार्गों पर वाहन हेड लाइट जलाकर धीमी गति से चले। लोगों ने कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो ठिठुर गए। जगह-जगह अलाव ताप कर लोगों ने राहत पाने का प्रयास किया। ठंडे मौसम के चलते बाजारों में भी रौनक नहीं रही क्योंकि देहात क्षेत्र के लोग खरीदारी करने के लिए शहर नहीं आए। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में कड़ाके की सर्दी में लोग परेशान रहे।



अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते मृतक के परिजन व ग्रामीण।

### आत्महत्या के जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की उठी मांग

**संभल, अमृत विचार** :असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा गांव में छह दिन पहले किसान के जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में आत्महत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पाल समाज के लोग परिजनों को साथ लेकर अपर पुलिस अधीक्षक से मिले।भाजपा नेता पुष्पलता पाल के नेतृत्व में बुधवार शाम को मनोटा निवासी मृतक किसान किशोरी पाल के परिजन व ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र से मिलकर किशोरी पाल की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। कहा कि छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था लेकिन अभी एक को भी पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। किशोरी पाल के बेटे नीतू पाल ने घटना को लेकर अपने बयानों से संबंधित शपथ पत्र भी अपर पुलिस अधीक्षक को दिया। कहा कि 40 लाख रुपये व जमीन हड़पने के लिए पिता को लगातार धमकियां दी जा रही थीं। जिसकी वजह से ही उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उन्होंने अपने बयानों का वीडियो बनवाया। जिसमें नामजद लोगों को दोषी बताया गया।



वेतन नहीं मिलने पर हड़ताल कर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

# वेतन न मिलने पर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार** :दो महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल शुरू कर दी। सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के मुख्य द्वार पर धरना दिया। हड़ताल के कारण नगर में सफाई नहीं हो सकी।

▸▸ नगर पंचायत गुन्नौर का मामला सफाई कर्मियों ने दिया धरना

नगर पंचायत के सफाई कर्मी दो महीने से वेतन के लिए भटक रहे हैं। मासिक वेतन नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मियों ने बुधवार से हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण नगर आबादी क्षेत्र और मुख्य बाजार में गंदगी रही।नाराज सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत के मुख्य द्वार पर धरना दिया और वेतन दिलाने की मांग उठाई। लोगों ने भी नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की मांग की। वहीं सफाई मजदूर यूनियन के नगर अध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा कि वेतन नहीं मिलने तक हड़ताल जारी रहेगी।

### छेड़छाड़ के विरोध पर किशोरी की मां से मारपीट

**संभल, अमृत विचार**ः नखासा थाना क्षेत्र में बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत करने पर युवक ने अपने भाइयों के साथ मिलकर किशोरी की मां के साथ मारपीट की। महिला ने सगे भाइयों पर मारपीट व धमकी देने और किशोरी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 13 वर्षीय बेटी बुधवार की सुबह दस बजे घर में झाड़ू लगा रही थी। मुहल्ला का ही एक युवक ग्रामीण के घर पहुंचा। आरोप है कि युवक किशोरी के साथ युवक छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ का विरोध करते हुए किशारी ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर किशोरी की मां भी छत से नीचे आ गई। शिकायत करने पर युवक ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए अपने दो भाइयों को बुला लिया और लात घूंसों से महिला के साथ मारपीट कर तीनों भाई धमकी देते हुए भाग गए।

# परिजनों को नशा देकर दो बच्चों के पिता के साथ गई किशोरी

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**:हयातनगर थाना क्षेत्र में दो बच्चों का पिता सिलाई कारीगर नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। खाने में परिजनों को नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी नकदी व जेवर भी साथ लेकर फरार हो गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों का पिता दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करता है । कुछ दिन पहले ही वह दिल्ली से घर आया था। सोमवार की 11 बजे रात सिलाई कारीगर मुहल्ला की ही किशोरी को अपने साथ भगाकर ले गया। मंगलवार की सुबह सोकर उठे परिजनों ने देखा तो किशोरी कमरे में नहीं थी और सेफ का सामान बिखरा हुआ था। परिजनों ने बताया कि रात को किशोरी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया था। नशा होने की वजह से परिजन रात भर सोते रहे। आरोप है कि किशोरी भाभी का चार लाख रुपये का जेवर व दस हजार रुपये की नकदी ले गई। थाने पहुंचे परिजनों ने लूटपाट व दुष्कर्म करने के बाद सिलाई कारीगर द्वारा किशोरी की हत्या का अंदेशा जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### किशोरी को लेकर भागा व्यक्ति गिरफ्तार

**संभल/ सौंधन, अमृत विचार** : कैलादेवी थाना क्षेत्र में अपने दोस्त की नाबालिग बेटी को भगाकर ले जाने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने किशोरी सहित पकड़ लिया और उसका चालान कर पुलिस ने किशोरी को बाल कल्याण समिति के पास भेज दिया। थाना प्रभारी संदीप बालियान ने बताया पुलिस की पकड़ में आया व्यक्ति निरयावली निवासी राजपाल है। पुलिस ने राजपाल का चालान कर दिया और मेडिकल कराकर किशोरी को बाल कल्याण समिति भेज दिया।

### रामपुर से चुराई ट्रैक्टर ट्राली के साथ युवक गिरफ्तार

**बहजोई, अमृत विचार**:पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को चोरी के ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में सफल हो गया।

बहजोई चंदौसी मार्ग स्थित गांव भरथरा चुंगी पर पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी। कि एक युवक चोरी का ट्रैक्टर ट्राली लेकर आ रहा है। जैसे ही वह युवक ट्रैक्टर लेकर आया तो पुलिस ने उसे रोक लिया। पूछताछ पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा तो युवक को थाने ले आई। जहं उसने अपना नाम कोमल निवासी गांव जेरोई हयातनगर थाना बहजोई बताया। जबकि फरार साथी का नाम धर्मेंद्र गांव सेंटखेड़ा थाना बिसौली जनपद बदायूं बताया। पुलिस ने गिरफ्तार कोमिल के पास से चोरी का ट्रैक्टर ट्राली, एक अवैध तमंचा एक कारतूस बरामद किया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक ने यह ट्रैक्टर ट्राली जनपद रामपुर के स्वार से चोरी की थी ।

**संकल्प यात्रा** | ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

# प्रधानमंत्री का देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प

संवाददाता,मनोटा/ओबरी

**अमृत विचार**:विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत निबौला व तलवार गांव में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

गांव में ग्राम प्रधान राजबाला व ग्राम वासियों ने यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि असमोली ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। भाजपा के असमोली विधानसभा के संयोजक हरिओम शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भय मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जयप्रकाश प्रजापति, जयपाल सिंह पाल, पंकज गोस्वामी, रोविन्स चौधरी, संजय सिंह चौधरी ,मुकेश प्रजापति व नरेश कुमार आदि रहे। संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई । द्वितीय पाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत तलवार में पहुंची। यहां मुख्य अतिथि चंद्रपाल सिंह उर्फ पप्पू चौधरी रहे। इसके साथ ही भाजपा नेताओं के अलावा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राविल हुसैन ,ग्राम प्रधान पति कामिल हुसैन उपस्थित थे। ग्रामीणों को स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।



महिलाओं की गोद भराई करातीं ब्लाक प्रमुख व मौजूद अन्य अतिथि।

▸▸ मुख्यमंत्री ने भय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया

# गर्भवतियों की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार** : विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और पात्रों को मौके पर लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। गांव-गांव में लोगों को अधिकारियों द्वारा केंद्रीय योजनाओं की जानकारी और लाभ के बारे में बताया जा रहा है। जब गरीब जनता को लाभ मिलता है तो उनमें विश्वास बढ़ता है। उन लोगों में जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है।

बुधवार को गांव बाघऊ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का समाज के सभी वर्गों के लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराने के साथ ही शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, मंडल संयोजक सोबरन जाटव, श्यौराज सिंह यादव, बूथ अध्यक्ष उमेश यादव, रूप किशोर शर्मा, उमेश शर्मा, सहायक विकास अधिकारी सुनील कुमार और ग्रामीण मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय ने आभार जताया।

▸▸ लोगों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही

▸▸ विकसित भारत संकल्प यात्रा का सभी वर्गों ने स्वागत किया

# कॉलेज में छात्र के साथ मारपीट के मामले में दो प्रोफेसरों के विरुद्ध रिपोर्ट

## प्रोफेसर ने भी सीएचसी में कराया चिकित्सीय परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज में फार्म जमा करने गए छात्र के साथ मारपीट के मामले में दो प्रोफेसर के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। छात्र के साथ हुई मारपीट से छात्रों में प्रोफेसरों के विरुद्ध रोष व्याप्त है। बुधवार को प्रोफेसर ने सीएचसी में जाकर मेडिकल परीक्षण कराया।

विकास उपाध्याय एसएम कॉलेज में एमएससी में तृतीय सेमेस्टर का छात्र है। जबकि छात्र महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद का दावेदार भी है। आरोप है कि महाविद्यालय का स्टाफ छात्र से नाराजगी रखता था। वह मंगलवार की दोपहर कॉलेज में अपना फार्म जमा करने गया था। तभी छात्र को महाविद्यालय के शिक्षक अजीत सिंह व एके अस्थाना व एक अन्य ने छात्र के साथ मारपीट की। नीचे गिराकर उसका गला दबाने कर जान से मारने का प्रयास किया। बमुश्किल छात्र प्रोफेसरों के चंगुल से बचा। घटना के बाद अन्य छात्रों में प्रोफेसर के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया। छात्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अजीत सिंह व एके अस्थाना निवासी गणेश कॉलोनी व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इस बीच दो प्रोफेसरों पर रिपोर्ट दर्ज होने पर एसएम कॉलेज के स्टाफ में रोष व्याप्त है। प्रोफेसर अजीत सिंह की तहरीर पर छात्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। बुधवार को उप प्राचार्य हेमंत सक्सेना व अन्य अजीत सिंह का चिकित्सीय परीक्षण कराने सीएचसी पहुंचे। वहां उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। बताया कि छात्र भी उनके साथ मारपीट की थी।


सीएचसी में मेडिकल कराते एसएम कालेज के प्रोफेसर अजीत सिंह। ● अमृत विचार

### मजदूरी के रुपये मांगने पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी गुफरान हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार माह पहले मुहल्ले का एक व्यक्ति भतीजे मोहम्मद फैजान के साथ ईंट भट्टे पर मजदूरी कराने के लिए लखनऊ लेकर गया था। दो माह पहले व्यक्ति से 9000 रुपये लेकर गुफरान हुसैन व मोहम्मद फैजान मजदूरी घर वापस आ गए। आरोप है कि मंगलवार को गुफरान व मोहम्मद फैजान मजदूरी के बाकी रुपये लेने गए तो वहां उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए चाचा भतीजे को घर से भगा दिया।

## एक नजर


अंशी गुप्ता को मेडल पहनाकर सम्मानित करते डीएम मनीष बंसल।

### जिलाधिकारी ने ताइक्वांडो खिलाड़ी को किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार:** लखनऊ में आयोजित स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जनपद से अंशी गुप्ता को सब जूनियर 24 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल मिला है। इस सफलता के बाद अंशी गुप्ता का 6 से 9 फरवरी तक होने वाली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चयन हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने ताइक्वांडो खिलाड़ी अंशी गुप्ता को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ताइक्वांडो के सीनियर कोच ताकी इमाम व अंकुश राणा मौजूद रहे।

# कांग्रेस में कुछ लोगों को राम, सनातन और हिन्दू से चिढ़ : आचार्य प्रमोद कृष्णम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**प्रेस वार्ता**

- कांग्रेस में कुछ बेताल हैं, जब बेताल सिर पर बैठता है तो विक्रम की बुद्धि खराब हो जाती है
- 22 जनवरी भारत के गौरव का उत्सव है, देशवासियों को इस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता व संत आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस में कुछ लोगों को श्री राम, सनातन व हिन्दू धर्म से चिढ़ है। यह समझ लेना चाहिए कि वह भाजपा का विरोध करें तो ठीक लेकिन सनातन, हिंदू और श्री राम का विरोध किया तो यह इन्हें ले डूबेगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि 22 जनवरी भारत के गौरव का उत्सव है। देशवासियों को इस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। भगवान श्री राम जब लंका फतह करके अयोध्या वापस लौटे थे एक दीवाली तब मनी थी। एक दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाएगी।

भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। धर्मनिरपेक्ष होने का मतलब यह नहीं कि यह राम विरोधी राष्ट्र है। श्रीराम के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। राहुल गांधी के बयानों को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कुछ बेताल हैं। जब बेताल सर पर बैठता है तो विक्रम की बुद्धि खराब हो जाती है।

कहा कि कांग्रेस पार्टी के अंदर 80 फ़ीसदी नेता और कार्यकर्ता ऐसे हैं जो भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलना चाहते हैं। भगवान श्री राम के मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं।

अखिलेश यादव द्वारा 22 जनवरी के बाद मंदिर दर्शन के बयान को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्ण ने कहा कि मैं अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं 22 के बाद क्या मंदिर की मूर्ति बदल जाएगी या जन्मभूमि का ट्रस्ट बदल जाएगा। अयोध्या बदल जाएगी या पुजारी जी बदल जाएंगे।

किसी के घर ब्याह हो किसी तारीख को और आप जाएं किसी दूसरी तारीख को। 22 जनवरी उत्सव का दिन है। मंदिर योगी और मोदी का नहीं है। मंदिर तो भगवान श्री राम का है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं विपक्ष के नेताओं से कहना चाहता हूं कि आप बीजेपी से लड़ो। राम से लड़ने की कोशिश मत करो। आप बीजेपी का विरोध करो, भगवान राम का विरोध मत करो। आप बीजेपी का विरोध करो सनातन का विरोध मत करो। राम से विमुख होकर भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है तो भारत में राजनीति की कल्पना कैसे की जा सकती है।

# धूमधाम से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बुधवार की सुबह गुरुवाणी से संगत को निहाल किया गया। इसके उपरांत गुरु ग्रंथसाहिब के पाठ का आयोजन किया गया। बाहर से आए रागी जत्थे में शामिल कुलवंत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि वह शौर्य व साहस के प्रतीक व सिख धर्म के 10वें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह की 17 जनवरी को जयंती मनाई जाती है। खालसा पंथ की स्थापना के पीछे इनका उद्देश्य धर्म की रक्षा करना व मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाना था।

इसके लिए उन्होंने पूरा वंश भी कुर्बान कर दिया। गुरु गोविंद सिंह एक महान योद्धा होने के साथ-साथ कई भाषाओं के जानकार व विद्वान थे। उन्हें पंजाबी, फारसी, अरबी, संस्कृत व उर्दू आदि भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने छोटी सी आयु में धनुष बाण, तलवार भाला आदि चलाने की कला भी सीख ली थी। दोपहर बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।


गुरुवाणी से संगत को निहाल करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

- खालसा पंथ की स्थापना का उद्देश्य धर्म की रक्षा करना था
- बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया

### धर्म की रक्षा के लिए कर दिया परिवार न्योछावर

**चन्दौसी, अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से हिंदू धर्म के रक्षक व सिख धर्म के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती विनायक कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा परिवार न्योछावर कर दिया। मुगलों से कई युद्ध लड़े लेकिन झुके नहीं, सही मायने में उन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा की। इस मौके पर सत्यप्रिया मिश्रा, बृजेंद्र प्रसाद तिवारी, राम सिंह, रश्मि शर्मा, डॉ. शिवांगी मिश्रा, गोपी सिंह, हर्ष तिवारी, उत्कर्ष तिवारी, किशन सिंह, पवन सिंह, अमन सिंह, आर्यन आदि मौजूद रहे।



गुरुद्वारा में सबद कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

# श्रद्धा से मना गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव, संगतें हुई निहाल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। रागी जत्थे ने सबद कीर्तन करके संगतों को निहाल किया। लंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुद्वारा में बुधवार को सुबह कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें दिल्ली से आए रागी जत्थे ने सबद कीर्तन किया। गुरुवाणी को सुनकर संगतें निहाल हो गईं। लोगों में उत्साह का माहौल बना रहा। ज्ञानी गुरजीत सिंह ने नगर में सुख और शांति के लिए अरदास कराई। कार्यक्रम में भा जपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू समेत तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। अंत में अटूट लंगर हुआ। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान हरज्ञान सिंह, कुलवीर सिंह, एसपी गंभीर, गुरविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, हरदीप सिंह, करमजीत कौर आदि रहे।

## सार-संक्षेप



ई-रिक्शा प्रशिक्षण शिविर में प्रमाण पत्र देती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।

### पालिकाध्यक्ष ने वितरित किए प्रमाण पत्र

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गणेश कॉलोनी स्थित ड्रीम हाउस में दस दिवसीय स्व-रोजगार उन्मूलन ई-रिक्शा प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय रहीं। उन्होंने कहा कि समाज में नारी का सम्मान बढ़ा है। प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्व-रोजगार उन्मूख ई-रिक्शा प्रशिक्षण कराया गया है। पालिकाध्यक्ष ने महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर ब्रजवाला वार्ष्णेय, डॉ. टीएस पाल, संदीप कुमार, मुकुल शर्मा, जयराम, प्रवीन, धर्मवीर, नीतू, जतिन, चंदन, निमित आदि मौजूद रहे।

### खराब हीटर की शिकायत पर ग्राहक से मारपीट

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में शंकर चौराहे के पास स्थित हीटर बदलने आए दुकानदार ने ग्राहक के साथ मारपीट की। जिससे आसपास व राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी युवक ने शंकर चौराहे पर स्थित एक दुकान से दो दिन पहले हीटर खरीदा था। खराबी होने की वजह से युवक मुहल्ला के ही अपने साथी के साथ हीटर को बदलने दुकान पर आया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर दुकानदार व युवक के बीच कहासुनी होने लगी। जिससे विवाद बढ़ गया और दुकानदार ने युवक की पिटाई कर दी। जिससे आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

### झोलाछाप पर लगाया गलत इलाज करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी मुजम्मिल की पत्नी शहनाज ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि कई दिन पहले बीमार होने पर गांव में झोलाछाप डॉक्टर से दवा ली थी। दवा से फायदा नहीं होने पर शहनाज दोबारा से झोलाछाप डॉक्टर के पास आ गई। आरोप है कि मना करने के बाद भी झोलाछाप डॉक्टर ने शहनाज के इंजेक्शन लगा दिया। जिससे शहनाज की ओर तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों शहनाज को लेकर दूसरे डॉक्टर के पास पहुंचे और उपचार कराया।

### किसान का हत्यारोपी गिरफ्तार

**संभल अमृत विचार:** रजपुरा थाना पुलिस ने किसान की हत्या में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी गिरीश चंद्र के इकलौते बेटे रवि कुमार (27 वर्ष) की सांत जनवरी की रात को डीएसएम चीनी मिल में संदिग्ध रूप से ट्रैक्टर ट्राली के पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम का पोस्टमार्टम होने के बाद हंगामा किया था। इस मामले मं गिरीश चंद्र ने गांव जहानपुर निवासी प्रहलाद और तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने केसरपुर तिराहा से प्रहलाद को गिरफ्तार कर लिया।


दाऊजी मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### मंदिर परिसर की अभियान चलाकर की साफ-सफाई

**चन्दौसी, अमृत विचार:** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश भर में मंदिरों व आसपास की साफ सफाई करने का आह्वान किया है। बुधवार को कैथल गेट स्थित दाऊजी मंदिर परिसर में सफाई कार्य किया गया। घास का काटकर पेड़ की टहनियों को हटाया गया। भाजपा क्षेत्रीय संयोजक राजकुमार ठाकरे ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को आवश्यक माना है इसलिए उनकी ओर से स्वच्छता को बढ़ाया दिया जा रहा है। इस दौरन डॉ. अमित वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, अनुज वार्ष्णेय, रमेश चंद्र, हंसू तुरैह, अजय राजभर, मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा, बाबू भारती आदि मौजूद रहे।

### सस्ते में गन्ना खरीदकर सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार:** जिले में किसानों से सस्ते में गन्ना खरीद कर दूसरे जिलों में बेचने वाले आरोपी के खिलाफ गन्ना विभाग ने थाने में तहरीर दी है। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो भाग गए। गन्ना विभाग ने कई क्रय केंद्रों पर छापेमारी की, किसानों की शिकायत पर कार्रवाई की है। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है। जिले में जब से गन्ना की खरीद शुरू हुई है तभी से गन्ना की फसल की अवैध तरीके से खरीदारी करने वाले सक्रिय हो गए। गन्ना विभाग ने कई क्रय केंद्रों पर छापेमारी की मगर पकड़ में कोई नहीं आया। बुधवार को इस्लामनगर के गन्ना किसानों ने जिला गन्ना विभाग को सूचना दी कि क्षेत्र में कुछ लोग किसानों से सस्ते में गन्ना खरीद कर बाहर ले जा रहे हैं। सूचना पर जिला गन्ना अधिकारी हेमराज सिंह के निर्देश पर गन्ना विकास समिति सचिव राजीव कुमार इस्लामनगर क्षेत्र के रोशन नगर में पहुंच गए। उनके सामने भी गन्ना खरीदा जा रहा था।

# गांधी प्रतिमा के निकट चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फव्वारा चौक पर गांधी प्रतिमा पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया। कहा कि अयोध्या में दर्शन करने को कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ गए ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ राम मंदिर परिसर में भाजपा व संघ के लोगों ने अभद्रता कर पार्टी ध्वज का अपमान किया। जिसके विरोध स्वरूप जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी बुधवार को फव्वारा चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचे व रामधुन गाते हुए गांधीवादी तरीके से अपना विरोध जताया। साथ ही गांधी प्रतिमा के आसपास सफाई की। जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि आज हम सब कांग्रेस जन गांधी प्रतिमा पहुंचे, तो देखा कि फव्वारे के आसपास गंदगी थी, ऐसा लग रहा था कि महीनों से यहां साफ-सफाई नहीं हुई है। जबकि फव्वारा से 20 मीटर की दूरी पर नगर पालिका का कार्यालय है तथा 200 मीटर दूरी पर प्रदेश सरकार की मंत्री का आवास है। इसके बाद भी गांधी प्रतिमा के आसपास गंदगी फैली है। गांधी प्रतिमा को पानी से धोया व माल्यार्पण किया। इसके बाद सांकेतिक धरना दिया। इस अवसर पर नगराध्यक्ष मुनेश कुमार जोशी, सरदार बलवीर सिंह, हाजी मरगूब आलम, आरिफ तुर्की, चौधरी मनवीर सिंह, सुनील शर्मा, दुष्यंत कुमार, आसिफ अल्वी, संतोष कुमार, रामजी मल, दाउद पासा, रोहित कुमार, सुनील यादव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


फव्वारा चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के आस-पास सफाई करते कांग्रेसी।

- कांग्रेस पार्टी के ध्वज वाहक के साथ अभद्रता के विरोध में दिया सांकेतिक धरना

## छात्रों को डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार:** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का शिविर गांव गुमथल में लगाया जा रहा है। पांचवें दिन शिविर में डिजिटल इंडिया को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति की सदस्य नूतन चौधरी ने स्वयंसेवकों को डिजिटल इंडिया के बारे में बताते हुए इससे अधिकाधिक लाभ लेने को प्रेरित किया। उन समस्याओं की ओर भी उन्होंने ध्यान आकृष्ट किया, जिनके कारण छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। आईटी एक्सपर्ट के रूप में शिविर में उपस्थित डा. अमित वार्ष्णेय ने छात्रों को सोशल मीडिया का सेवा कार्य में उपयोग व प्रचार-प्रसार के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को ऐसी वेबसाइटों के बारे में बताया कि जिनसे राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिलती है।


बैठक करते राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रामपाल सिंह। ● अमृत विचार

# मंदिरों में सफाई व रोशनी की हो व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी मंदिरों व तीर्थस्थलों की स्वच्छता के मद्देनजर बुधवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह व राज्यमंत्री के प्रतिनिधि रामपाल सिंह ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व सफाई निरीक्षक को बुलाकर बैठक की। जिसमें शहर के सभी मंदिरों की स्वच्छता कराने के साथ रोशनी की व्यवस्था के निर्देश दिए। कहा कि 22 जनवरी को होने वाले भंडारों में प्लास्टिक के गिलास व प्लेट का इस्तेमाल न करें।

### मंदिरों के आसपास कराई जाए सफाई

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका के सभासद तरुण कुमार नीरज ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर शहर के मंदिरों के आसपास सफाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के समस्त मंदिरों में धार्मिक आयोजन होंगे। जिसमें श्रद्धालुओं का आवागमन भी मंदिरों में रहेगा। इसलिए सफाई रहे।


दीप व चित्र वितरित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# समिति पदाधिकारी घर-घर बांट रहे 11 दीपक और बत्ती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर-घर दीपोत्सव मनाने के लिए जागरुक किया जा रहा है। साथ ही मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ एतिहासिक दिवाली मनाने का आग्रह किया जा रहा है। बुधवार को समिति के डॉ. टीएस पाल ने बताया कि समिति के पदाधिकारी घर-घर जाकर रामभक्तों को 11 दीपक भेंट किए और 22 जनवरी को घर-घर शाम को दीपोत्सव मनाने का आग्रह किया। समिति पांच दिवसीय जनसंपर्क अभियान चला रही है। बुधवार को समिति पदाधिकारियों ने ब्रजनगर, गणेश कॉलोनी में भ्रमण करके सौ परिवारों को 11 दीपक-बत्ती व राम मंदिर का चित्र उपलब्ध कराया। इस दौरान पंकज कुमार पाल, हरीश कठेरिया, विपिन कुमार, आकाश शर्मा, सुरेश चंद्र, डॉ. जयशंकर दुबे, दिनेश चंद्र, रोशन लाल, मुनीश वार्ष्णेय, राजेश पाल, श्रीमोहन नक्षत्र, ओमप्रकाश गुप्ता, संजय सैनी आदि रहे।

**परेशानी** खराब मौसम के चलते कुम्हार नहीं बना रहे दीये

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मिट्टी के दीयों का संकट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश में दिवाली मनाई जाएगी। राम भक्त 22 की शाम घर के सामने मिट्टी के दीये जलाकर खुशी मनाएंगे। मगर मौसम खराब होने के कारण कुम्हार दीये नहीं बना रहे हैं। दीयों का संकट पैदा हो गया है। जबकि दीयो के मांग बनी हुई है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पांच दीये दे रहे हैं।

15 दिन से सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से बाजार से लगभग मिट्टी के दीये गायब हो चुके हैं। कुम्हारों का कहना है कि खराब मौसम के चलते कच्चे दीये सूख नहीं पा रहे हैं। इससे उनकी मेहनत बेकार हो जाएगी। मगर भाजपाई अपने अभियान के तहत दीये खरीदने के लिए कुम्हारों के पास पहुंच रहे। शहर में दीये उपलब्ध नहीं होने से पर भाजपाई अन्य शहरों से दीये मंगाकर वितरित कर रहे हैं। मगर मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो 22 जनवरी को दिवाली मनाने के लिए राम भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है या फिर दीये के स्थान पर मोमबत्तियां जलानी पड़ सकती हैं।


संभल गेट पर मिट्टी के बर्तन बेचता दुकानदार। ● अमृत विचार

### एक रुपये का बिक रहा एक दीया

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुछ कुम्हारों के पास मिट्टी के दीयों का कम स्टाक बचा है। उन्होंने 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए दीये के दाम बढ़ा दिए हैं। अब एक दीया एक रुपये का बिक रहा है। एकाएक बढ़े दाम से ग्राहक दीये खरीदने में हिचकिचा रहे हैं।


रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर-घर में दिवाली मनाई जाएगी। साथ ही घरों में मिट्टी के दीये जलाए जाएंगे। मगर बाजार में दीये उपलब्ध नहीं हैं। जिसका कारण मौसम खराब होना बताया जा रहा है। बाहर से एक हजार दीये मंगाए हैं।

**-डॉ. टीएस पाल,** भाजपा नेता


मौसम खराब होने के कारण मिट्टी के दीये बनाने का कार्य पिछले दिनों से बंद पड़ा है। अगर दीये बना भी दें, तो सूख नहीं पाएंगे। मगर 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दीयों की मांग अधिक है।

**-नन्हे प्रजापति,** विक्रेता


हमारे पास काफी संख्या में ग्राहक मिट्टी के दीये खरीदने आ रहे हैं। मगर दीये नहीं होने पर मना कर दिया जाता है। मौसम की मार के कारण दीये नहीं बनाए जा सकते हैं। जिसको लेकर ग्राहक परेशान हैं।

**-संजय प्रजापति,** विक्रेता

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकामान् कामयति य: कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम्॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# विपक्ष की राह

अब चुनावी मुकाबले केवल जमीन पर ही नहीं, बल्कि दिमाग में भी लड़े जाते हैं। 2024 के आम चुनाव होने में कुछ ही महीने बचे हैं और राहुल गांधी एक बार फिर नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क पर हैं तो विपक्षी गठबंधन के भीतर से कांग्रेस के खिलाफ अन्याय की आवाजें उठ रही हैं। राजनीतिक दलों की लामबंदी, रणनीति, संगठन, गठबंधन का यह सबसे नाजुक दौर है। उसे लागू करने में भाजपा का कोई सानी नहीं है। चुनाव के इतने नजदीक हो रही यात्रा पर कांग्रेस का कहना है कि यह यात्रा चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक यात्रा है और इसका चुनावी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले राहुल गांधी ने सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी। समय-समय पर गठबंधन में आने वाली दरारें और विरोधाभासी आवाजें राम मंदिर उद्घाटन के मामले में एकजुट प्रतिक्रिया की कमी, भाजपा के नजरिए से भी गठबंधन की उपयोगिता पर सवाल खड़ा कर देती है। अयोध्या राम मंदिर का 'चुनावी लाभ' उसे हर हाल में मिलेगा, यह खुद भाजपा कबूल कर रही है।

प्रतिस्पर्धी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ परस्पर विरोधी राजनीतिक मैदानों पर प्रतिस्पर्धाएं बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए, सुश्री ममता बनर्जी को बंगाल में वामपंथियों और कांग्रेस के साथ संबंध बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, केरल, जहां वामपंथी और कांग्रेसी पारंपरिक दुश्मन हैं, एक और खाई बन गई है, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच दिल्ली में भले ही मुश्किलें आसान हों, लेकिन पंजाब में उन्हें मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। इंडिया के गठन को छह माह से अधिक गुजर चुका है, लेकिन बुनियादी मुद्दे ही अनसुलझे हैं। हालांकि टुकड़ों-टुकड़ों में सीटों पर बातचीत होती रही है, लेकिन बेनतीजा ही रही हैं, क्योंकि असहमतियों का दबाव ज्यादा है। देखा गया है कि विपक्ष द्वारा बनाए गए गठबंधन में टकराव के कारण आम सहमति पर ग्रहण लग जाता है। 'इंडिया' के पास अपना घर व्यवस्थित करने के लिए समय भी पर्याप्त नहीं है। बेशक बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, सत्ता के एकाधिकार, महिला उत्पीड़न और आर्थिक विषमताएं आदि बेहद गंभीर और ज्वलंत मुद्दे हैं, लेकिन विडंबना है कि भारतीय लोकतंत्र में इन मुद्दों पर चुनावी जनादेश तय नहीं होते। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में विपक्षी एकजुटता की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन दुर्भाग्य है कि विपक्ष को अभी तक एहसास नहीं हो पाया है।

# क्यूआर कोड टेक्नोलॉजी में बंधा हमारा आहार



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है।

अंग्रेजों द्वारा सन 1834 के बाद 1925 तक हरेक जिले की जमाबंदी किए जाने, अर्बनाईजेशन और नव-बाजारवाद की वजह से पीढ़ी दर पीढ़ी पशुपालन के काम में लगे हुए लोगों के लिए चरागाहों और विचरण क्षेत्रों पर अधिकांश भूमिहीनों के लिए जंगल और शामलात जमीन पर से अधिकार खत्म कर दिया गया। अधिकार होने से दोनों में प्रवेश प्रतिबंध हो गया। उदाहरण के लिए हरियाणा में स्थानीय लोग अब जिला महेंद्रगढ़, भिवानी, दादरी, हिसार, पंचकुला, मेवात, गुड़गांव और रेवाड़ी के कुछेक क्षेत्र में ही जंगल और खुले में पशु चराने के लिए बाहर निकलते हैं। पंचकुला में शिवालिक पर्वत की तलहटी, मेवात और अन्य उक्त जिलों में अरावली की शाखाओं के उत्तरी विस्तार की वजह से सीमित क्षेत्र में जहां भी वन्य चरगाहें बची हुई हैं, चराण संभव है।

70-80 वर्ष पहले साफ नीयत के मेहनती ग्राम्यजन सर पर 'बारा' रखकर शहर आकर सेठ की दूकान पर रुपया सेर के भाव से घी दे जाया करते थे। घी रखने वाले मिट्टी के विशेष पात्र को 'बारा' कहा जाता है। आजकल उक्त किस्म की दूकानें बंद हो गई हैं, क्योंकि खुली बिक्री में मिलने वाले घी की शुद्धता का भरोसा नहीं रहा। वो जमाना बीते एक सदी होने को है जब ज्यादातर शहरी परिवार भी घर में गाय रखते थे और दूध, मक्खन, छाछ और घी घर में सुलभ था। शहर में रहने वाले जिन लोगों के घर में कच्चा दालान और पेड़ हुआ करते वे घर में पूरी सुविधा से गाय रख लेते थे। गांव के लोग शुद्ध देसी घी शहर के दुकानदारों को बेच जाया करते और भाव एक या डेढ़ रुपये का एक सेर अर्थात् 933.105 ग्राम, होता था।

सन् 1966 में हरियाणा में घी का भाव छह रुपये प्रति किलोग्राम था। भैंस के दूध से बनाए गए शुद्ध घी का भाव अब रु. 1000 और गाय के दूध से बनाए हुए का रु. 1500-1800 प्रति किलोग्राम है। मार्किट में प्रचलित विभिन्न ब्रांड या ऑनलाइन आर्डर से गाय के दूध से बना हुआ घी इन दिनों रु. 670 से रु. 925 प्रतिलीटर, अर्थात् रु. 740 और रु. 1020 प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिलता है। घर में दही का मट्ठा बनाकर जिस लागत पर एक

बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे।

किलोग्राम घी तैयार होता है उससे करीब आधी कीमत पर मार्किट से 'देसी' और 'शुद्ध' घी सुलभ है। जंगल में चरने वाली गाय को अगर घर पर पोषक आहार और शुद्ध चारा दिया जाए तो भी इसके दूध का स्वाद हल्का खारा होता है। इस दूध और घी में रायबोफ्लेविन की मात्रा घर में ही बंधे हुए पशु के मुकाबले में अधिक हो सकती है। इसकी पहचान है दूध और घी में हल्की सी-पीले रंग की चमक जैसे कि सरसों के फूल की। ऐसे दूध से बनाए गए घी का दाम अगर 1500-1800 रुपये प्रतिकिलो रहे भी इसमें क्या एतराज है?

बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे। विज्ञापन के तागाजे चाहे कुछ भी हैं इसे लेकर एथिकल और नॉन-एथिकल इश्यूज को लेकर कोई, कैसी भी बहस करे, लेकिन आकर्षण और भरोसे के एक प्रतीक के प्रतीक के रूप में इनका इस्तेमाल तो किया ही जा रहा है। आहार जब पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान के व्यावहारिक तरीके से दूर होकर बाजार और टेक्नोलॉजी के हवाले हो जाए तब प्रतीकात्मकता की आड़ में इसे जायज कैसे ठहराया जा सकता है? पैकेज्ड फूड के इन्ग्रेडीयनट्स की जांच से तो कुछ निकलने वाला नहीं है, क्योंकि केमिकल एनालिसिस की रिपोर्ट तो पैक में बंद प्रोडक्ट के सही होने के दावे के रूप में छाप दी जाती है। फूड-एडवरटाइज्मेंट्स और लेबलिंग सरकारी रूल्स ही फॉलो कर रहे हैं। इसलिए इस बाबत कानूनी मसला नहीं बन सकता। ज्यादातर मार्केटेबल फूड प्रोडक्ट पर हमें क्यूआर। (क्विक रिस्पांस) के रूप में भूल-भूलैया टाइप एक चौकोर प्रिंट भी दिखता है जिससे ग्राहक अपने एंड्राइड में मौजूद क्यूआर रीडर से स्कैन करके यह तसल्ली कर सके कि पैक्ड खाद्य पदार्थ सुरक्षित है।

विज्ञापन निर्माता एजेंसीज फूड प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए चुनिंदा शब्दों का इस्तेमाल अस्पष्ट तरीके से करती हैं जिनके द्वारा उनका दावा संपूर्ण और सही प्रतीत हो सकता है और माननीय भी, क्योंकि क्यूआर कोड होने से ब्रांडेड फूड की मार्किट वैल्यू बढ़ती है, इस पर भरोसा करके और प्रयोग में लाने से ग्राहक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं होगी, प्रोडक्ट में ग्राहक निष्ठा बढ़ेगी और 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' भी। फूड प्रोडक्ट निर्माता कंपनी के लिए 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' से क्या निहितार्थ हैं? यह शब्द-युग्म एक प्रभावशाली मुहावरा-भर नहीं है, बल्कि धंधे को आगे बढ़ाने का नुस्खा है। क्यूआर कोड से प्रोडक्ट के बारे में सभी तरह की कानूनन निर्धारित सूचनाएं सुलभ होती हैं जिससे प्रोडक्ट की ताजगी और इसकी कम्पोजीशन से लेकर जरूरी सूचना भी शामिल रहती है। यह भी कि प्रोडक्ट 'वेज़' है या 'नॉन-वेज़'। भारत में पैकेज्ड फूड की मांग पिछले एक दशक में बढ़ी है जिसकी इस्तेमाल से भारतीयों में तेजी से असंचारी रोग (डायबिटीज, हृदवाहिकीय विकार और कैंसर) से प्रभावित लोगों की संख्या में उछाल आया है। पैक्ड फूड का ग्लोबल मार्किट साइज सन् 2019 में 303.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आंका गया था।

फूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है। इस स्थिति में आबादी में निरक्षर और मामूली शिक्षित या घुमंतू समुदायों के लिए यह बड़ी मुश्किलें जरूर पैदा करेगा। फूड पैकेट्स और लेबलिंग पर प्रिंटेड सूचना के प्रति लापरवाह रवैय्या पढ़े-लिखे और टेक-सैव्वी वर्ग में भी आमतौर से व्यापक है। सन् 2020 में प्रस्तावित फूड लेबलिंग के नियम कठोर बनाए गए जिन्हें लागू कर दिया गया है, लेकिन इसके लिहाज से व्यापक अर्थ में 'ब्लेंडिंग' और 'फोर्टीफिकेशन' की क्या हम मिलावट से तुलना करने के लिए स्वतंत्र हैं? सुना है कि तैलीय इंडस्ट्रियल अपशिष्ट को खाद्य तेलों और शुद्ध कहकर बेचे जाने वाले घी निर्माण के समय मिलाया जाता है जिसे अब कानूनी रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती। लेबल्स, फूड स्टैंडर्ड्स और सेफ्टी से जुड़े हुए मुद्दे संवेदनशील और महत्वपूर्ण इसलिए हैं कि फूड इंडस्ट्री और तेज गति वाली परिवहन व्यवस्था की सुलभता ने 'स्थानीय बने और स्थानीय तौर से ही खपे' वाली सनातन समझ को ध्वस्त कर दिया। साठेक साल पहले खाने-पीने की वस्तुओं की पैकेजिंग और ट्रांसपोर्ट की अधिक आवश्यकता न थी। कपड़ों की पोटली बांधकर और धातु के बर्तन में डालकर अर्द्ध-शुष्क खाद्य पदार्थ लाए-ले जाए जा सकते थे। जानकार लोगों से खाद्य सामग्री ली जाती थीं। मुहल्लेदारी के चलते दूकानदार घटिया या असुरक्षित खाद्य पदार्थ बेचने की हिम्मत नहीं कर सकता था।

पैक किया हुआ खाद्य-पदार्थ स्रोत औद्योगिक इकाई से 5000 किलोमीटर दूर ले जाकर भी बरता जाता है। संभव है यह बीस स्तरों से गुजरता हुआ ग्राहक तक पहुंचे। अगर कोई गड़बड़ इस बीच हुई है तो मालिक को पकड़ कर कानून की जद में लाया जा सकता है। इसीलिए पिछले दसेक साल से टेक्नोलॉजी और लेबलिंग की उन्नत प्रक्रियाओं को फूड प्रोडक्शन और सेफ्टी के मामले में अपनाया जाना जरूरी समझा गया है। एक तरह से यह 'प्रिमिटिव' जीवन-शैलियों से निकलकर हाइली इंडस्ट्रियलायिज्ड और अर्बनायिज्ड सोसाइटी की तरफ बढ़ने की कवायद तो जरूर प्रतीत होती है, परंतु इसे संबंधित कानून बारीकियों के लिहाज से अभी कदीमी ज्ञान-विज्ञान और परंपरा से हलके ही हैं। खासतौर से जब लेबल किया हुआ फूड प्रोडक्ट खुद ही सर्टिफाई किया हुआ है।

## प्रसंगवश

# आधुनिक अयोध्या के विक्रमादित्य



डॉ. शीलवंत सिंह
वरिष्ठ लेखक

अयोध्या नगरी को कालचक्र ने कई बार खंडित किया है, परंतु आस्था के इस केंद्र को सनातनियों की आत्मा से कभी अलग नहीं कर पाए। 21 वीं सदी की अयोध्या अपनी विरासत को संजोते हुए विकास की नई राह पर गतिमान है, जहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है, पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन है, कलेक्ट्रेट के निकट मल्टीलेवल पार्किंग है, श्रद्धालु भ्रमण पथ, भक्ति पथ, श्रीराम जन्म भूमि पथ, धर्म पथ, राम पथ जैसे भक्तिमय पथ है।

इसके अतिरिक्त महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना, भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना, अंतर्राष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान का निर्माण, मकर संक्रांति व बसंत पंचमी मेले का प्रांतीयकरण, पुराणों में उल्लिखित तीस कुंडों का विकास, 147 किमी लंबा राम वन गमन पथ, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास जैसे अनगिनत ऐसे प्रयास है जिसने रामनगरी अयोध्या को विकास के क्षिजित पर दीप्तिमान कर दिया है। वर्तमान की अयोध्या हवाई-रेलवे-सड़क के साथ-साथ जल मार्ग से भी जुड़ रही है। सरयू नदी में जल पर्यटन हेतु जटायु व गरुड़ नामक क्रूज की व्यवस्था की गई है। द्रुत गति की वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेने यहां के आवागमन के लिए सुलभ हो गई हैं। यहां प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप पहली सौर ऊर्जा से संचालित उपनगरी है।

नई अयोध्या की बात हो और लता मंगेशकर चौक का जिक्र न हो तो कुछ अधूरा सा लगता है। अयोध्या नगर की साज-सज्जा के साथ ही सफाई-स्वच्छता के लिए सीवर लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कूड़ा निस्तारण की इकाई जैसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक स्थापित किया जा चुका है।

साथ ही अयोध्या को औद्योनिक साज-सज्जा से जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपेक्षित-तिरस्कृत अयोध्या को जिस प्रकार वैश्विक मानचित्र पर जो सम्मान दिलाया है, उसके लिए वे आधुनिक नगरी अयोध्या के विक्रमादित्य हैं।

# बंदउं नाम राम रघुबर को



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है।

भगवान ने अवतार ग्रहण करके शिशु रूप धारण किया। नामकरण का अवसर आने पर मुनि वशिष्ठ ने विचार करके "जो आनंद सिंधु सुखराशी", जो आनंद के समुद्र और सुख की राशि हैं, ऐसे जिस समुद्र की एक बूंद से तीनों लोक सुखी होते हैं। दशरथ के उस सबसे बड़े पुत्र का नाम "राम" रखा, जो सुख का भवन और संपूर्ण लोकों को शांति देने वाला है।

तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी यह रचना रामचरित मानस सभी गुणों से रहित है, गुणहीन है। इसमें बस जगत प्रसिद्ध एक गुण है- वह यह कि इसमें श्री रघुनाथ जी का नाम है, जो मंगल भवन अमंगल हारी है, अत्यंत पवित्र वेद, पुराणों का सार है, जिसे पार्वती सहित भगवान शिव जी सदा जपते रहते हैं। सभी देवताओं, संत असंत आदि की वंदना के पश्चात तुलसीदास जी श्रीराम के चरित्र के वर्णन के पूर्व उनके नाम की वंदना करते हैं। रामनाम रूपी महामंत्र का जप भगवान शिव सहित सभी देवता करते हैं। आदि कवि वाल्मीकि उल्टा नाम जप करके भी इसी नाम के प्रताप से पवित्र हो गए। श्री रघुनाथजी की भक्तिरूपी वर्षा ऋतु के लिए राम नाम रूपी दो सुंदर अक्षर सावन भादों के महीनों के समान हैं।

दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं। ये जीव और ब्रह्म के समान स्वभाव से ही साथ रहने वाले, सदा एकरस-एकरूप हैं। यह दोनों अक्षर नर-नारायण के समान सुंदर भाई हैं, जगत का पालन और विशेष रूप से भक्तों की रक्षा करने वाले हैं। जिह्वा रूपी यशोदा के लिए यह दोनों अक्षर श्री कृष्ण और बलराम जी के समान आनंद देने वाले हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि वैसे तो समझने के लिए नाम और नामी दोनों एक से है, किंतु दोनों परस्पर स्वामी और सेवक के समान हैं। जैसे स्वामी के पीछे सेवक चलता है, उसी प्रकार नाम के पीछे नामी चलते हैं। भगवान अपने नाम का ही अनुगमन करते हैं, नाम लेते ही वहां आ जाते हैं। यों तो चारों युगों मे नाम का प्रभाव है, परंतु कलियुग में विशेष रूप से नाम को छोड़कर दूसरा कोई उपाय है ही नहीं।

निर्गुण और सगुण-ब्रह्म के दो स्वरूप हैं, दोनों ही अकथनीय और अनुपम हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी समझ में "नाम" इन दोनों से बड़ा है जिसने अपने बल से दोनों को अपने वश में कर रखा है। निर्गुण और सगुण दोनों प्रकार के ब्रह्म का ज्ञान अग्नि के समान हैं। निर्गुण उस अप्रकट अग्नि के समान हैं, जो काठ के अंदर है, परंतु दिखती नहीं और सगुण उस प्रकट अग्नि के समान है, जो प्रत्यक्ष दिखती है। तत्वतः दोनों एक ही हैं, केवल प्रकट-अप्रकट के भेद से भिन्न मालूम होती है। इसी प्रकार निर्गुण और सगुण तत्व एक ही हैं।

दोनों ही जानने में बड़े कठिन हैं, परंतु नाम से दोनों सुगम हो जाते हैं। इसी से मैंने नाम को (निर्गुण) ब्रह्म और सगुण राम से बड़ा कहा है। इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव अत्यंत बड़ा है, ब्रह्म व्यापक है, एक है, अविनाशी है, चैतन्य और आनंद की राशि है। नाम का श्रद्धापूर्वक जप करने से यही ब्रह्म ऐसे प्रकट हो जाता है, जैसे रत्न की पहचान से उसका मूल्य। तुलसीदास जी कहते हैं कि इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव बड़ा है और नाम (सगुण) राम से भी बड़ा है। श्रीरामचंद्र जी ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया। श्रीराम ने एक अहल्या को तारा और ताड़का का वध किया, परंतु उनके नाम ने करोड़ों लोगों की बिगड़ी बुद्धि को सुधार दिया। श्रीराम ने राक्षसों के समूह को मारा, परंतु नाम तो कलियुग के सारे पापों की जड़ उखाड़ने वाला है। राम ने शबरी, जटायु आदि उत्तम सेवकों को ही मुक्ति दी, परंतु नाम ने अनगिनत दुष्टों का उद्धार किया।

श्रीराम ने सुग्रीव और विभीषण दोनों को ही अपनी शरण में रखा, परंतु नाम ने अनेकों गरीबों पर कृपा की है। श्रीराम ने कुटुंबसहित रावण को युद्ध में मारा, तब सीता सहित उन्होंने अपने नगर अयोध्या में प्रवेश किया- राजा हुए, परंतु सेवकगण भक्तिपूर्वक नाम के स्मरण मात्र से बिना परिश्रम किए मोह की प्रबल सेना को जीतकर प्रेम में मग्न हुए अपने ही सुख मे विचरते हैं। नाम के प्रसाद से उन्हें सपने में भी कोई चिंता नहीं सताती। नाम की बड़ाई कहां तक कही जाए, स्वयं श्रीराम भी नाम के गुणों को नहीं गा सकते।

चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है। कराल कलियुग में तो नाम ही कल्पवृक्ष है, जो स्मरण करते ही संसार के सब जंजालों का नाश कर देने वाला है। कलियुग में न कर्म है, न भक्ति है, न ज्ञान ही है। राम नाम ही एकमात्र आधार है।

## सोशल फोरम

# ईश्वर एक सहज व्यवस्था

हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है।



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज
बरेली।

तीर्थयात्रा करने वालों, धर्म स्थानों पर नियमित हाजिरी लगाने वालों, धार्मिक उत्सवों और आयोजनों में हिस्सा लेने वालों तथा धार्मिक कर्मकांडो को सम्पन्न करने वालों की तादाद लगातार बढ रही है। फिर भी ईश्वर इन्सानों के लिए अबूझ पहेली बनकर रह जाता है। ईश्वर की असंख्य व्याख्याएं खुद को इंसानी दिमाग पर थोपने की कोशिश में लगी हैं। सारे धर्म उदारता, संयम, सत्यनिष्ठा, सदाचार की दुहाई और सीख देते-देते खुद ही कट्टरता, असहनशीलता और हिंसा के कम या अधिक स्रोत बन जाते हैं। सारे दोष अंत में इंसानी स्वभाव के मत्थे मढ़ दिए जाते हैं। सारे इंसान निर्दोष और निरपेक्ष शिशु के रूप में पैदा होते हैं। सवाल यह उठता है कि एक नादान और मासूम बच्चा एक क्रूर, बेरहम, लालची, क्रोधी और निष्ठुर इंसान में कैसे तब्दील हो जाता है?

हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है। इस रस्साकशी में हर इंसान का मूल ईश्वरत्व हाशिए पर चला जाता है। सभ्य और संस्कारी बनाने की कोशिशों का नतीजा ऐसे इंसानी यंत्रों के रूप में सामने आता है, जो खुद को सारे जीवों की तुलना में सबसे काबिल मानते हैं। ये इंसानी मशीनें धर्म, नस्ल, राष्ट्र और सभ्यता के नाम पर असंख्य इंसानों और जीवों का खून बहाने के बाद भी जगत के कल्याण का दावा करती हैं। ये सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक हर इंसान अपने ईश्वरत्व का अहसास न कर ले। ईश्वर तो धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता के बिना भी मौजूद था और इनके बिना भी वजूद में रहेगा, लेकिन कोई धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता ईश्वर की निरंतर उपेक्षा करके अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकती। क्योंकि ईश्वर एक सहज व्यवस्था है जबकि बाकी सब कृत्रिम हैं।

-फेसबुक वॉल से

# अयोध्या और राजधानी के राम मंदिरों का रिश्ता



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे।

श्रीराम जयराम जय-जयराम...' का पाठ आपको काफी दूर से सुनाई देने लगता है, जब आप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र के राम मंदिर की तरफ बढ़ रहे होते हैं। आपको जानकार हैरानी हो सकती है कि इस श्रीराम मंदिर का अयोध्या के राम लला के मंदिर से करीब का संबंध है। इनका दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या लेकर गए थे ताकि वे राम लला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन बनाया। हालांकि अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी अयोध्या के राम मंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर लगा है। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर छोटा है।जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा, तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां करीब एक लाख भक्त पहुंचेंगे। इस मंदिर मैनेजमेंट की इच्छा है कि भविष्य में यहां पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पधारें। इस बीच अगर बात दिल्ली के सबसे प्राचीन राम मंदिर की करें तो यह चांदनी चौक में भगीरथ पैलेस साइकिल मार्केट में है। यह लगभग 150 साल पुराना बताया जाता है। यह कोई बहुत भव्य तो नहीं है, पर खाटी पुरानी दिल्ली वाले यहां कभी न कभी किसी पर्व या सत्यनारायण की कथा में भाग लेने अवश्य आए होते हैं। इसके महंत राम कृष्ण शर्मा बताते हैं कि हमारा परिवार रामलीला मैदान की रामलीला का भी महंत है। पुरानी दिल्ली में एक करीब सवा सौ साल पुराना राम मंदिर छिपीवाड़ा में भी है। इन दोनों में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव किया जाएगा। राजधानी में राम या श्रीराम मंदिर नाम से मंदिर कम ही हैं। कम से कम हनुमान या शिव मंदिरों की तुलना में। हालांकि श्रीराम परिवार की मूर्तियां तो हरेक मंदिर में मिलेंगी। हां, हरेक हनुमान मंदिर अपने आप में राम मंदिर ही है। राम के बिना हनुमान कहां और हनुमान के बिना राम कहा। 22 जनवरी को कश्मीरी गेट, जिसे दिल्ली मरघट वाले बाबा का मंदिर भी कहती है, में पूजा-अर्चना और भंडारे का कार्यक्रम रहेगा।

ईस्ट दिल्ली के विवेक विहार में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की छह फीट ऊंची मूर्ति लंबे समय से भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रही है। इधर भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कीर्तन, राम कथा, सुंदर कांड और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। माना जा सकता है कि यमुनापार का यह पहला श्रीराम मंदिर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विवेक विहार के लिए प्लाट काटकर देने की प्रक्रिया 1967 में चालू की थी। इसके बाद यहां पर लोगों ने अपने प्लाटों पर घर बनाने शुरू किए। एक बार घर बन गए तो उन्होंने श्रीराम मंदिर की स्थापना 1972 में की। फिर इसका विकास और विस्तार होता रहा। यहां पर राम दरबार, शिव परिवार, सरस्वती, हनुमान जी वगैरह की सुंदर मूर्तियां स्थापित हैं। विवेक विहार से सटे आनंद विहार में भी एक श्रीराम मंदिर हैं। इस बीच कनॉट प्लेस के प्राचीन मंदिर में 22 जनवरी को सुबह से रात तक सुंदर कांड का पाठ होगा। इधर 1 अगस्त, 1964 से 'श्रीराम जयराम जय-जयराम' मंत्र का जाप आरंभ हुआ था। इस बीच, कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से तीन-चार किलोमीटर दूर करोल बाग और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के बीच में स्थित हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को अखंड रामायण और हनुमान चालीसा समवेत स्वर में सुना जा सकता है। झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास संकट मोचन की 108 फीट ऊंची प्रतिमा को मेट्रो में सफर करते हुए देखना अपने आप में एक रोमांचकारी अनुभव होता है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। अब आइए चलें साउथ दिल्ली के भीष्म पितामाह मार्ग। इसे राजधानी का दूसरा मंदिर मार्ग कह सकते हैं। पहला मंदिर मार्ग गोल मार्कट में है। इस सड़क का नाम भी मंदिर मार्ग होना चाहिए। अगर आप जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की तरफ से आते हुए लोधी एस्टेट का रुख कर रहे हैं, तब आपको सबसे पहले शिरडी साईं मंदिर, नामदेव मंदिर, फिर श्री रामायण विद्यापीठ और अंत में श्रीराम मंदिर मिलेंगे। श्रीरामायण विद्यापीठ अपने आप में मंदिर के साथ-साथ रामायण तथा वेदों के गहन अध्ययन के केन्द्र के रूप में स्थापित है।

# राम का ब्राह्मण प्रेम



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यों तो श्रीराम परात्पर ब्रह्म और भगवान विष्णु के सप्तम अवतार होकर यावत चराचर के स्वामी और हितैषी हैं, किंतु वर्ण व्यवस्था के अनुसार वे ब्राह्मण वर्ण को वरीयता देते रहे और विशेष हितैषी रहे। जब दो वर्गों के हितकारी कहे गए तब भी ब्राह्मण नहीं छूटे। अलबत्ता गऊ माता इसमें शामिल रहीं। राक्षसों से त्रस्त देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से अवतार लेने हेतु प्रार्थना करने पर उन्हें "गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिया कंता' कहा गया'। तब उन्होंने रामावतार लेने की घोषणा की। बाद में इस संवर्ग में देवता भी जुड़ गए, क्योंकि उन्हीं की प्रार्थना पर वे अवतरित हुए थे। तब वे 'जय सुर धेनु विप्र हितकारी'बने। चूंकि वे'परित्राणाय साधूनां' भी आते हैं, अतःउनके कृपा पात्रों में चौथा नाम संतों का भी जुड़ा और वे 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार'बखाने गए। तात्पर्य यह है कि विप्र कभी नहीं छूटे। उन्होंने स्वयं कहा कि यद्यपि सब मुझे प्रिय और मेरे द्वारा उत्पन्न किए गए हैं, किंतु मनुष्य ज्यादा प्रिय हैं। उनमें ब्राह्मण और ब्राह्मणों में वेदपाठी। 'सब मोहिं प्रिय सब मम उपजाये। सब ते अधिक मनुज मोहि भाये।। तिन मह द्विज द्विज मह स्रुतिधारी। तिन्ह मह निगम धरम अनुसारी'।। परशुराम जी से वार्ता करते समय भी उन्होंने साफ कहा कि 'देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गाय पर हम पराक्रम नहीं दिखाते 'उन्होंने आगे कहा कि 'मेरे पास तो एक गुण है, किंतु आपके पास पवित्र नौ गुण हैं। हम सब प्रकार आप से हारे हैं"। 'सब प्रकार हम तुम सन हारे। छमहु विप्र अपराध हमारे'। रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना का जब उन्होंने निश्चय किया और चाहा कि सबसे बड़े शिव भक्त ब्राह्मण से वे यह यह कार्य कराए तो उन्हें बताया गया कि ये शर्तें तो रावण पूरी करते हैं। 'इरामावतारम्'शीर्षक कंबन रामायण के अनुसार, तब उन्होंने जामवंत को भेजकर रावण को सादर आमंत्रित किया और उनसे स्थापना करवाई, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मालूम हो कि महापंडित रावण यह पौरोहित्य कार्य सविधि करने के लिए सीता जी को साथ लाए थे, क्योंकि विवाहित राम का धर्मानुष्ठान पत्नी के बिना अपूर्ण रहता। अंत में पुरोहित रावण ने यजमान राम को विजय का आशीर्वाद दिया और दक्षिणा स्वरूप मांगा कि 'जब मैं मृत्यु शैया पर होऊ तब यजमान हमारे सामने उपस्थित हों', जिसे राम ने स्वीकार किया। राम का राज तिलक भी पहले ब्रह्मर्षि बसिष्ठ ने किया, फिर अन्य ब्राह्मणों को वैसा ही करने को कहा।

## एक नजर

### प्रकाशोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

**हल्दौर, अमृत विचार :** बुधवार को सिक्खों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह के 357वें प्रकाशोत्सव पर बैंड बाजों व पंच प्यारों के साथ गुरुद्वारा श्री गुरुनानक बाग साहिब हल्दौर से प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में संगत के किये गये गुरुवाणी गायन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गों से होकर वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची। जिसमें ज्ञानी सतनाम सिंह, राजेंद्र सिंह प्रधान, जसवेंद्र सिंह, जरनेल सिंह, दिलावर सिंह, अजीत सिंह, चतर सिंह, चरणजीत सिंह, मनिंदर सिंह शेरा, जोगेन्दर सिंह आदि संगत रही।

### गश्त के दौरान एक वांछित गिरफ्तार

**हल्दौर, अमृत विचार :** हल्दौर पुलिस ने गश्त के दौरान वांछित आरोपी हरवीर उर्फ पंडित पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम सल्लाहपुर थाना हल्दौर जिला बिजनौर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली में टीम उपनिरीक्षक बृजकिशोर शर्मा, कांस्टेबल सुधीर कुमार गिरि रहे।

### रुपये मांगे तो युवती को भाई-भाभी ने पीटा, रिपोर्ट

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सुआवाला निवासी युवती ने अपने भाई पर बैंक खाते से दस हजार रुपये निकालने और मारपीट का आरोप लगाया है। युवती ने भाई और भाभी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव सुआवाला निवासी युवती छाया पुत्री वीर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई कपिल कुमार ने उसके खाते से बिना बताये 10 हजार रुपये निकाल लिए। 14 जनवरी को दोपहर जब उसने अपने रुपये अपने भाई से मांगे तो उसने गालीगलौज शुरू कर दी और उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गए। आवाज सुनकर पीड़िता को बचाने बीना वहां पहुंची तो पायल ने बिना पर हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, कोतवाल राजकुमार सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# चरण पादुकाओं की शोभायात्रा निकाली

## अयोध्या से आईं भगवान श्रीराम की पादुकाएं, शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत

संवाददाता, हल्दौर

**अमृत विचार :** नगर के हिंदू संगठनों ने धूलिया महादेव मंदिर संस्थान पर अयोध्या से आईं भगवान श्रीराम की चरण पादुकाएं पहुंचने पर पूजा अर्चना की और शोभायात्रा निकाली। नगरवासियों ने शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

बुधवार को अयोध्या से भगवान श्रीराम की चरण पादुकाएं पहुंचने पर पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज ने मुख्य यजमान ललित चौहान पत्नी चारु चौहान द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक महेश, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रदीप, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री श्रुतिपाल, चरणजीत सिंह मिक्का, भाजपा नेता अतुल मारवाड़ी, अनिल चौहान आदि हिंदू संगठनों ने शोभायात्रा निकाली। नगरवासियों ने शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।


किरतपुर में राम दरबार की मूर्तियों की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, लव-कुश आदि की झांकी सुशोभित रही। इस अवसर पर नगर कार्यवाह अंकुर चंद्रा, रघुराज सिंह नागर, हंसराज राजपूत, गौरव अग्रवाल, गौरव चौहान गोल्डी, रविंद्र सिसोदिया अवनीश कुमार, राजकुमार, अमरजीत सिंह शशिकांत वालियान, दिनेश कुमार, वरुण प्रताप हनी, सचिन चौहान आदि मौजूद रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली शोभायात्रा

**किरतपुर, अमृत विचार :** झंडा मोहल्ला स्थित श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में वर्षों पुराने मंदिर का जीर्णोधार राम भक्तों ने कराया है। जहां श्रीराम दरबार व ठाकुर जी की स्थापित होने वाली मूर्ति का नगर भ्रमण व मंदिर प्रवेश का कार्यक्रम व हिंदू संगठनों के तहत श्रीराम शोभायात्रा निकाली। श्रीराम शोभायात्रा बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे स्थित श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई। जिसमें डीजे व ढोल के साथ नगर के सैंकड़ों राम भक्त भजनो पर झूमते नाचते हुए चल रहे थे। यात्रा में मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियां पालने में सजाकर रखी गईं थीं। प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान राजीव अग्रवाल, रितु अग्रवाल, ऋतिक अग्रवाल, अक्षरा अग्रवाल रहे। यात्रा बाजार में मुख्य मार्गों से होती हुई श्री ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंची।

### गेहूं की बोरी के नीचे दबकर बेहोश हुए युवक की मौत

**स्योहारा, अमृत विचार :** सरकारी राशन की दुकान पर राशन उतार रहा युवक बोरी के नीचे दबकर बेहोश हो गया। युवक को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की एक साल पहले ही शादी हुई थी।

मोहल्ला हयातनगर निवासी दानिश अहमद पुत्र मोहम्मद कुर्बान 30 वर्षीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर किशना में स्थित सरकारी राशन की दुकान पर गल्ला उतारने के लिए मजदूरी पर गया हुआ था। जब वह वहां पर वाहन से गेहूं से भरी बोरी उतार रहा था कि तभी अचानक वह बोरी लेकर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। दानिश को बेहोशी की हालत में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दानिश को मृत घोषित कर दिया। दानिश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दानिश अपने परिवार में इकलौता कमाने वाला था और एक वर्ष पहले ही दानिश की शादी हुई थी। मृतक के परिजनों का बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप

### तीन माह बाद भी पुलिस ने बरामद नहीं कीं तीन भैंसे

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अल्हेदादपुर खजवा (कोपा) व लुहारवाली में गत 25 नवम्बर को अज्ञात पशु चोरों ने दो गांवों से दो भैंसों को चोरी कर लिया था। जिसकी भैंस स्वामियों ने पुलिस को सूचना भी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सूरजपाल पुत्र चन्दरु निवासी अल्हैदादपुर खजवा कोपा की एक भैंस व दो माह की कटिया तथा चिरंजी पुत्र जगराम सिंह गांव लोहार वाली खुशहालपुर दीवान सिंह की भैंस चोरी होने की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली थी। परन्तु दोनों भैंसों को पुलिस बरामद नहीं कर पाई। तीन माह बीत जाने के बाद भी पुलिस भैंसों को बरामद करने में नाकाम है। थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि भैंसों को बरामद करने के लिये पुलिसप्रयासरत है।

### ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** राजबाला देवी इंटर कॉलेज सीरवासुचंद में राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे सात दिवसीय शिविर के तहत दूसरे दिन स्वच्छता अभियान, बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ एवं मतदान जागरुकता के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि कोतवाल राजकुमार सरोज ने मतदान जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। बुधवार को राजबाला देवी इंटर कॉलेज सीरवासुचंद के छात्र-छात्राओं ने ग्राम त्रिलोकपुर व पुक्खेवाला में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया। मुख्य अतिथि कोतवाल राजकुमार सरोज ने छात्र एवं छात्राओं तथा ग्राम वासियों से कहा की अगर बीमारियों से बचना है तो हमें अपने आसपास की जगह और स्वयं को साफ रखना होगा तथा शौच के लिए शौचालय का प्रयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने ग्राम वासियों को तथा छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कोतवाल राजकुमार सरोज के आलावा एसआई सुमित राठी, प्रधान पति शकील अहमद, प्रधान त्रिलोकपुर मितान सिंह, विजयपाल सिंह, प्रबन्धक अमित कुमार, प्रधानाचार्य दीपक कुमार तथा एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर परवेन्द्र कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बैंक्वेट हॉल में वर-वधू पक्ष में मारपीट

**नगीना, अमृत विचार :** नगीना-नहटौर मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नगीना तहसील क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर निवासी ऋषिपाल की बेटी की बारात चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चेहली से आई थी। दूल्हा दीपक पुत्र लाखन सिंह अपने रिश्तेदारों तथा बारातियों के साथ बैंक्वेट हॉल में पहले ही पहुंच गए थे। जबकि कुछ बाराती अपने निजी वाहनों से करीब एक घंटे बाद बैंक्वेट हॉल पहुंचे। जहां उन्होंने अपने आप को बाराती बताते हुए लड़की पक्ष के लोगों से नाश्ता कराने की बात कही। इसी बात को लेकर लड़की पक्ष के लोगों से उनकी कहासुनी और गाली-गलौज हुई। आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने हुडदंग मचा रहे बारातियों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। जिसमें चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव हैजरपुर निवासी ओमपाल पुत्र चंद्रपाल, आशु पुत्र राजेंद्र गांव हैजरपुर, अर्जुन पुत्र गजराम, जसविंदर पुत्र राम बहादुर निवासी कोतवाली शहर ग्राम तिमरपुर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल ओमपाल को प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर नगीना पुलिस नगीना चिकित्सालय पहुंची और घायलों के संबंध में जानकारी ली।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

**हापुड़ , अमृत विचार :** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस के परिपेक्ष में लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन हापुड़ पर बुधवार को जीआरपी, पुलिस और आरपीएफ़ टीम द्वारा संयुक्त रूप से डॉग स्क्वायड से संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध लोगों के बैग चेक किये। इस मौके पर जीआरपी प्रभारी देवेंद्र उपाध्याय,आरपीएफ़ प्रभारी सुभाष यादव और हापुड़ हापुड़ नगर कोतवाली उप निरीक्षक हरि कुमार आदि मौजूद रहे।

### नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों का प्रदर्शन

**धौलाना (हापुड़) , अमृत विचार :** सरकार के दो कानूनों को वापस लेने के लिए ट्रक चालकों ने धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संगठन के हापुड़ के जिला अध्यक्ष अजय यादव व कार्यकर्ता ट्रक ड्राइवर के समर्थन में उनके साथ धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। धरने प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट और औधोगिक क्षेत्र खिचरा के चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने ट्रक ड्राइवरों और किसान संगठन के कार्यकर्ताओं से बात करके धरना को समाप्त कराया। इस दौरान किसान संगठन और ट्रक ड्राइवरों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट को सौंपकर काले कानून को वापस लेने की मांग की।

# एक गांव के चार घरों से नकदी और जेवर ले गए चोर

संवाददाता, कोतवाली देहात

**अमृत विचार :** चोरों ने एक रात में गांव के चार घरों में चोरी की है। चोर चारों घरों से ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी सहित सोने, चांदी के आभूषण ले गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित के परिजनों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव गनौरा में मंगलवार रात चोरों ने चार घरों के ताले तोड़कर चोरी कर ली। गनौरा निवासी शहजाद पुत्र उमर मुंबई में कार्य करता है। लगभग 15 दिन पहले उसका पिता उमर भी अपने बेटे से मिलने मुंबई गया हुआ था। मंगलवार रात चोरों ने शहजाद के घर के ताले तोड़कर घर में रखे नकदी व सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए। पीड़ित के परिजनों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौंपी। इसके साथ ही चोरों ने पड़ोस में ही तीन घरों के और ताले तोड़कर चोरी की। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया।

### ताले तोड़कर जेवर और सामान चोरी

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव सलारपुर निवासी मरहूम मुमताज अहमद के लड़के बाहर काम करने गए थे। उनकी एक पुत्री घर पर थी जो अकेला होने के कारण मकान को बंद करके अपने ताऊ के यहां रात को सोने चली गई। मंगलवार रात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने जेवर, कपड़े व कीमती सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित को सुबह बिखरा सामान देखकर चोरी होने का पता चला।

### आपस में शादी की जिद पर अड़ी दो युवतियां

**स्योहारा, अमृत विचार :** घर से फरार दो युवतियों के बरामद होने पर उनकी प्रेम की कहानी सामने आई है। दोनों युवतियां एक दूसरे से प्यार की बात कहते हुए शादी की जिद पर अड़ गईं। दोनों युवतियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी।

10 दिन पहले थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसकी पुत्री जिला मुरादाबाद के गांव की रहने वाली अपनी सहेली के साथ घर छोड़कर चली गई है। उसने पुलिस से अपनी पुत्री की बरामद की मांग की थी। पुलिस ने दोनों युवतियों को बरामद कर लिया। जिसके बाद दोनों युवतियां एक दूसरे से शादी की जिद करने लगीं। पुलिस और परिजनों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन दोनों युवतियों ने किसी भी बात को मानने से इनकार कर दिया और विवाह पर अड़ रहीं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि दोनों युवतियों को बयान के लिए कोर्ट में पेश किया है।


घटना की जानकारी लेते सीओ सर्वम सिंह। ● अमृत विचार

# युवक का मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, धामपुर

**अमृत विचार :** गांव बगदाद अंसार में एक भूखंड में युवक का शव पड़ा मिला। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

धामपुर थाना क्षेत्र के गांव बगदाद अंसार में गांव के पास ही एक भूखंड में गांव के युवक अकरम पुत्र अनवर का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ताल की। मृतक की मां नईमा ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग उसके पुत्र से रंजिश रखते थे। इसी के चलते उन्होंने अपने पुत्र को काम करने गांव से बाहर भेज दिया था। वह कुछ दिन पूर्व ही गांव आया था। रंजिश के कारण उसके पुत्र की हत्या कर दी गई। सीओ धामपुर सर्वम सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अमरोहा-आसपास

# शीतलहर से कांप उठे लोग, ट्रेनें भी लेट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड कम नहीं हो रही है। बुधवार को सुबह से ही आसमान में कोहरे की चादर छायी रही। जिससे जीवन अस्तव्यस्त रहा। सुबह से ही गलन और ठिठुरन वाली ठंड से आबादी कांप उठी है। सड़कों पर गर्म कपड़ों में लिपटे हुए निकले लोगों की भी सर्दी से कपकपी छूट रही है। वहीं कोहरे के कारण कई ट्रेनें भी देरी से पहुंचीं।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक ने बताया कि जमीन से 100 से 150 मीटर की ऊंचाई पर कोहरा होने से सूरज की किरण ठीक से धरती तक नहीं पहुंच पा रही है। इस वजह से कोल्ड डे की स्थिति बनी मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। लेकिन दोपहर तीन बजे 10 मिनट के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन उससे लोगां को कोई राहत नहीं मिली। वहीं सीएमएस डॉ. प्रेमा पंत ने कहा है कि इस ठंड में बेवजह घर से न निकलें, अगर निकले तो खुद को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढककर निकलें। कोहरे के कारण बुधवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस दो घंटे 10 मिनट, सत्याग्रह एक्सप्रेस 30 मिनट की देरी से पहुंची।


अमरोहा के आजाद रोड पर कोहरे के बीच पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### कड़ाके की ठंड से कांपे लोग

**गजरौला, अमृत विचार :** घने कोहरे से बुधवार की सुबह यातायात व्यवस्था चरमरा गई। ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण शीतलहर के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। गलन और ठिठुरन वाली सर्दी से आबादी कांप उठी है। बुधवार सुबह ठंड के चलते सर्दी से बचने के लिए लोग अपने घरों में कैद रहे। दोपहर को आकाश साफ होने के बाद के धूप निकली तो बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से कुछ राहत मिली। वहीं कोहरे के चलते यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई है। आसमान में मंगलवार की शाम से ही कोहरे और बादलों की धुंध छाई गई। ठंड इतनी बढ़ गई कि हाथ-पांव कमरों के भीतर भी सुन्न हो रहे। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम को मॉर्निंग वाक करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। शाम होते ही लोग अपने घरों में कैद हो गए।

# पीटीआई को गोली मारने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गजरौला

- रश्मि ने दो लाख रुपये देकर कराया था हमला

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला अतरपुरा निवासी नरेंद्र सिंह खाद गुर्जर गांव के किसान इंटर कॉलेज में पीटीआई टीचर हैं। एक जनवरी सुबह मंडी में सब्जी खरीदने गए पीटीआई को कार में बैठते समय गोली मार दी गई थी। गोली लगने से पीटीआई घायल हो गए थे।

रजबपुर थाना क्षेत्र के चांद नगर गांव निवासी संजीव, महावीर, अमन, दीपांशु व रामनगर गांव निवासी अजय गोपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने घटना का खुलासा किया है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि बछरायूं थाना क्षेत्र के ढकिया गांव निवासी रश्मि व काफूरपुर गांव निवासी गजराज को गिरफ्तार किया है। रश्मि की शादी चांदनगर निवासी रमन के साथ हुई है। दोनों के बीच मुकदमा चल रहा है। पीटीआई नरेंद्र सिंह ने बिचौलिया बनकर दोनों की शादी कराई थी। अपने ससुराल वालों को फंसाने के लिए रश्मि ने दो लाख रुपये देकर पीटीआई पर जानलेवा हमला कराया था। काफूरपुर गांव निवासी गजराज को रुपये दिए थे। अमरपाल पुत्र काशीराम एवं विपिन पुत्र जसवंत एवं संजीव पुत्र रिषिपाल निवासी गांव अक्खा नगला थाना नौगांवा सादात व सोमपाल पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चांदनगर थाना रजबपुर ने पीटीआई पर हमला किया था। घटना में प्रयुक्त मोबाइल व सुपारी के दिए गए रुपये में से 15,530 रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं। सीओ ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# जैविक खेती को बढ़ावा दें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा की और जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी ने हर घर जल, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की और योजना के अनुसार किए कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैविक खेती को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर जैविक खेती का निरीक्षण करें। किसी के लिए योजनाओं में जो बजट है। उसको समय से खर्च किया जाए। उन्नतशील कृषि की प्रजातियां हैं, उनको किसानों को बताएं बताएं और जागरूक करें।


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पोल्ट्री फार्म अधिक से अधिक खुलवाकर क्षमता बढ़ाएं। जिससे जनपद में अंडा उत्पादन में वृद्धि हो सके। विद्युत विभाग के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लिए जो विद्युत वितरण का निर्देश शासन द्वारा निर्धारित है, उसका पालन प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर अवश्य हो। विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता इस पर विशेष ध्यान दें कि किसी भी प्रकार के लापरवाही विद्युत के संबंध में न की जाए। उद्यान विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में कितनी नर्सरी संचालित है, कितने हेक्टर में है, कितने लोग जुड़े हैं। इन सभी बिंदुओं पर जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करें। लीची, नाशपाती व आलू की खेती को बढ़ावा देने के प्रति किसानों को जागरूक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी संगीता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशीराम सिंह, कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह व प्रवीण आदि रहे।

# स्वास्थ्य विभाग में होंगी 11 हजार नियुक्तियां

संवाददाता, चम्पावत

- स्वास्थ्य मंत्री ने चम्पावत में सौंपे 58 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र
- 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की चल रही कवायद

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही नर्सिंग, वार्ड ब्वॉय, तकनीशियन सहित विभिन्न पदों पर 11 हजार से अधिक नियुक्तियां की जाएंगी। अभी प्रदेश में लगभग 3 हजार अभ्यर्थियों को नर्सिंग अधिकारियों के पद पर नियुक्ति दी जा रही है और इसमें विशेष बात यह है कि सभी नियुक्त अधिकारी उत्तराखंड के मूल निवासी हैं।

यह बात चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को चम्पावत के राजकीय ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने 58 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कल्पना के अनुरूप चम्पावत जनपद को आदर्श जनपद बनाने के लिए राज्य सरकार स्थानीय निवासियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। जिसके अनुरूप चम्पावत में 111 डॉक्टरों के सापेक्ष 113 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। चिकित्सा के साथ ही शैक्षिक क्षेत्र पर भी सरकार का फोकस है। अध्यापकों की कमी पूरी करने के लिए प्रदेश में 10 हजार अध्यापकों की नियुक्ति करने की भी कवायद चल रही है।



डॉ. आराधना बाजपेई को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

# साहित्यकार डॉ. आराधना बाजपेई नोएडा में सम्मानित

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** साहित्यकार एवं कवयित्री एलएन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. आराधना बाजपेई को नोएडा के सेक्टर छह में आयोजित एक शाम नारी शक्ति के नाम समारोह में सम्मानित किया।

डॉ. आराधना बाजपेई ने कहा कि लायंस क्लब नोएडा शिवा एवं नव ऊर्जा युवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हापुड़ मंडल से चयन होना गौरव का विषय है। उपमंडलाध्यक्ष एके मित्तल ने कहा कि डॉ. आराधना बाजपेई साहित्य एवं शैक्षिक संस्थान के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। मुख्य अतिथि सांसद महेश शर्मा, बिमला बाथम, मनीष वर्मा जिलाधिकारी,शैलेंद्र बहादुर समाज कल्याण अधिकारी आदि रहे।

### भड़काऊ भाषण मामले में 23 जनवरी को आएगा फैसला

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में सजा पर अपील को लेकर बुधवार को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में 23 जनवरी को फैसला आएगा।

शहजादनगर थाने में आजम खां के खिलाफ लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में नफरती भाषण देने का मामला दर्ज हुआ था। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ आजम खां ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। बुधवार को बहस पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने फैसले के लिए 23 जनवरी की तारीख नियत कर दी है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि इस मुकदमे में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में 23 जनवरी को फैसला आएगा।

# प्रधानमंत्री समावेशी विकास के ग्लोबल ब्रांड : नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में सुशासन समृद्धि के लिए जरूरी

**अमृत विचार:** शहजादनगर में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन और समावेशी विकास के ग्लोबल ब्रांड बन गए हैं। मोदी सरकार देश की धाक-धमक, विकास-विश्वास, सुशासन-समृद्धि के लिए जरुरी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शहजादनगर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए दीवार लेखन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने इस बार मोदी सरकार हिंदी और उर्दू में नारा लेखन किया। उन्होंने दीवार पर कमल के फूल की पेंटिंग बनाई। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भरोसा जताया। दीवार पर लिखा- फिर इस बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि हमारे काम की गिनती और लोगों के विश्वास का गणित फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को जनादेश देगी। कहा कि मोदी सरकार भारत के सम्मान, सुरक्षा, समृद्धि की गारंटी है। जनता पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक की ठान चुकी है। इस दौरान हंसराज पप्पू, ख्याली राम लोधी, अभय गुप्ता, राकेश मिश्रा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, कपिल आर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, मोहनलाल सैनी, चंद्र प्रकाश शर्मा, महासिंह राजपूत, जगपाल यादव, दिलीप अरोड़ा, मोहन लोधी, महेश मौर्या, नरेंद्र गंगवार, दीक्षा गंगवार, टेकचंद गंगवार, देवेंद्र सैनी, भूकन प्रधान, सोनू लोधी रहे।

### हल्द्वानी स्टेशन पर सीबीआई का छापा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देहरादून से आई सीबीआई की टीम ने बुधवार को हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर छापा मारकर आरपीएफ के चौकी प्रभारी को टैक्सी चालक से दो हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में हिरासत में ले लिया।

आजादनगर लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी टैक्सी चालक इरशाद पुत्र जमील ने सीबीआई देहरादून से शिकायत की थी। इसमें आरोप था कि हल्द्वानी रेलवे स्टेशन की पार्किंग से सवारियां ढोने के एवज में आरपीएफ चौकी प्रभारी दिनेश मीणा उससे हर माह 3-4 हजार रुपये की मांग कर रहा है। बीती 15 जनवरी को दरोगा दिनेश ने उसे रिश्वत की रकम के साथ चौकी बुलाया। इरशाद की शिकायत के बाद सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ देहरादून में अभियोग दर्ज किया था। दो दिन पहले से टीम ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में डेरा डाल रखा था। बुधवार को टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते दबोच लिया।

# जब ढांचे के गुंबद पर बांध दिया था भगवा गमछा...

**30** अक्टूबर 1990 में कारसेवकों में शामिल थे युवा कुलदीप

सुरेश दुबे, पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** मया ब्लॉक के दामोदरपुर के रहने वाले कुलदीप पांडेय ने मंदिर आन्दोलन के दौरान वह कर दिखाया जो विरले ही कर सकते हैं। महज 17 साल की आयु में ऐसा जज्बा और जुनून था कि कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर भगवा लहरा दिया था। आज भी वह 90 के दशक को याद कर भाव विभोर हो जाते हैं। बोले - किशोर रहते हुए जो साधना शुरू की थी उसकी परिणित भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे रामलला के रूप में हो रही है।




कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर लहराया था भगवा

आज भी सहेज कर रखा है चित्र।

▸▸ गोलियों की आवाज सुन झाड़ियों में कूद पड़े थे कुलदीप



कारसेवक कुलदीप पांडेय।

### गांव के लोग बोले कुलदीप ने तो कमाल कर दिया था

गांव के रामसूरत पांडेय, बजरंग पांडेय, महेश चंद और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने बताया कि हम लोगों के साथ ही कुलदीप कारसेवा के लिए निकले थे। कारसेवा के दौरान यह आगे निकल गए और गुम्बद पर चढ़ गए थे। उन्होंने जो कर दिखाया उसके लिए आज भी गर्व महसूस करते हैं।

अयोध्या से 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित बाकरगंज के दामोदरपुर निवासी कुलदीप पांडेय ने 'अमृत विचार' को बुधवार को बताया कि आंध्र प्रदेश से 22 कारसेवक महीनों से क्षेत्र में टिके थे। उन्हीं के साथ ही कारसेवा करने गए थे। 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवक के दौरान राम जन्मभूमि पर बने ढांचे पर एक-दूसरे के कंधों का सहारा लेकर तीसरी गुंबद पर चढ़े थे। गुम्बद पर लगे चांद को लोहे की रॉड से तोड़ कर निकाल लिया था। चारों ओर धूल का गुबार उड़ रहा था तो लोग उतरने के लिए चिल्ला रहे थे लेकिन वह तब तक नहीं माने जब तक रामनामी गमछा नहीं लपेट दिया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ी तो दक्षिण तरफ झाड़ियों में कुदकर भाग निकले। कारसेवा के दौरान उनके साथ कोठारी बंधु भी थे। उन्होंने बताया कि विहिप अध्यक्ष अशोक सिंघल के नेतृत्व में मणिराम छावनी से हम लोग निकले थे। आज भव्य मंदिर देख अपार खुशी हो रही है। जीते जी भगवान का मंदिर बनकर तैयार हुआ। ऐसा सपने में सोचता था जो अब साकार हो गया। बताया प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला तो जरूर जायेंगे।

# रामलला जिन-जिन मार्गों से गुजरे, खाली हो गए रास्ते

## परिसर में विग्रह के प्रवेश कराने से पहले ड्रोन से कराई गई निगरानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामसेवकपुरम से जन्मभूमि तक श्रीरामलला के पांच वर्षीय बाल रूपी नूतन विग्रह को लाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान विग्रह जिन-जिन मार्गों से गुजरा उन मार्गों को पुलिस ने पूरी तरह खाली करा दिया गया। दुकानों के आगे मोटे-मोटे रस्से से एक लाइन खींचकर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। उधर, जन्मभूमि परिसर में भी घंटों ड्रोन से निगरानी कराई गई।

▸▸ डीसीएम के आगे-पीछे एटीएस के दस्ते

▸▸ मंडलायुक्त, आईजी समेत जिले के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी रहे शामिल



भव्य राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह ले जाते समय धर्मपथ को पूरी तरह खाली करा लिया गया।



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ धर्मपथ से ले जाया गया नूतन विग्रह।

अयोध्या धाम में बुधवार शाम सात बजे के लगभग सारी दुकानों के सामने मोटे-मोटे रस्से लगा दिए गए। पुलिस फोर्स हरकत में आ गई। रास्ता खाली कराया जाने लगा। सड़क किनारे खड़ी सभी गाड़ियों को जल्द से जल्द हटाया जाने लगा। भक्ति पथ की सड़कों से दर्शनार्थियों को हटाया जाने लगा। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। क्या हो गया। लगभग 7 :30 बजे एक डीसीएम सुरक्षा के घेरे में आगे बढ़ते हुए दिखाई दी। सबसे आगे एक सफेद गाड़ी में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय थे। इसके पीछे सुरक्षा दस्ता, उसके पीछे डीसीएम, इसके पीछे मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के वाहन और उसके बाद फिर भारी संख्या में पुलिस बल था। डीसीएम के आगे-पीछे और साथ में एटीएस के कमांडो भी चल रहे थे। ये नजारा देख कुछ लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। जैसे ही लोगों को पता चला कि डीसीएम में रामलला का विग्रह जन्मभूमि जा रहा है तो खुद-ब खुद रास्ते खाली करते चले गए। उल्लास में लोगों ने गगनभेदी जय श्रीराम के जयकारे भी लगाए। रामलला का विग्रह मंदिर परिसर में पहुंचते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# धर्मपथ की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगी कोलकाता की घास

▸▸ 1400 मीटर में बिछाने को आईं 70 हजार स्क्वायर फीट घास

▸▸ लगाए जा रहे बोगनबेलिया के तीन हजार व टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे



डिवाइडर पर घास बिछाते वन विभाग के कर्मचारी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या में त्रेता युग की झलक दिखाई पड़ेगी। इसके लिए सभी प्रवेश मार्गों को सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर पर धर्मपथ की खूबसूरती और आकर्षक बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब धर्मपथ के चौड़े-चौड़े डिवाइडर पर कोलकाता से आई घास लगाई जा रही है। 1400 मीटर में घास लगाने के लिए 70 हजार स्क्वायर फीट घास मंगाई गई है। इसके अलावा सफेद, गुलाबी और बैगनी रंग के फूलों वाले बोगनबेलिया व टाबेबिया रोजिया के पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

साकेत पेट्रोल पंप के निकट धर्मपथ पथ के प्रवेश द्वार पर सूर्य देव की अद्भुत प्रतिमाएं लगाई गई हैं। इसके अलावा पथ पर लगे आकर्षक स्तंभ व भित्ती चित्र उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। अब पथ पर हरियाली बढ़ाने के लिए वन व उद्यान विभाग की टीम ने कार्य शुरू कर दिया है। दो मीटर चौड़े डिवाइडर के दोनों किनारों पर बोगनबेलिया के तीन हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। 90-90 सेमी. पर लग रहे तीन किस्म के इन पौधों में अलग-अलग रंगों के फूल निकलेंगे। इसके अलावा बीच में टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पांच-पांच मीटर की दूरी पर लगाए जा रहे हैं। यह 60 फीट तक बढ़ सकते हैं। देखने में सुलभ होने के साथ ही छायादार भी होंगे। मया रेंज के रेंजर अरुण कुमार मौर्य ने बुधवार को बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए जा रहे हैं। विभाग के 50 से भी अधिक कर्मी लगाए गए हैं। 19 जनवरी तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### 22 के बाद जन्मभूमि पथ पर शुरू होगा काम

श्रीराम जन्मभूमि पथ पर भी हरियाली बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की ओर से व्यापक योजना बनाई गई है। 22 जनवरी के बाद से जन्मभूमि पथ पर पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा।

# रामप्यारी ने अर्पित किया था रामलला को पान का बीड़ा

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर के इतिहास ने बहुत कुछ बदलाव देखा है। बीते दशकों में इतिहास ही नहीं बदला बल्कि भूगोल भी बदल गया है, हालांकि नहीं बदली हैं तो कई पुरानी रवायतें। चार दशक पूर्व रामजन्मभूमि परिसर के पास पान की दुकान चला अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली रामप्यारी देवी ने रामलला के प्रति आस्था में भोग के लिए पान का बीड़ा दिया था। अब उन्हीं के परिवार की तीसरी पीढ़ी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 551 बीड़ा पान का ऑर्डर दिया है। वहीं परिवार ने अपनी आस्था से 501 बीड़ा पान भेंट करने की तैयारी की है।

### अब तीसरी पीढ़ी भेंट करेगी 501 बीड़ा पान




हनुमानगढ़ी के पास है दीपक चौरसिया की पान की दुकान।

पान व्यावसायी दीपक कुमार चौरसिया ने बुधवार को बताया कि लगभग 16 वर्ष तक रामजन्मभूमि परिसर स्थित उनकी दुकान से यह पान का बीड़ा रामलला के राग-भोग के लिए जाता रहा है। सन् 1999 में दुकान भले ही परिसर से हटकर हनुमानगढ़ी के पास आ गई। उसके बाद भी परिवार पान का बीड़ा तैयार कर दे रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी दादी रामप्यारी देवी ने ही रामलला के राग-भोग के लिए पान का पहला बीड़ा अर्पित किया था। उसके बाद रामलला की सेवा का मौका हमारे ही परिवार को ही मिल रहा है। दादी के बाद यह काम हमारे पिता स्व. अमरीष प्रसाद चौरसिया करते थे और अब हम लोग कर रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए ट्रस्ट की ओर से हमें ही 551 पान का बीड़ा तैयार करने का अवसर मिला है। कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए हम अपनी आस्था से 501 पान का बीड़ा रामलला की सेवा में भेंट करेंगे। इससे पहले भूमिपूजन के दौरान भी रामलला के राग-भोग के लिए 151 पान का बीड़ा तैयार किया गया था।

### हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में जाता है पान का बीड़ा

दीपक कुमार चौरसिया ने बताया कि राग-भोग के लिए केवल जन्मभूमि ही नहीं बल्कि अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों में भी उन्हीं की दुकान से पान का बीड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, मानस भवन, छोटी देवकाली व सीता रसोई सभी जगह हमारा ही पान जाता है।

### यह होगी पान की खासियत

रामलला के राग-भोग के लिए लगने वाला पान का बीड़ा बहुत ही विशेष होगा। पान व्यवसायी का कहना है कि बनारसी पत्ते के पान का मीठा बीड़ा तैयार होगा। पान में इस्तेमाल की जाने वाली सारी सामग्री विशेष तौर पर वाराणसी से मंगाई गई है। पान में गुलकंद, इत्र, गुलाबजल सहित चांदी का वर्क लगाया जाएगा। यह सभी 551 पान एक दिन में ही तैयार हो जाएंगे।

# अयोध्या कैंट स्टेशन पर पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध

**अयोध्या। अमृत विचार:** सुरक्षा इंतजामों और भीड़भाड़ प्रबंधन के मद्देनजर अयोध्या छावनी स्टेशन पर 20 से 31 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल आवागमन (लीज सहित) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेजों/पैकिंग से मुक्त रहेंगे। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि अयोध्या कैंट से सभी स्टेशनों पर दिनांक 18 से 31 जनवरी तक एसएलआर, एजीसी व वीपीएस सहित सभी इनवर्ड और आउटवर्ड यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

# अब आस्था की नगरी में असीम श्रद्धा की गूंज



दीवारों पर उकेरी गईं कलाकृतियां करा रहीं हैं त्रेतायुग का आभास।

नाद के स्वर में चहुंओर बधाइयों के साथ बज रही रामधुन

आराध्य के विराजने की व्याकुलता के बीच दिख रहा उल्लास और उत्साह

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आराध्य की अयोध्या..., मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या... 500 वर्षों की प्रतीक्षा सहज भाव से पूरी हुई लेकिन अब... व्याकुलता चरम पर है। एक – एक पल काटना भारी पड़ रहा है। संपूर्ण विश्व को 22 जनवरी का इंतजार, सरयू की हर लहर तक व्याकुल। इन सबके बीच गूंज रहा आस्था की नगरी में श्रद्धा का अनहद। चहुंओर लहराती केसरिया पताकाएं। जय श्री राम की गूंज। चारों दिशाओं से अयोध्या धाम में प्रवेश करने वाले यह उत्सव और उल्लास देख न केवल ठिठक जा रहे हैं वरन अलौकिक आभा से अभिभूत हो रहे हैं।

राम आ रहे हैं, अयोध्या अब आतुर है अपने रामलला के लिए, देश ही नहीं विदेशों से लोग जन्मभूमि की धरा पर पहुंच रहे हैं। राम को निहारने और उनकी अगवानी के लिए। ऐसा लग रहा है मानों जड़वत अहिल्या का फिर उद्धार होने जा रहा हो। सरयू घाट पर उगते सूरज और ढलती सांझ दोनों अब ऐसी सुहानी लगने लगी है जैसे नवयुग का प्रारम्भ हो रहा हो। रामराज्य की परिकल्पना अब केवल कल्पना नहीं साकार रुप लेती दिखाई दे रही। गाइडों से रामपथ, धर्मपथ और भक्तिपथ जैसे उच्चारण सुन यहां आने वाले आश्चर्य से भर जाते हैं। सहादतगंज से आए या नाका से या फिर बाईपास के रास्ते, लहराती केसरिया पताकाएं ऐसा आभास करा रही मानों राम फिर वनवास से राज्याभिषेक के लिए आ रहे हों। रामलला के दर्शनों के लिए नित्य हजारों की संख्या में लोग विभिन्न प्रांतों से पहुंच रहे हैं। दो दिन पहले ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया था कि रोज करीब 35 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। यह दीगर बात है कि प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 20 और 21 जनवरी को दर्शन बंद करने की बात कही है।

यहां महाराष्ट्र नासिक से बुधवार को आए सेवानिवृत्त रेलकर्मी अशोक गुलाटे ने बताया कि वह दो दिन पूर्व यहां आए। प्रभु का दुर्लभ दर्शन कर लिए। अब वापस जाकर 26 जनवरी के बाद परिवार के साथ फिर आएंगे। तुलसी उद्यान में उज्जैन के नवीन जिंदल मिले, बोले यहां बरसों राम लला टैंट में रहे। अब भव्य मंदिर बन गया है तो त्रेतायुग का आरम्भ ही मानिए। हनुमानगढ़ी पर परिवार के साथ दर्शन के लिए पहुंचे रामकृष्ण पांडेय ने कहा कि प्रभु के स्वागत की ऐसी तैयारी तो त्रेता युग में भी नहीं हुई होगी। कहा कि सब हनुमंत लला का प्रताप है कि रघुवंशमणि 22 जनवरी को पधार रहे हैं।

### भाव-विभोर कर रहा है ट्रस्ट द्वारा जारी 'हम सब यहीं हैं' का चित्र

उत्सव के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जारी अयोध्या में अभिनंदन है – हम सब यहीं है चित्र सबको भाव-विभोर कर रहा है। अयोध्या धाम में विभिन्न स्थानों पर इसे प्रदर्शित किया गया है। इसमें गोलोकवासी पूज्य देवरहा बाबा जी महाराज, हनुमानगढ़ी के महंत अभिरामदास, श्री स्वामी शतानंद महराज, स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महराज, स्वामी शिवरामाचार्य जी महाराज समेत कुल नौ विभूतियों के चित्र के साथ लिखा हम सब यहीं हैं। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इन विशिष्ट विभूतियों के आशीर्वाद से ही आज यह दिन आया है। ट्रस्ट की ओर से इनके प्रति श्रद्धा निवेदित की गई है।



### रामनगरी में महिलाओं ने निकाली 'जल कलश यात्रा'

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने 'जल कलश यात्रा' निकाली। यात्रा में करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं। रामनगरी में महिलाओं ने बुधवार सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं।

### प्राण प्रतिष्ठा : संतों और पदाधिकारियों का आगमन शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और इसके मद्देनजर रामनगरी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत के लिए मकर संक्रांति पर्व संपन्न होने के बाद संत-धर्माचार्यो और व्यवस्था में लगाए गए विश्व हिन्दू परिषद समेत विभिन्न आनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसको लेकर ट्रस्ट और विहिप की ओर से भोजन, आवास, परिवहन, स्वास्थ्य समेत अन्य व्यवस्थाओं के प्रभारी और उनकी टीम सक्रिय हो गई है। समारोह से लेकर विभिन्न गतिविधियों को सकुशल संपन्न कराने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विश्व हिन्दू परिषद और पुलिस-प्रशासन से समन्वय कर व्यापक योजना बनाई है। व्यवस्था का जिम्मा प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद को दिया गया है। पल-पल की निगरानी और समीक्षा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कर रहे हैं। साधु-संतों के लिए विशेष रूप से मणि पर्वत के बगल बनवाई गई टीन शेड सिटी और चिन्हित विभिन्न मठ-मंदिर 26 आबाद होने लगे है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में व्यवस्था के निमित्त दो दर्जन से ज्यादा विभाग का गठन किया गया है और सभी को अलग-अलग व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। प्रभारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें कर व्यवस्थाओं का सुचारु ढंग से अनुपालन कराया जा रहा है।

# प्राण प्रतिष्ठा देखने किष्किंधा से बालरूप में पहुंचे हनुमानजी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जन्मस्थली किष्किंधा से हनुमानजी रामनगरी पहुंच गए हैं। राम की पैड़ी पर उनके 21 फीट लंबे रथ के स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाई गई हैं। सुनहरे रंग के रथ में छह द्वार हैं। रथ को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्री हनुमद् जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीश्रीश्री गोविंदानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि रथ में हनुमानजी बाल रूप में हैं और वह यह देखने आए हैं कि समारोह में चल रहीं तैयारियों में कोई कसर तो नहीं है। कहा कि कर्नाटक के कोप्पल विजयनगर जिले में स्थित किष्किंधा हनुमान जी की जन्म स्थली है। वहां पर भी मंदिर बनाने के लिए शिला पूजन हो गया है। वहां भी बालरूप में ही हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। उनके साथ माता अंजनी भी रहेंगी। इसके अलावा रथ के मुख्य द्वार में हनुमानजी, माता सीता और राम-लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां भी हैं। यह रथ 12 वर्षों से धार्मिक स्थलों पर यात्रा कर रहा है। यहां समारोह के बाद सरयू का जल लेकर 25 जनवरी को रथ सीतामढ़ी को रवाना होगा। वहां हनुमानजी माता सीता का आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद किष्किंधा में उनकी जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण शुरू कराया जाएगा।



▸▸ 21 फीट लंबे रथ पर पहुंचे रामनगरी, सरयू जल लेकर यहां से जाएंगे

# इतिहास के झरोखे से : मंदिर आंदोलन में बनी थी सेना, तैनात हुए थे सेनापति

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर आंदोलन का इतिहास तमाम उतार-चढ़ाव और पड़ाव का गवाह रहा है। जिसका महत्वपूर्ण पड़ाव ढांचा ध्वंस अर्थात 1992 की कारसेवा है। घोषणा के बाद से ही देश के विभिन्न प्रांतों से कारसेवकों का हुजूम अयोध्या पहुंचने लगा था। एक तरफ आंदोलन परवान चढ़ रहा था तो आंदोलन के नीति-निर्धारक नित नए-नए संगठन के गठन में जुटे थे। इसी दौरान महिलाओं की दुर्गा वाहिनी और युवकों की सेना भी गठित हुई थी।

क्षीरेश्वरनाथ पर सैनिकों ने लिया था संकल्प



सेना के जवानों को संबोधित करते मृदुल (फ़ाइल फोटो)

सेना की कमान विहिप कार्यकर्ता के पुत्र उस समय साकेत कॉलेज के छात्र और बाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र संघ के पदाधिकारी बने मृदुल शुक्ल को सौंपी गई थी। नयाघाट स्थित मणिरामदास छावनी से शोभायात्रा निकाल क्षीरेश्वरनाथ पर इन सैनिकों और कमांडर को सकंल्प भी दिलाया गया था। बाद में इसी सेना ने वर्ष 1994 में जब प्रदेश की तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार ने अयोध्या में मक्का खुर्द के निर्माण की कोशिश शुरू की तो इस्लामीकरण विरोधी सेना के कमांडर मृदुल शुक्ला वर्ष 1994 से 97 तक तीन वर्षों तक मंदिर और सनातन की नगरी के विरोधियों को ललकारने का कार्य किया। इस सेना की ओर से नगरी की गलियों में प्रतिदिन शोभायात्रा निकाली और शंखनाद किया। तत्कालीन सरकार को पैर पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया। सेना का गठन उस समय आंदोलन और विहिप का कार्य देख रहे चंपत राय, महेश नारायण, अवध नारायण सिंह, चंद्र प्रकाश, अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ, महंत परमहंस दास, महंत राम विलास दास वेदांती से विचार-विमर्श कर किया गया था। साकेत छात्रनेता जटाशंकर सिंह, राणा विजेंद्र बहादुर सिंह को भी पद सौंपा गया था।

सेना के कमांडर रहे वर्तमान में पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. मृदुल शुक्ल का कहना है कि श्री राम जन्मभूमि न्यास के तत्कालीन अध्यक्ष परमहंस रामचंद्र दास, महंत नृत्य गोपाल दास, राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ, तत्कालीन विधायक लल्लू सिंह के नेतृत्व में अयोध्या की धरती से सेना ने ललकारा है, "खून बहेगा सडको पर" के नारे के बीच निकली शोभायात्रा में युवा तरुणाई के साथ संतों व रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था। दिगंबर अखाड़ा में संकल्प यज्ञ भी आयोजित हुआ था जिसमें राम जन्मभूमि के प्रस्तावित मॉडल का पूजन हुआ। बाबा अवधेश शुक्ला और अन्य की ओर से पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता था। राष्ट्रधर्म पत्रिका के अक्टूबर 1994 में प्रकाशित लेख में परमहंस रामचंद्र दास ने सेना के निर्माण के उद्देश्य के बारे में कहा था कि अयोध्या की शास्त्रीय सीमा के भीतर इस्लामीकरण को रोकना इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए 84 कोसी परिक्रमा पर पड़ने वाले सभी पड़ाव पर एक दिवसीय संकल्प यज्ञ करवाया गया तथा सीमा रक्षक चौकिया भी बनाई गई। दिल्ली के तत्कालीन सांसद बैकुण्ठ लाल शर्मा प्रेमजी ने एक कार्यक्रम में ललकारते हुए कहा था कि आक्रमणकारी ही हिंदू राष्ट्र की सभी समस्याओं की जड़ रहे हैं।

### अब विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे

छात्रसंघ की राजनीति के साथ मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका के बाद अब और डॉ. मृदुल विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। विज्ञान भारती अवध प्रान्त के पूर्व सचिव, विज्ञान भारती एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (विभा वाणी) के प्रदेश चीफ कोऑर्डिनेटर रहे और अब जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को सरल हिंदी भाषा में विज्ञान को समझाने की कवायद में जुटे हैं। युवा वैज्ञानिक समेत कई पुरस्कार हासिल सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ मे वैज्ञानिक के पद पर तैनात डॉ. शुक्ल ने पेड़ पौधों द्वारा गंगा नदी प्रदूषण का प्रबंधन पुस्तक लिखी है।

## देश व धर्म के लिए मर मिटने को तैयार को तैयार रहती है सिख कौम, खालसा पंथ की स्थापना मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बना

# गुरु गोविंद सिंह शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिताः योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा नाका हिंडोला द्वारा डीएवी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक दिव्य महापुरुष थे। इस धरा पर एक निश्चित प्रयोजन से उनका आगमन हुआ।

उन्होंने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना मुग़ल साम्राज्य के पतन का कारण बना। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता थे। गुरु तेग बहादुर ने सत्य और न्याय की स्थापना के लिए शहादत की जो श्रंखला शुरू की थी उसको गुरु गोविंद सिंह ने आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फ़तेह सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने देश और धर्म के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने जो बलिदान दिया वह आज भी हम सबके लिए प्रेरक है।

उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा उदाहरण बड़ी मुश्किल से मिलता है जिसमें कई पीढ़ियां देश और धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आवास में साहिबजादों का बलिदान दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2022 से राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सिख जहां भी रहता है वहां अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से सेवा करता है। देश और धर्म के लिए मर मिटने को तैयार रहता है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर खालसा इंटर कालेज के छह विद्यार्थियों को नेशनल गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परमिंदर सिंह, सतपाल सिंह मीत ने अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और सिरोपा देकर सम्मानित किया।



लखनऊ के डीएवी डिग्री कालेज मैदान में गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित करते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### संपत्ति की नीलामी करने से पहले ऋणी को नोटिस जारी करना आवश्यकः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बैंक द्वारा ऋण वसूली मामले में कहा कि लोन वसूली में संपत्ति की नीलामी से पहले ऋणी को भुगतान करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। नीलामी की पूर्व सूचना दिया जाना अनिवार्य है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिज़वी की खंडपीठ ने प्रयागराज की शार्प इंडस्ट्रीज की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया है। दरअसल बैंक ऑफ महाराष्ट्र से लिए गए ऋण के भुगतान में याची ने चूक कर दी, जिस पर सरफेसी एक्ट की धारा 13 (2) के तहत संपत्ति की नीलामी के लिए याची को दो नोटिस जारी की गई। इसके खिलाफ याची द्वारा दाखिल अर्जी पर सक्षम न्यायाधिकरण ने नीलामी की कार्यवाही को रद्द कर दिया। न्यायाधिकरण के इस आदेश को बैंक द्वारा चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने न्यायाधिकरण के आदेश को सही नहीं माना और रद्द करते हुए कहा कि याची को नीलामी की सूचना पहले से ही थी। याची ने एकलपीठ के आदेश को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी और कोर्ट को बताया कि उसका पता बदल गया था। उसने प्रतिवादी बैंक को इसकी सूचना ई-मेल से भेज दी थी। इसके बावजूद बैंक द्वारा उसके पुराने पते पर ही नोटिस जारी की गई। फलस्वरूप उसे संपत्ति की नीलामी की सूचना नहीं मिल सकी। अत: कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए याची को ऋण राशि के भुगतान के लिए एक महीने का समय दिया।

### पश्चिम उप्र में रालोद ने प्रभारी नियुक्त किये

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल( रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने 2024 लोकसभा के चुनाव अभियान के लिए पश्चिमी उप्र. में प्रभारी और संयोजक नियुक्त कर दिये हैं। रालोद कार्यालय द्वारा पश्चिमी उप्र. में हस्तिनापुर, ब्रज और रुहेलखण्ड क्षेत्र के लिए प्रभारियों और संयोजकों की सूची बुधवार को जारी की गई है।रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि हस्तिनापुर क्षेत्र में कुं. नरेन्द्र सिंह (मथुरा) को प्रभारी व पूर्व विधायक वीरपाल राठी को संयोजक तथा विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को ब्रज क्षेत्र का प्रभारी व रामरस पाल पूनिया को संयोजक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त रुहेलखण्ड क्षेत्र में अय्यूब अली एडवोकेट को प्रभारी व सचिन चौधरी को संयोजक नियुक्त किया है।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन पटाखे जलाने पर रोक की मांग

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल करते हुए, अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के दिन पटाखे जलाने व बिक्री करने पर रोक की मांग की गई है। स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल उक्त याचिका शुक्रवार को न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गई है। याचिका में पटाखे की दुकानों को लाइसेंस दिए जाने संबंधी आदेशों को भी खारिज किए जाने की मांग की गई है। कहा गया है कि लखनऊ शहर के कुछ इलाकों में दिल्ली से भी ज्यादा प्रदूषण है, ऐसे में पटाखे जलाने से स्थिति और भी खराब होगी।

### 75 प्रतिशत ग्रामीणों तक पहुंचा नल से जल

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में ग्रामीणों को शुद्ध पानी मुहैया कराने में जल जीवन मिशन ने लंबी छलांग लगाई है। राज्य के 75 प्रतिशत ग्रामीणों तक नल से शुद्ध जल की आपूर्ति से जोड़ दिया गया है। बुधवार को भारत सरकार की रेटिंग में उप्र 75 प्रतिशत नल कनेक्शन देने वाले राज्यों की सूची में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि को हासिल करने पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने भी बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों की तरफ से जल जीवन मिशन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स पर जल्द से जल्द बाकी गांवों को नल कनेक्शन से जोड़ने का आह्वान किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसे उप्र. की बड़ी उपलब्धि बताते हुए बधाई दी है।

# पुलिस भर्तीः आवेदन में हुई त्रुटियां अब 20 तक हो सकेंगी संशोधित

## ईमेल, पत्र या अन्य माध्यम से संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को लेकर हो हुए आवेदन की त्रुटि में सुधार और शुल्क समायोजन की तारीख बढ़ गई है।

बोर्ड की ओर कहा गया है कि किसी अभ्यर्थी के आवेदन में अगर कोई त्रुटि हो गई है तो उसे दुरूस्त करने और शुल्क समोजन के लिए 17 से 20 जनवरी तक मौका दिया जाएगा। साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने अभी तक अपने अभिलेख डिजीलॉकर माध्यम से अपलोड नही किया है, वह भी इस तारीख तक कर सकते हैं। पहले इसके लिए 17 और 18 जनवरी की तारीख निर्धारित थी। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा है कि उन त्रुटियों को ऑनलाइन ही दुरुस्त किया जा सकेगा। यह कार्य खुद अभ्यर्थी को ही करना होगा। ईमेल, पत्र या अन्य किसी माध्यम से संशोधन को बोर्ड स्वीकार्य नहीं करेगा।




सिपाही के बहुतीक्षित 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 23 दिसम्बर को नोटिफिशन जारी किया गया था। इसके तहत 24,102 पद सामान्य वर्ग के लिए, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए 6,024, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 16,264, अनुसूचित जाति के लिए 12,650 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 1,204 पद आरक्षित है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

▸▸ वेबसाइट पर ही ऑनलाइन खुद करना होगा संशोधित

27 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा किए जाने की तारीख तय की गई। अंतिम तिथि 16 जनवरी 2024 तथा शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन के लिए 17-18 जनवरी अंतिम तिथि घोषित की गई थी।

## संगम एक्सप्रेस के एसी कोच में जलाई अंगीठी, रोकी गई ट्रेन

**कानपुर, अमृत विचार :** दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मेरठ से प्रयागराज जा रही संगम एक्सप्रेस के एसी कोच में बुधवार सुबह झींझक स्टेशन से पहले धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर ट्रेन रोककर जांच की गई तो पता चला कि किसान यूनियन के कार्यकर्ता एसी एम-1 कोच में अंगीठी जलाए थे। उसी से धुआं उठने पर यात्रियों में आग का हल्ला मच गया था। कानपुर सेंट्रल पर जब खबर आई तो अफरा-तफरी मच गई। सेंट्रल पर जीआरपी और आरपीएफ ने पूरी ट्रेन खंगाली लेकिन न अंगीठी में आग तापने वाले किसान नेता मिले और न ही अंगीठी। बताया गया कि संगम एक्सप्रेस से प्रयागराज में होने वाली किसान रैली में भाग लेने के लिए किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बेटे चौधरी गौरव टिकैत और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल आर्य करीब पांच सौ कार्यकर्ताओं के साथ सफर कर रहे थे।

# 81 पदों को हुए साक्षात्कार में सिर्फ 51 एमबीबीएस डॉक्टर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के 81 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीएमओ ऑफिस में बुधवार को आयोजित हुए वॉक इन इंटरव्यू में महज 51 एमबीबीएस डॉक्टर पहुंचे। करीब दो सप्ताह में परिणाम जारी होने की उम्मीद है। वहीं, शेष पदों के लिए जल्द ही दोबारा से साक्षात्कार आयोजित कराए जाएंगे।

शहर में सीएमओ के अधीन 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन होना है। अभी करीब 75 ही केंद्र चल रहे हैं। जहां पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर माह में 33 नए केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग ने नए केंद्र शुरू करने के लिए डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया शुरू कराई है। इसमें 81 नए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें 41 डॉक्टर सीएमओ के अधीन तैनात होंगे। जबकि बाकी बचे डॉक्टर बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, ठाकुरगंज, बीआरडी महानगर समेत अन्य अस्पतालों में भेजे जाएंगे। बुधवार को अवकाश होने के बाद भी सीएमओ आफिस में वॉक इन इंटरव्यू हुए। इसमें 51 एमबीबीएस डॉक्टर इंटरव्यू देने पहुंचे। करीब 30 पद खाली रह गए हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया खाली पड़े पदों पर जल्द ही नए सिरे से चयन प्रक्रिया होगी।



▸▸ सीएमओ ऑफिस में आयोजित कराया गया वॉक इन इंटरव्यू

# केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की कार लेकर भागने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** बंथरा इलाके में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार बिना अनुमति ले जाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। कार में सवार सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ड्राइवर ने केंद्रीय मंत्री जो अंदर मौजूद नहीं थीं, को अगवा करने की मंशा से आरोपी द्वारा कार चालू कर ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



कानपुर देहात के मूसानगर निवासी चेतराम केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार के ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अमौसी एयरपोर्ट आ रहीं थीं। निजी कार से उन्हें एयरपोर्ट रिसीव करने जाना था। सुरक्षा कर्मी के संग तड़के वह घर से लखनऊ के लिए निकले थे। सुबह करीब 5:30 बजे सुरक्षा कर्मियों के संग बंथरा पहुंचे थे। कड़ाके की सर्दी व कोहरा अधिक होने से न्यू प्रधान ढाबा पर गाड़ी खड़ी कर चाय पीने लगे। जबकि सुरक्षा कर्मी व अन्य स्टाफ अंदर ही बैठा था। चेतराम गाड़ी से चाबी निकालना भूल गए थे। अचानक एक युवक ने कार स्टार्ट कर भगाने का प्रयास किया। जिसे अंदर बैठे सुरक्षाकर्मी ने दबोच लिया। इस पर आरोपी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना की सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। चेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में केंद्रीय मंत्री को अगवा करने की मंशा से आरोपी द्वारा घटना अंजाम देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपक निवासी मथुरा के रूप में हुई। वह लखनऊ में ही किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसने भूलवश कार में बैठने की बात कही। आरोपी के खिलाफ धारा 447, 504 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## राम नाम वाले लोगों को टिकट पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी

**गोरखपुर, एजेंसी :** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को मंदिर में राम लला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की जोरदार तैयारी के बीच गोरखपुर स्थित चिड़ियाघर के प्रशासन ने एक अनूठी पेशकश की है। गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान के प्रशासन ने ऐलान किया है कि आगामी 21 जनवरी को चिड़ियाघर आने वाले जिन लोगों के नाम में 'राम' शामिल होगा, उन्हें टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उन्हें अपना आधिकारिक पहचान पत्र दिखाना होगा। शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) के निदेशक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि यह सुविधा केवल एक दिन के लिए 21 जनवरी को ही उपलब्ध होगी। चिड़ियाघर में सोमवार को साप्ताहिक अवकाश होता है। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को देखते हुए शुक्ला ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने की सुविधा चिड़ियाघर के प्रवेश द्वार पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में न्यायमित्र नियुक्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष ने दिनांक 16.01.2024 को पारित सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही जारी रहेगी। हालांकि सुनवाई की अगली तारीख तक आयोग का निष्पादन नहीं किया जाएगा।

हाईकोर्ट के समक्ष मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को समेकित कर दिया गया है और भगवान श्री कृष्ण विराजमान कटरा केशव देव को मूल वाद बनाया गया है। संबंधित मुकदमों से जुड़े कई आवेदन विचार के लिए लंबित हैं, जिस कारण कोर्ट ने न्यायालय की सहायता के लिए न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) की आवश्यकता महसूस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को न्यायमित्र के रूप में नियुक्त किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने दिया। वर्तमान सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता आशुतोष पांडेय ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान कार्यवाही में हिस्सा न लेने के लिए उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सबूत के तौर पर उन्होंने एक पेन ड्राइव भी संलग्न किया, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश देने की मांग की है।

इस पर कोर्ट ने उन्हें अपनी शिकायत के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश XXVI नियम 9 और 10 के तहत रेवेन्यू सर्वे के लिए एक अर्जी दाखिल की है। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से पुनर्विचार अर्जी दाखिल कर विवाद से जुड़े मामलों की एक साथ सुनवाई करने के आदेश पर आपत्ति उठाते हुए पुनर्विचार करने की मांग की गई है। कोर्ट द्वारा अर्जियों पर पक्षकारों को आपत्ति दाखिल करने का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे सुनिश्चित की गई है।

## वर्ग पहेली-316

**बाएं से दाएं**

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल, मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक, पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन, प्रचलित मुद्रा, सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियां या बंद लगे होते थे 2. अंगिया, चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस, असुर, दानव।
4. 1. आंख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आंखें चौंधिया जाती हैं और कभी अंधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा, लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना, बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।




### वर्ग पहेली - 315 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 जु | आ | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

## सुडोकू -33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 7 | 5 | | | 4 |
| | | | 1 | | | 8 | | |
| 9 | | | 3 | 8 | | 5 | | 6 |
| | | 6 | | 2 | | | 3 | |
| | 4 | | 8 | | 1 | | 7 | |
| | 5 | | | 9 | | 1 | | |
| 6 | | 1 | | 5 | 8 | | | 9 |
| | | 7 | | | 4 | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 2 | | |

### सुडोकू - 32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-अष्टमी 20.44 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.30-11.13, 14.46-15.29 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 19 जनवरी 02.58 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपका नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रदर्शन से आप नाखुश रहेंगे। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। यदि किसी इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ने की संभावना बन रही है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

**कर्क** — आज आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें। अति आत्मविश्वास के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं, लेकिन आप चतुराई से आप अपना काम निकाल लेंगे। कानूनी विवादों के उलझने की संभावना बन रही है। छात्रों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट दोबारा शुरू हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सभी के सामने शेयर न करें। कारोबार को लेकर आपको बड़े बदलाव करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

**धनु** — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर मामले अटकने की संभावना है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज व्यवसाय में लाभ तो होगा,लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिये। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वंदी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। सीनियर्स से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जमाना दीवाना — सुबह : 11.00
मेला — रात : 07.00

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 11.06
जर्नी 2 — रात : 09.00

SONY MAX
क्रिश 3 — सुबह : 10.32
साला खड़ूस — रात : 09.06

ZEE CINEMA
प्रोवोक्ड — सुबह : 10.30
वेलकम बैक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
भागम भाग — सुबह : 10.00
द रिटर्न ऑफ रेबल — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई-नई शादी हुई थी। तब मैं खाना बनाकर लाती थी तो तुम खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- तो अब ऐसा क्यों नहीं करते हो?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

पत्नी- पूजा किया कीजिए
पति- क्यों ?
पत्नी- बालाएं टल जाती हैं।
पति- तुम्हारे पिता ने तो खूब की होगी तभी तो उनकी टल गई और मेरे पल्ले आ पड़ गई।

# प्रज्ञानंदा ने विश्व चैंपियन लीरेन को हराया

## आनंद को पीछे छोड़कर बने नंबर एक, विश्व चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय

**नीदरलैंड, एजेंसी**

भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञानंदा ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हरा दिया है, जिससे वह विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए है। मंगलवार रात दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञानंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। प्रज्ञानंदा ने



काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया।

### प्रज्ञानंदा पिछले साल भी हरा चुके हैं लीरेन को

प्रज्ञानंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। प्रज्ञानंदा ने मैच के बाद कहा कि यह बहुत अच्छा एहसास है। वह शुरू से ही उस पर दबाव बना रहे थे। उन्होंने शुरू में ही एक प्यादा हासिल किया और बिना किसी जोखिम के आगे बढ़ते रहे जो काले मोहरों से खेलने का फायदा होता है। प्रज्ञानंदा ने कहा कि अभी उनका ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। यह बेहद कड़ा टूर्नामेंट है। अमूमन कोई भी टूर्नामेंट नौ दौर का होता है लेकिन यह टूर्नामेंट 13 दौर का है इसलिए यह एक और टूर्नामेंट में खेलने जैसा है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और देखते हैं कि आगे क्या होता है।

### मास्टर्स ग्रुप अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे

प्रज्ञानंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। यह युवा ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया। अलीरेजा फिरोजा के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। भारत के विदित गुजराती ने जॉर्डन वान फॉरीस्ट के साथ बाजी ड्रॉ कराई। गुजराती के चार दौर के बाद दो अंक हैं।

# आईसीसी की पहली महिला तटस्थ अंपायर बनीं रेडफर्न

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैंपियनशिप और टी-20 मैच के लिए एक तटस्थ अंपायर के फैसले के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। वह आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गई हैं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा कि तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी।



# फिन एलन ने टी-20 में जड़े 16 छक्के

**डुनेडिन, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए।

**पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 62 गेंदों में 137 रन की धमाकेदार पारी खेली, विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की**



# रोहित और रिंकू सिंह की तूफानी पारी, सुपर ओवर में जीता भारत

## 212 रन का स्कोर बराबर होने पर दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 3-0 से जीती श्रृंखला

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गुलबदीन नईब के नाबाद 55 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान की 50-50 रनों की पारी रोहित शर्मा के शतक पर भारी रही। अफगानिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में 212 बनाकर रोमांचक मुकाबले को टाई करा दिया। सुपर ओवर में दोनों टीमों की ओर से एक-एक विकेट पर 16-16 रन बनाए गए और यह भी टाई रहा। इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में भारत ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीत ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने 4 शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 4 रन, विराट कोहली शून्य, शिवम दुबे एक रन और संजू सैमसन शून्य पर पवेलिय लौट गए। ऐसी परिस्थिति में कप्तान रोहित शर्मा ने न केवल रिंकू सिंह के साथ पारी को संभाला, बल्कि दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए तूफानी अंदाज में रिकार्ड 190 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 11 चौके और आठ छक्कों की मदद से 69 गेंदों में नाबाद 121 रन बनाए।

वहीं रिंकू सिंह ने दो चौके और छह छक्कों की मदद से 39 गेंदों में नाबाद 69 रनों की पारी खेली। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 212 का विशाल स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के फरीद अहमद ने 3 और अजमतउल्लाह उमरजई ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिय 93 रनों की साझेदारी की। गुरबाज ने 32 गेंदों में 50 रन बनाए। जदरान ने 41 गेंदों में 50 रन की पारी खेली। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। गुलबदीन नईब ने नाबाद 55 रन की पारी खेली और शराफउद्दीन अशरफ पांच रन बनाकर नाबाद रहे।



**121** रन रोहित शर्मा ने नाबाद बनाए 69 गेंदों पर

**190** रन की साझेदारी कप्तान ने की रिंकू सिंह के साथ

### जनत के एक ओवर में जड़े 36 रन

अफगानिस्तान के लिए 20वां ओवर डालने आए करीम जनत की रोहित और रिंकू सिंह ने जमकर पिटाई की। अंतिम ओवर में दोनों ने जनत की गेंदों पर 36 रन जड़े, इसमें पांच छक्के और एक चौका भी शामिल है।

# अक्षर और यशस्वी आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में

**दुबई, एजेंसी**

अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में अपने प्रदर्शन की बदौलत अक्षर पटेल बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने कॅरिअर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है, जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में पहले दो टी-20 मैच में 6 विकेट से जीत हासिल की, जिसमें पटेल ने 23 रन देकर दो और 16 रन देकर दो विकेट लिए। इससे वह ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में दो पायदान के उछाल से 5वें स्थान पर पहुंच गए। जायसवाल ने पहले टी-20 में 34 गेंद में 68 रन की पारी खेली थी, जिससे उन्हें सात पायदान का फायदा हुआ और वह भी अपने कॅरिअर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंकिंग पर पहुंच गए। वहीं शिवम दूबे लगातार 60 और 63 रन की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 265वें स्थान से उछलकर 58वें स्थान पर काबिज हो गए। शुभमन गिल सात पायदान के लाभ से 60वें स्थान, जबकि तिलक वर्मा तीन पायदान के फायदे से संयुक्त 61वें स्थान पर बने हुए हैं।





### अर्शदीप की रैंकिंग सुधरी

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चार पायदान के उछाल से 21वें स्थान पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जदरान (46) और मोहम्मद नबी (54) को बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के फिन एलन पाकिस्तान के खिलाफ 34 और 74 रन की पारियों से बल्लेबाजी रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंच गए। उनके साथी टिम साउदी गेंदबाजी सूची में आठ पायदान के लाभ से 18वें नंबर पर पहुंचे। पाकिस्तान के बाबर आजम को न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार अर्धशतकों से एक पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह चौथे स्थान पर काबिज हैं।



## खेल डायरी

### तदर्थ पैनल की चैंपियनशिप ही होगी मान्य

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का अधिकार केवल राष्ट्रीय महासंघ के पास होने के निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के दावे के एक दिन बाद तदर्थ पैनल ने कहा कि उसके द्वारा कराए जाने वाले टूर्नामेंट को ही वास्तविक माना जाएगा। तदर्थ पैनल ने यह भी स्पष्ट किया कि उसके द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता से ही पहलवानों को फायदा मिलेगा। डब्ल्यूएफआई ने चुनाव के बाद अपनी पहली कार्यकारी समिति की बैठक के बाद मंगलवार को घोषणा की थी कि वह 29 जनवरी से पुणे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराएगा। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि उसके संविधान के अनुसार केवल महासंघ के पास ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन का अधिकार है और तदर्थ पैनल के पास कोई अधिकार नहीं है। खेल मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट को मान्यता नहीं दी जाएगी।

### अवनी शीर्ष 10 में, वरुण ने कट में जगह बनाई

**मेलबर्न।** भारत की गोल्फर अवनी प्रशांत ने बुधवार को दूसरे दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। भारत की हिना कांग ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला और वह कट से चूक गई। पुरुष वर्ग में वरुण मुथप्पा कीजबोरो कोर्स में कुल पांच ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे। उन्होंने दूसरे दिन एक ओवर 73 का स्कोर किया। अवनी का दूसरे दिन का खेल उतार चढ़ाव भरा रहा, जिससे वह संयुक्त दसवें स्थान पर खिसक गई। वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की अमेलिया हैरिस और जापान की आइना फुजीमोटो से अभी पांच स्ट्रोक पीछे हैं।

### महान खिलाड़ी अरांत्जा धोखाधड़ी की दोषी

**बार्सिलोना (स्पेन)।** स्पेन की महान टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा सांचेज विकारियो और उनके पूर्व पति को धोखाधड़ी का दोषी पाया गया है। स्पेन की एक अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि अरांत्जा और उनके पूर्व पति ने कई मिलियन यूरो का कर्ज चुकाने से बचने के लिए अपनी संपत्ति छुपाई थी। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता अरांत्जा को दो साल जेल की सजा सुनाई गई लेकिन वह जेल जाने से बच गईं क्योंकि अदालत ने उन्हें पहली बार अपराध करने के लिए उनकी सजा माफ कर दी। उनके पूर्व पति जोसफ सांटाकाना को तीन साल और तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई। इन दोनों को 66 लाख यूरो (71 लाख डॉलर) का जुर्माना भी देना होगा।

### ब्रिसन फर्नांडिज के गोल से गोवा की दूसरी जीत

**भुवनेश्वर।** ब्रिसन फर्नांडिज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत एफसी गोवा ने बुधवार को सुपर कप के ग्रुप डी मैच में बेंगलुरु एफसी को 1-0 से शिकस्त देकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार से पिछले सत्र के फाइनल में पहुंची बेंगलुरु की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि गोवा दो मैच में छह अंक से तालिका में मजबूत स्थिति में है।

### इंग्लैंड ने पहले दिन 3 विकेट पर 382 रन बनाए

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड लायंस ने सलामी बल्लेबाज कीटोन जेनिंग्स की अगुवाई में बाजबॉल तरीके से खेलते हुए भारत 'ए' के गेंदबाजों के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन महज 82 ओवर में 3 विकेट पर 382 रन बना दिए। जेनिंग्स ने 188 गेंद में 20 चौके और दो छक्के की मदद से 154 रन जड़े और एलेक्स लीस 91 गेंद में 73 रन के साथ पहले विकेट के लिए 157 रन और फिर कप्तान जोश बोहानन (नाबाद 93 रन) के साथ 127 रन की भागीदारी निभाई। जेनिंग्स ने पांच साल पहले इंग्लैंड के लिए अंतिम टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने भारत के घरेलू गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी। नवदीप सैनी ने विकेट के दोनों ओर से रन गंवाए और नई गेंद के साथी गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा की मेहनत पर पानी भी फेर दिया। तीसरे तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे सबसे खर्चीले रहे। उन्होंने 14 ओवर में 79 रन लुटा दिए। स्पिनर सुथार ने 18 ओवर में 85 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर नारंग ने 21 ओवर में 97 रन लुटाए। इन दोनों स्पिनरों ने 182 रन लुटाए और वे एक भी मेडन ओवर नहीं डाल सके।

# सात्विक और चिराग जीते, अश्विनी-तनीषा हारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो को महिला युगल में शिकस्त झेलनी पड़ी।

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी को पहले दौर में फैंग चीह ली और फैंग जेन ली की चीनी ताइपे की दुनिया की 24वें नंबर की जोड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में 21-15, 19-21, 21-16 से हराने में काफी पसीना बहाना पड़ा। दूसरे दौर में भारतीय जोड़ी की भिड़ंत बेन लेन और सीन वैंडी की इंग्लैंड की जोड़ी तथा ल्यू चियांग याओ और यैंग पो हैन की चीनी ताइपे की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान किटिथराकुल और राविंडा प्राजोंजाई की थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में अश्विनी भट के और शिखा गौतम की भारतीय जोड़ी को किम सो यिओंग और कोंग ही योंग की कोरिया की तीसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 12-21, 3-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसके साथ ही महिला युगल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की जोड़ी को भी केन्या मित्सुहासी और हिरोकी ओकामुरा की जापान की जोड़ी ने सीधे गेम में 21-14, 21-11 से हराया।

**इंडिया ओपन**



# कोको तीसरे दौर में, जाबेउर और वोज्नियाकी बाहर

**मेलबर्न, एजेंसी**

कोको गॉफ ने पहले सेट में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी बुधवार को रूस की दो युवा खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गईं।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स से होगा, जिन्होंने 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। सुबह बारिश के कारण बाहरी कोर्ट पर होने वाले कई मैच समय पर शुरू नहीं हो पाए। केवल उन्हीं कोर्ट पर मैच शुरू हो पाए जिनमें छत है।

पुरुष वर्ग में मार्गरेट कोर्ट एरेना में खेले गए मैच में चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने जेस्पर डी जोंग को 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-0, 6-3 से पराजित किया। डी मिनौर का अगला मुकाबला इटली के क्वालीफायर फ्लेवियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5, 6-3, 5-7, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग से तीसरे दौर में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज भी शामिल हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**



# बॉलीवुड हलचल

## फिल्म दो और दो प्यार मार्च में होगी रिलीज

विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार 29 मार्च को रिलीज होगी। इसमें विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डीक्रूज और सेंथिल राममूर्ति नजर आएंगे। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो और दो प्यार को अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहा हैं।



### 79 साल के हुए शायर और गीतकार जावेद अख्तर



शायर और गीतकार जावेद अख्तर बुधवार को 79 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया जादू। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा से लिया गया है। बाद में जां निसार के यही पुत्र जादू जावेद अख्तर के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी, जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिंदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं।

## इंशाअल्लाह में सलमान की जगह शाहरुख खान की एंट्री

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली अपनी अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी से एक बार फिर लोगों के दिलों को जीतने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी यह वेब सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसी बीच वह अपनी एक पुरानी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। संजय लीला भंसाली और सलमान खान काफी समय से साथ में फिल्म इंशाअल्लाह को लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि फिल्म इंशाअल्लाह से सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है और उनकी जगह शाहरुख को फिल्म में लिया है। पहले इस फिल्म के साथ सलमान खान और आलिया भट्ट का नाम जोड़ा जा रहा है लेकिन इसी बीच स्टारकास्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग इसी साल से शुरू हो सकती है। इस फिल्म से सलमान खान का पत्ता कट गया है और शाहरुख खान की एंट्री हो सकती है। दरअसल काफी समय से संजय लीला भंसाली और सलमान खान के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आ रही थी। इन खबरों के बाद इंशाअल्लाह के मेकर्स फाइनल स्टार कास्ट को लेकर कब खुलासा करते हैं।



## सलमान के साथ फिल्म करने जा रहे अनुपम खेर

सलमान खान की साल 2023 में रिलीज हुई टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की थी लेकिन फिल्म वो धमाका नहीं कर पाई जिसका फैंस को इंतजार था। टाइगर 3 के बाद से सलमान खान के फैंस उनकी अगली फिल्म का इंतजार में हैं। सलमान खान का नाम कई फिल्मों से जुड़ रहा है। इसी बीच सलमान खान की अनुपम खेर के साथ फोटो सामने आई है। इस फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है। फैंस सलमान खान से उनकी अगली फिल्म को लेकर सवाल करते दिखे।

अनुपम खेर ने भी सलमान खान के साथ फोटो शेयर कर के सोशल मीडिया पर नई चर्चा शुरू कर दी है। सलमान खान और अनुपम खेर की तस्वीर देखने के बाद लोगों उनकी अगली फिल्म को लेकर कयासबाजी लगा रहे हैं लेकिन अधिकारिक तौर पर सलमान खान और अनुपम खेर की जोड़ी वाली फिल्म को लेकर कोई खबर नहीं आई है। अनुपम खेर ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।



### ट्विंकल खन्ना ने लंदन से हासिल की मास्टर्स डिग्री

अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने लंदन की गोल्ड स्मिथ्स यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया है। ट्विंकल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटो शेयर किया हैं, जिसमें उन्होंने लिखा है कि और यह रहा ग्रेजुएशन डे। गोल्ड स्मिथ्स में मेरा पहला दिन ऐसा लगता है जैसे कल या कई साल पहले की बात हो। ट्विंकल के पति अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर उनके साथ ग्रेजुएशन डे की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि दो साल पहले जब आपने मुझसे कहा था कि आप फिर से पढ़ाई करना चाहती हैं तो मुझे आश्चर्य हुआ लेकिन जिस दिन आपको इतनी मेहनत करते और घर, कॅरिअर, अपने और बच्चों के साथ-साथ एक पूर्ण छात्र जीवन को मैनेज करते हुए देखा तो पता चला कि मैंने एक सुपर वुमन से शादी की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई

## ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया

अमृत विचार, नैनीताल

तारे क्यों, कब और कैसे बनते हैं। नए अध्ययन में रोचक जानकारी सामने आई है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन से इसका खुलासा हुआ है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) सबसे बड़े और सबसे चमकीले आकाशगंगा का एक समूह हैं। खास बात यह है कि हम आकाशगंगाओं के इस समूह को देख सकते हैं।

वैज्ञानिकों की एक टीम ने दक्षिणी ध्रुव टेलीस्कोप (एसपीटी) से पहचान कर इन गैलेक्सिज का अध्ययन किया है। दरअसल ब्रह्मांड की आयु 3.5 से 10 अरब साल की मानी जाती है। बीसीजी ब्रह्मांडीय समय का एक अच्छा हिस्सा है। इस आकाशगंगा समूह में समय के साथ किसी तारे का निर्माण के बदलने के समय का आसानी से पता लगाया जा सकता है। युवा अवस्था में रही इन आकाशगंगाओ के चारों ओर प्रचुर मात्रा में गैस और धूल भरी हुई थी।


बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

वैज्ञानिकों के अध्ययन से पता चला कि अकाशगंगा इन समूहों के भीतर अरबों वर्षों में तारों के निर्माण की उल्लेखनीय रूप से समुचित जानकारी मिलती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक महत्वपूर्ण परिणाम सामने आया है, जो दर्शाता है कि किसी आकाशगंगा के भीतर कितनी गैस और धूल है, या क्या यह पर्याप्त ठंडे तापमान पर है, इसका पता लगाने के बजाय, हमें केवल आकाशगंगा की एन्ट्रापी को मापने की आवश्यकता है। जब वह एन्ट्रॉपी बिल्कुल सही होगी, तो नए सितारे चमकेंगे।

### तारों के निर्माण की संपूर्ण जानकारी जरूरी

नैनीताल। इस शोध में शामिल नासा समेत कई वैज्ञानिकों का कहना है कि तारों की दुनिया का संसार रहस्यमय है। जिनका रहस्य समझने के लिए तारों की उत्पत्ति व निर्माण की संपूर्ण जानकारी बेहद जरूरी है। लिहाजा तारों के बारे में विस्तार से जानकारी बेहद जरूरी है।

## हूतियों को वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा सूची बनेगी

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन जल्द ही यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा नामित करने के कदम की घोषणा करेगा। व्हाइट हाउस के निर्णय से परिचित दो लोगों और एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर दर्जनों हमले किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। विद्रोहियों के अनुसार, उन्होंने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियानों के जवाब में जहाजों को निशाना बनाया। अधिकारी ने घोषणा से पहले अपना नाम गुप्त रखने का अनुरोध किया।

# भारत सफलता की असाधारण गाथा : ब्लिंकन

दावोस, एजेंसी

» डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- बाइडन-मोदी के रिश्ते बेहतरीन

भारत को सफलता की असाधारण गाथा बताते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां एवं कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत लाभप्रद रहे हैं।विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक, 2024 में यहां उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन एवं प्रधानमंत्री मोदी के बीच बेहतरीन रिश्ते हैं तथा उनकी बातचीत में भारत-अमेरिका संबंध समेत सभी पहलू शामिल होते हैं।

दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की सराहना करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत निरंतर संवाद में लगे रहते हैं तथा उसमें लोकतंत्र एवं मौलिक अधिकारों समेत सभी पहलू शामिल रहते हैं।



उन्होंने कहा, सदैव हमारे बीच जो वास्तविक वार्ता होती रही है, यह उसी का हिस्सा है। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मोदी के शासन में भारत के तीव्र आर्थिक विकास एवं बुनियादी ढांचा विनिर्माण के बाद भी क्या हिंदू राष्ट्रवाद का उभार देश के लिए चिंताजनक है।

### तेलंगाना सरकार ने किए अडानी समूह संग 36,500 करोड़ के समझौते

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में 36,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ अडाणी समूह और जेएसडब्ल्यू जैसे उद्योगपतियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार के बयान के अनुसार, अडाणी समूह ने राज्य में सीमेंट मिश्रण इकाई अडाणी एयरोस्पेस और डिफेंस पार्क में पंप भंडारण आधारित पनबिजली परियोजना, डेटा सेंटर, ड्रोन प्रतिरोधी तंत्र और मिसाइल विकास और विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए 12,400 करोड़ के निवेश की घोषणा की है।

## एक नजर

### श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे किए गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उसकी समुद्री सीमा में मछली पकड़ने पर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। भारतीय मछुआरों को श्रीलंका की जलसीमा में मछली पकड़ने की वजह से गिरफ्तार करने की यह तीसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर पूर्व में मन्नार तट से सटे समुद्री क्षेत्र में मंगलवार को इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली गई हैं।

### पाकिस्तानी जत्थे ने दरगाह शरीफ में पेश की चादर

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के मौके पर पाकिस्तान से आए जायरीनों के जत्थे ने जुलूस के रूप गुरुवार को दरगाह शरीफ पहुंच कर गरीब नवाज की बारगाह में चादर पेश की एवं दोनों मुल्कों की बेहतरी तथा अच्छे सम्बंधों के लिये दुआ की। पाकिस्तानी हुकूमत की केसरिया-हरे रंग की मखमली सुनहरे काम की चादर लेकर पाकिस्तानी जत्था अपने समूह नेता परवेज इकबाल की अगुवाई में पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से चादरों के जुलूस के रूप में रवाना हुआ। इस जुलूस में हुकूमत की चादर के साथ कई निजी चादरे भी रहीं।

### थाइलैंड : पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 23 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में बुधवार को हुए धमाकों में कम 23 लोगों की मौत हो गई है। बचाव कर्मियों ने यह जानकारी दी। सुमेरकुन सुफान बरी रेस्क्यू फाउंडेशन के क्रिट्सादा मैनी ने बताया कि बचाव कर्मी मृतकों की सटीक संख्या की पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अनुमान है कि 15 से 17 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय बचावकर्मियों द्वारा ऑनलाइन जारी तस्वीरों में दिख रहा है कि फैक्टरी ध्वस्त हो गई है।

### कोकीन के साथ नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार, केस दर्ज

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 66 वर्षीय नाइजीरियाई महिला से लगभग 6.4 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुलिंज पुलिस ने आरोपी केहिंदे बोलाजी बेलो के मीरा-भयंदर इलाके के प्रगति नगर स्थित मकान में छापा मारा। तुलिंज थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शैलेंद्र नगरकर ने बताया कि पुलिस ने बेलो के पास से 56.2 ग्राम मादक पदार्थ एमडी और 7.5 ग्राम कोकीन जब्त की जिसकी कीमत करीब 6.4 लाख रुपये है। महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# इमरान के वकील ने कदाचार के मामले में भारतीय कोर्ट के फैसले की दी दलील

## पाक के पूर्व प्रधानमंत्री के दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के मामले की सुनवाई

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए खान के नामांकन पत्रों को खारिज किए जाने के खिलाफ सुनवाई में भारत की अदालत के एक फैसले का उल्लेख किया। वकील ने अदालत को बताया कि भारतीय अदालत नैतिक आचरण में कदाचार के मामलों को कब वित्तीय भ्रष्टाचार के रूप में वर्णित करती है।

डॉन अखबार की खबर के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील उजैर भंडारी ने यह तुलना तब की जब लाहौर उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने मंगलवार को खान के नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई की। खबर में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कई मामलों का सामना कर रहे खान (71) जेल में बंद हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पंजाब प्रांत के लाहौर (एनए-122) और मियांवाली (एनए-89) निर्वाचन क्षेत्रों से खान के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया था।


बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

डॉन के मुताबिक भंडारी ने तर्क दिया कि नैतिक कदाचार के आरोप में दोषसिद्धि अयोग्यता की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की सजा को भ्रष्टाचार या अवैध संपत्ति जमा करने के लिए सजा के बराबर नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि भारत की एक अदालत ने वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े अपराध की तुलना में नैतिक कदाचार के अपराध को निचले स्तर पर सूचीबद्ध किया है।

पीठ ने हालांकि कहा कि पाकिस्तान में नैतिकता के मानक अन्य क्षेत्रों से अलग हैं। भंडारी ने दलील दी कि निर्वाचन अधिकारी के पास नैतिक कदाचार की सजा के आधार पर आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं था। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय पहले ही याचिकाकर्ता की सजा निलंबित कर चुका है। निर्वाचन आयोग के एक वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि अब भी लागू है और उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा बरी नहीं किया गया था।

### इसलिए खारिज हुए इमरान के नामांकन

निर्वाचन आयोग ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के आधार पर इमरान खान के नामांकन पत्र को खारिज कर दिया था। एनए-122 से उनका नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि प्रस्तावक निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है। तोशाखाना मामले में खान पर नियमों का उल्लंघन करके राष्ट्रीय खजाने से महंगे वाहन लेने का आरोप है। विदेशी नेताओं द्वारा पाकिस्तानी शीर्ष नेताओं को उनकी यात्राओं के दौरान दिए गए सभी उपहार तोशाखाने में रखे जाते हैं।

# पाकिस्तान ने हवाई हमलों के बाद ईरान के साथ राजनयिक संबंध निलंबित किए

इस्लामाबाद, एजेंसी

» पाक विदेश मंत्रालय ने लगाया देश की संप्रभुता के उल्लंघन का आरोप, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

ईरान द्वारा पाकिस्तान के अंदर एक आतंकवादी समूह के दो प्रमुख ठिकानों पर हवाई हमला किए जाने के बाद पाकिस्तान ने इसे अवैध कार्रवाई बताया और नाराजगी भरी प्रतिक्रिया देते हुए फारसी राष्ट्र के साथ सभी राजनयिक संबंधों को निलंबित करने की घोषणा की। साथ ही गंभीर परिणाम की चेतावनी दी।

ईरानी मीडिया ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के दो महत्वपूर्ण ठिकानों को मंगलवार रात मिसाइल और ड्रोन से नष्ट कर दिया गया। ईरान के प्रेस टीवी प्रसारक ने बताया कि ये हमले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए थे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने इन हमलों के तुरंत बाद एक बयान जारी किया, जिसमें ईरान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उल्लंघनकी निंदा की गई और कहा गया कि हमले में दो बच्चे मारे गए और तीन लड़कियां घायल हो गईं।

एफओ ने बुधवार को एक और बयान जारी कर कहा कि इस्लामाबाद देश की संप्रभुता के उल्लंघन के बाद तेहरान के साथ सभी उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान को निलंबित कर देगा और घोषणा की कि पाकिस्तान में ईरानी दूत, जो वर्तमान में ईरान गए हुए को देश में वापस आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पाकिस्तान ने हमले की निंदा करते हुए इसे पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का अकारण उल्लंघन बताया और तेहरान को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

एफओ प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा, यह अवैध कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका कोई औचित्य नहीं है। पाकिस्तान इस अवैध कृत्य पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार रखता है और परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी। प्रवक्ता ने कहा, हमने ईरान सरकार को यह संदेश दे दिया है। हमने उन्हें यह भी सूचित किया है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में ईरान का दौरा कर रहे हैं, फिलहाल वापस नहीं आ सकते हैं।

### आतंकी संगठन के पाकिस्तान में ठिकाने : तेहरान

पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार जैश-अल-अदल 2012 में स्थापित एक आतंकवादी समूह है और ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत से काम कर रहा है। तेहरान का आरोप है कि इस समूह के पास सीमा पार पाकिस्तान में भी ठिकाने हैं। अपनी स्थापना के बाद से समूह ने ईरान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी ली है। दिलचस्प बात यह है कि मिसाइल और ड्रोन हमले उस दिन शुरू किए गए थे, जिस दिन पाकिस्तान के प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के मौके पर ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

# जल्लीकट्टू में दो दर्शकों की मौत, 150 घायल

शिवगंगा (तमिलनाडु), एजेंसी

तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किए जाने वाले जल्लिकट्टू और मंजूविरट्टू (बैल दौड़) कार्यक्रमों में सांड़ों की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय लड़के सहित दो दर्शकों की मौत हो गई जबकि दर्शकों तथा सांडों को काबू करने वालों सहित 150 से अधिक लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शिवगंगा के मंजुविरट्टू अखाड़े में आए सांडों में से एक ने लड़के की जान ले ली जिसकी पहचान के वलायपट्टी गांव के रहने वाले भास्करन (12) उर्फ राहुल के रूप में हुई है। एक अन्य व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है जिसकी पहचान अभी तक कायम नहीं की जा सकी है, उसकी मृत्यु उस समय हो गई जब वह वह कार्यक्रम देख रहा था और एक क्रूर बैल ने उसे मार डाला। मामूली रूप से घायल लोगों का इलाज विशेष चिकित्सा टीमों द्वारा किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मदुरै के अलंगनल्लूर में जल्लीकट्टू कार्यक्रम में बैल को नियंत्रित करने की कोशिश करता एक व्यक्ति।

गौरतलब है कि पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में हर साल सिरावायल में मंजुविरट्टू का आयोजन किया जा रहा था। इसके लिए 80 सांड़ों को काबू करने वालों और 275 सांडों को पंजीकृत किया गया था लेकिन कई अपंजीकृत सांड़ों को भी मैदान में उतारा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए गांव में 50,000 से अधिक दर्शक एकत्र हुए। इससे पहले, तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। नचियारपुरम पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी...


नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की एक महिला टुकड़ी ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरा। ● एजेंसी

### मणिपुर में हथियार लूट मामले में सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मई 2023 में मणिपुर पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के मामले में बुधवार को पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष दायर किया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला चार मई, 2023 को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) पांगेई परिसर में भीड़ के हमले और पूर्वोत्तर राज्य में एक जातीय संघर्ष के दौरान शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद लूटे जाने से जुड़ा है।

### इराक ने की संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिसाइल हमले को लेकर शिकायत

**बगदाद।** इराकी विदेश मंत्रालय ने कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल पर मिसाइल हमले के बाद बुधवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में इराक के स्थायी मिशन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष दोनों को दो समान पत्रों में शिकायत दर्ज की है। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इरबिल पर ईरानी मिसाइल हमले की आक्रामक कार्रवाई के रूप में मंगलवार को निंदा की, जो मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर देगा। सुरक्षा परिषद ने सोमवार को कहा कि इरबिल में ईरानी मिसाइल हमले में चार लोग मारे गए।

# नशीले पदार्थों और कलाश्निकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

» पड़ोसी देश के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा ने कहा-खत्म होनी चाहिए यह संस्कृति

पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा ने बुधवार अफसोस जताते हुए कहा कि नशीले पदार्थों और कलाश्निकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने देश से कलाश्निकोव संस्कृति को खत्म करने पर जोर दिया। उच्चतम न्यायालय ने देश भर के कई अधिकारियों को नोटिस जारी कर प्रतिबंधित हथियारों के लिए जारी किए गए लाइसेंस के बारे में जानकारी भी मांगी है। देश के शीर्ष न्यायाधीश ने कहा, मादक पदार्थों और कलाश्निकोव ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। दुनिया भर में कहीं भी कोई काले शीशे वाली बड़ी कारों में कलाश्निकोव लेकर नहीं घूमता। सीजेपी इसा ने कहा कि उन्हें भी कलाश्निकोव का लाइसेंस लेने की पेशकश की गई थी। कलाश्निकोव का मतलब एके राइफल से है।

द न्यूज इंटरनेशनल ने एक सुनवाई के दौरान न्यायाधीश की टिप्पणी के हवाले से कहा, सीजेपी (पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश) इसा ने कहा कि उन्हें भी कलाश्निकोव का लाइसेंस लेने की पेशकश की गई है। प्रधान न्यायाधीश चोरी के आरोपी एक याचिकाकर्ता की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।



याचिकाकर्ता, काशिफ़ पर एक नागरिक के घर में डकैती के बाद चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। डकैती में हथियार भी चोरी हो गए थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विवरण मांगते हुए पूछा, पूरे देश में प्रतिबंधित हथियारों के कितने लाइसेंस जारी किए गए। सीजेपी ने इस बात पर अफसोस जताया कि पुलिस ने उस व्यक्ति से लाइसेंस नहीं मांगा जिसके हथियार चोरी हुए हैं।

# मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद जाऊंगा अयोध्या: पवार

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि वह मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद श्रीराम की पूजा करने के लिए अयोध्या जाएंगे। पवार ने 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को लिखे एक पत्र में कहा कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मिले निमंत्रण को लेकर आभारी हैं, लेकिन वह उस दिन इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे।



उन्होंने कहा, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम, आस्था और भक्ति के प्रतीक हैं। बड़ी संख्या में रामभक्त समारोह में शामिल होंगे और उनके जरिये आनंद मुझ तक भी पहुंचेगा। 22 जनवरी के बाद रामलला के दर्शन सुगम हो जाएंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद परिवार के साथ जाऊंगा राम मंदिर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि वह 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सपरिवार अयोध्या जायेंगे और वहां राममंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। दिल्ली सरकार की तीर्थाटन योजना के तहत यहां द्वारकाधीश के लिए रवाना हो रहे वृद्धों से मिलने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में केजरीवाल ने कहा मैं अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहता हूं।



## ईडी ने कुर्क की आतंकी मददगारों की पांच करोड़ की संपत्ति

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों के कुछ मददगारों की करीब पांच करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और बैंक खातों में जमा राशि कुर्क कर ली है। केंद्रीय एजेंसी के मुताबिक ये मददगार धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों और पथराव के लिए करते थे।

ईडी ने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत सात अचल संपत्ति और दो बैंक खातों में जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। कुर्क संपत्ति अलगाववादी संगठन साल्वेशन फ्रंट के प्रमुख मोहम्मद अकबर भट, फातिमा शाह, काजी यासिर, मोहम्मद अब्दुल्लाह और इकबाल मीर की है। धनशोधन का मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्राथमिकी और आरोप पत्र के आधार पर दर्ज किया है।

# तीन जापानी कंपनियों ने लाल सागर के रास्ते रोका जहाजों का परिवहन

टोक्यो, एजेंसी

जापानी शिपिंग कंपनियां निप्पॉन युसेन, मित्सुई ओएसके लाइन (एमओएल) और कावासाकी किसेन ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बीच सभी मालवाहक जहाजों के लिए लाल सागर के माध्यम से अपने परिवहन मार्गों को निलंबित कर दिया है। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि पहले केवल इजरायल से जुड़े जहाजों पर रोक अब सभी मालवाहक जहाजों पर विस्तारित कर दी गई है। कंपनियां दक्षिण अफ्रीका में केप ऑफ गुड होप के आसपास अपने जहाजों का मार्ग बदल रही हैं जिसका मतलब है अधिक कीमत पर लंबे मार्ग से शिपिंग।

नवंबर 2023 में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन यानी हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की चेतावनी दी है। तब से कई शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर और स्वेज नहर के माध्यम से अपने पारगमन को निलंबित करने की घोषणा की है।

### बेल्जियम ने संभावित व्यवधानों की दी चेतावनी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के तटीय शहर एंटवर्प स्थित यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह ने कहा है कि भविष्य में लाल सागर में संकट के कारण जहाज में देरी और बंदरगाह संचालन में व्यवधान संभव है। हालांकि ऐसा अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। बंदरगाह ने आरआईए नोवोस्ती को बताया, आज तक कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। जहाजरानी कंपनियां सात से 10 दिनों की देरी की रिपोर्ट कर रही हैं। कॉल की संख्या वही बनी हुई है।

समस्या | सांख्यिकी ब्यूरो ने बताया-देश की कुल जनसंख्या 1.4 अरब

# जनसंख्या वृद्धि पर चीन को मिली चुनौती

बीजिंग, एजेंसी

चीन में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद मृत्यु दर बढ़ने और जन्म दर कम होने के कारण 2023 में जनसंख्या 20 लाख कम हो गई। चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक साल-दर-साल 20.80 लाख से कम होकर 1.409 अरब रह गई है।

चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से बुधवार को यह जानकारी दी गई। ब्यूरो की विज्ञप्ति के अनुसार आधुनिक चीन गंभीर जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें लिंग असंतुलन और बढ़ती आबादी शामिल है, जो 1970 के दशक के अंत में शुरू की गई चीन की एक-परिवार-एक-बच्चा नीति द्वारा लाई गई थी। जिसके तहत शहरों में परिवारों को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी और गांवों में यदि पहला बच्चा लड़की हो तो दो।

ब्यूरो ने बताया कि 2013 में बीजिंग ने इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबंधों में ढील दी। उन जोड़ों को अनुमति दी, जहां परिवार में एकमात्र बच्चा है, उन्हें दूसरा बच्चा पैदा करने की अनुमति दी गई और संसोधन करते हुए 2016 में सभी जोड़ों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने की अनुमति दी गई।

### कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही मृत्यु दर

चीन में जन्म दर पिछले कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही है, 2016 में 1.77 करोड़, 2017 में 1.72 करोड़, 2018 में 1.52 करोड़, 2019 में 1.46 करोड़, 2020 में 1.2 करोड़, 2021 में 1.06 करोड़ और 2022 में 95.60 लाख दर्ज की गयी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने पहले कहा था कि चीन ने 2022 में रिकॉर्ड-कम संख्या में विवाह दर्ज किए, केवल 68.33 लाख जोड़ों ने अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया, जो 37 वर्षों में सबसे कम है।

